e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 11, अंक 187
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
बुधवार
10.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
कल के भरोसे मत बैठिए, क्या पता कल कोई न हो।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### मुठभेड़ में महिला नक्सली ढेर, हथियार व नक्सल सामग्री बरामद

**कांकेर :** जिले के थाना छोटेबेठिया अंतर्गत ग्राम बिनागुन्डा के जंगल में मंगलवार को हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक महिला नक्सली को ढेर कर दिया है। सर्चिंग के दौरान उसका शव, हथियार और नक्सल सामग्री बरामद की गई है।बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने ग्राम बिनागुन्डा के जंगल में हुई मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला नक्सली का शव बरामद हुआ है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिनागुंडा इलाके के जंगल में कांकेर डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और बीएसएफ की 30वीं-94वीं वाहिनी के जवान सर्चिंग पर निकले थे। इसी दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों ने डीआरजी जवानों पर फायरिंग कर दी। जबावी कार्रवाई में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग खड़े हुए। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल की तलाशी के दौरान महिला नक्सली का शव बरामद किया गया है।घटनास्थल से 303 राइफल, 315 बोर राइफल सहित बड़ी संख्या में दूसरे हथियार और नक्सल सामग्री बरामद की गयी है।

### डा. सौम्या स्वामीनाथन को बनाया गया राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के लिए मुख्य सलाहकार

**नई दिल्ली :** प्रोफेसर सौम्या स्वामीनाथन को राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के लिए सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।मंगलवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के प्रधान सलाहकार के रूप में, प्रो.सौम्या स्वामीनाथन कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समग्र रणनीति पर तकनीकी सलाह प्रदान करेंगी। इसके साथ नीति निर्देश और आवश्यक पाठ्यक्रम सुधार करने का सुझाव और अनुसंधान रणनीति पर सलाह भी देंगी।मंत्रालय ने बताया कि वे विश्व स्तर पर शीर्ष प्रतिभा वाले विशेषज्ञ समूहों के गठन में भी सहायता करेंगी। इसके अतिरिक्त, डॉ. सौम्या कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन करने में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राज्य के अधिकारियों और विकास भागीदारों का समर्थन करेगी।

### संघ की प्रांत प्रचारक बैठक में शामिल होने रांची पहुंचे मोहन भागवत

**रांची** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मंगलवार को झारखंड की राजधानी रांची पहुंचे। वह टाटीसिलिवे के महिलौंग स्थित सरला बिरला विश्वविद्यालय में 12 जुलाई से शुरू हो रही तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रांच प्रचारक बैठक में शामिल होंगे।डॉ. भागवत ट्रेन से रांची पहुंचे। इसके बाद यहां से सरला बिरला विवि में आयोजन स्थल पर पहुंचे। वे 17 जुलाई तक रांची प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान 12 से 14 जुलाई तक अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद की कई बैठकों में भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रांत प्रचारक बैठक हर साल मई-जून में संघ के प्रशिक्षण वर्गों के संपन्न होने के बाद आयोजित की जाती है।बैठक में संघ प्रमुख भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले समेत सभी प्रमुख पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहेंगे।

### प्रसिद्ध अर्थशास्त्री रमेश शरण का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया दुख

**रांची :** प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और झारखंड के विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ रमेश शरण का सोमवार देर रात कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके असामयिक निधन पर मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख व्यक्त किया है और इसे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया है कि मैं डॉ रमेश शरण के निधन से व्यक्तिगत रूप से काफी मर्माहत हूं। यह झारखंड के लिए बहुत बड़ी क्षति है। मैं मरांग बुरु से उनकी आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 27° |

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक**

# पीएम मोदी को मिला रूस का सर्वोच्च सम्मान

एजेंसी

**मॉस्को :** प्रधानमंत्री मोदी को रूस के सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू' से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी ने कहा, रूस के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होने पर मैं मित्र पुतिन का धन्यवाद अदा करता हूं। यह भारत और रूस की सदियों पुरानी गहरी मित्रता का सम्मान है। ये हमारी आपसी साझेदारियों का सम्मान है। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने युद्ध, आतंकवाद और शांति बहाली पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत शांति बहाली के लिए हर तरह से सहयोग करने को तैयार है। मोदी ने कहा कि विश्व समुदाय को आश्वस्त करता हूं कि भारत शांति के पक्ष में है। कल अपने मित्र पुतिन को शांति के बारे में बात करते सुना। इससे मुझे उम्मीद बंधी है। पीएम मोदी ने कहा कि शांति बहाल करना संभव है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि चाहे युद्ध-संघर्ष हो या आतंकी हमला,जब जान जाती है तो मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति दुखी होता है, लेकिन जब मासूम बच्चों की हत्या होती है... उन्हें मरते देखते हैं तो यह दिल दहला देने वाला होता है। यह दर्द बहुत बड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मुद्दे पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से चर्चा भी की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लगभग 10 वर्षों में हम 17 बार मिले हैं। पिछले 25 वर्षों में हमने लगभग 22 द्विपक्षीय बैठकें की हैं। यह हमारे संबंधों की गहराई को दर्शाता है। 40-50 वर्षों से भारत आतंकवाद का सामना कर रहा है। हम देख रहे हैं कि आतंकवाद कितना भयानक और घिनौना है। जब मॉस्को और दागिस्तान में आतंकवादी घटनाएं हुई तो मैं कल्पना कर सकता हूं कि इसका दर्द कितना गहरा होगा। मैं सभी प्रकार के आतंकवाद की कड़ी निंदा करता हूं।



### फर्जी तरीके से रूसी सेना में भर्ती कराए गए भारतीय होंगे रिहा

प्रधानमंत्री ने पुतिन के सामने रूस की सेना में भारतीयों के फंसे होने का मुद्दा उठाया। इस मामले में तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए रूस ने अपनी सेना में कार्यरत सभी भारतीयों को सेना से अलग करने का निर्णय ले लिया। जिसे भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है।बता दें कि पिछले कुछ महीनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें भारतीयों को अच्छी नौकरी या पढ़ाई का झांसा देकर रूस भेज दिया गया था और वे यूक्रेन के खिलाफ लड़ने लगे। युद्ध में अब तक कम से कम चार भारतीय नागरिक मारे जा चुके हैं। यही कारण है कि भारत सरकार ने ऐसी भर्ती पर तत्काल रोक लगाने और रूसी सेना में लड़ रहे भारतीयों की शीघ्र रिहाई का मुद्दा रूस के सामने उठाया।

### रूस में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने का एलान किया है। पीएम मोदी ने बताया कि रूस के कजान और येकातेरिनबर्ग में भारत को वाणिज्य दूतावास खोले जाएंगे। मॉस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने यह एलान किया। उन्होंने कहा कि मैं आपसे एक अच्छी खबर साझा करना चाहता हूं। हमने तय किया है कि हम कजान और येकातेरिनबर्ग में नए वाणिज्य दूतावास खोलेंगे। इससे दोनों देशों के बीच यात्रा करना और व्यापार में बढ़ोतरी होगी।

# नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाएं : हेमंत

**कांटाटोली फ्लाईओवर तथा सिरमटोली से मेकॉन चौक तक बनने वाले फ्लाईओवर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करें**

**स्मार्ट सिटी में ताज होटल एवं अपोलो अस्पताल का निर्माण प्राथमिकता**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया, रांची में निर्माणाधीन कांटाटोली फ्लाईओवर तथा सिरमटोली से मेकॉन चौक तक बनने वाले फ्लाईओवर निर्माण कार्य के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसी सभी नियुक्तियां जो प्रक्रियाधीन हैं, उन नियुक्ति प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में मानव संसाधन का अभाव होने से विभागीय कार्यक्षमता के साथ-साथ सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं-परियोजनाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है अतएव सभी नियुक्तियां निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सितम्बर माह 2024 के अंत तक राज्य सरकार के विभिन्न सरकारी विभागों में लगभग 30 हजार रिक्त पदों पर नियुक्ति किए जाने का लक्ष्य है, इन नियुक्तियों को हर हाल में पूरा करने की दिशा में हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है।

### 5 हजार पुलिस एवं 583 उत्पाद सिपाही की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बैठक में 5 हजार पुलिस तथा 583 उत्पाद सिपाही नियुक्ति प्रक्रियाओं में भी तेजी लाने का निर्देश दिया है। बैठक में मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि 583 उत्पाद सिपाही की दौड़ प्रक्रिया जुलाई माह 2024 के अंत तक तथा 5 हजार पुलिस बहाली की दौड़ प्रक्रिया 15 अगस्त 2024 तक पूरी कर ली जाएगी।




### फ्लाईओवर निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश

बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सिरमटोली से मेकॉन चौक तक बनाए जा रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करें। निर्माण कार्य में अगर कोई बाधा पहुंच रही है तो उसका जल्द समाधान निकालकर कार्य प्रगति में तेजी लाएं। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य भी जल्द पूरा करें, अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार से निर्माण कार्य में विलम्ब न हो यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्मार्ट सिटी रांची में ताज होटल तथा अपोलो अस्पताल का निर्माण किया जाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्मार्ट सिटी में ताज होटल निर्माण हेतु नगर विकास विभाग के अधिकारी ताज होटल प्रबंधन से समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्य योजना तैयार करें तथा अपोलो अस्पताल स्थापित किए जाने निमित्त सभी जरूरी प्रक्रिया जल्द पूरा करें।

**फील्ड लेवल पुलिस पदाधिकारी जनता दरबार अवश्य लगाएं:** बैठक में मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को रांची, जमशेदपुर तथा धनबाद शहर में पुलिसिंग व्यवस्थाओं में सुधार लाने तथा आधुनिक उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि फील्ड लेवल पुलिस पदाधिकारी अपने क्षेत्र में जनता दरबार का आयोजन अवश्य करें। पुलिस अधिकारी जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुने तथा समस्याओं का निदान भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्बन तथा रूरल क्षेत्रों में पुलिस अपनी सक्रियता बढ़ाए, जिससे अपराधियों के मन में भय उत्पन्न हो।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग सुनील कुमार, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार, नगर विकास सचिव अरवा राजकमल, एडीजी हेडक्वार्टर आरके मल्लिक, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद लाटकर, आईजी रांची अखिलेश झा, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सुप्रीम कोर्ट में होगी हाथरस भगदड़ मामले की सुनवाई



एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने हाथरस भगदड़ मामले की जांच की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की तारीख दे दी है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बताया कि उन्होंने सोमवार को याचिका को सूचिबद्ध करने के निर्देश दिए। बता दें कि उत्तर प्रदेश के हाथरस में दो जुलाई को भोले बाबा के सत्संग में भगड़द मच गई, जिसमें 121 लोगों की मौत हो गई। भगदड़ की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति की नियुक्ति की मांग की गई है।याचिका में उत्तर प्रदेश सरकार को दो जुलाई को घटना पर एक रिपोर्ट तैयार करने और अधिकारियों के खिलाफ लापरवाही के लिए कार्रवाई शुरू करने की मांग की गई है। बता दें कि 2.5 लाख से भी अधिक श्रद्धालु दो जुलाई को हाथरस जिले का फुलरई गांव में भोले बाबा के सत्संग में शामिल हुए थे।यूपी के हाथरस में दो जुलाई को भोले बाबा के सत्संग में भगड़द मच गई। इसमें अब तक 121 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। इस सत्संग में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा सहित कई राज्यों के लोग आए थे। भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वाहनों की संख्या तीन किलोमीटर तक फैली हुई थी। बताया जाता है कि बाबा के सत्संग समाप्ति की घोषणा के साथ ही बाबा की प्राइवेट आर्मी ने कार्यक्रम स्थल की सारी व्यवस्था को पूरी तरह से अपने कब्जे में ले लिया। लेकिन भीड़ को संभालने के लिए न ही बाबा की निजी आर्मी और न ही पुलिसकर्मी पर्याप्त थे।

## झारखंड में कमजोर पड़ा मानसून



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मानसून कमजोर पड़ रहा है। राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में मौसम साफ रहने की संभावना है। कहीं-कहीं गरज के साथ वज्रपात होने का अनुमान है। अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में मौसम साफ रहने से तापमान में दो से तीन डिग्री तक बढ़ोतरी भी हो सकती है लेकिन दस जुलाई के बाद मौसम का मिजाज बदल सकता है। रांची में बीते दो दिनों से बारिश नहीं हुई है। रांची के लोगों को कड़ी धूप ने खूब परेशान किया। यही हाल अन्य जिलों का भी रहा लेकिन कुछ जिलों में हल्की बारिश हुई। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि अधिकांश जिलों का मौसम साफ रहने की संभावना है। कुछ हिस्सों में गरज के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। मॉनसून ट्रफ राज्य में डालटनगंज से होकर पूर्वोत्तर बंगाल की खाड़ी तक कायम है लेकिन मानसून के कमजोर होने से राज्य में अच्छी बारिश होने की संभावना कम है। दस जुलाई के बाद मानसून के सक्रिय होने की संभावन है। पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 1.3 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़कर 31.7 डिग्री सेल्सियस हो गया है, जो सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक है। जमशेदपुर में 13 मिलीमीटर वर्षा होने के बाद उच्चतम तापमान 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड घटकर 33.6 डिग्री सेंटीग्रेड रह गया, जो सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक है। डालटेनगंज में बारिश नहीं हुई लेकिन अधिकतम तापमान में एक डिग्री की कमी आई है।

## केन्द्रीय विद्युत मंत्री ने रिम्स में पावरग्रिड द्वारा निर्मित विश्राम सदन का किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पावरग्रिड के निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत झारखंड के मशहूर अस्पताल रिम्स रांची में पावरग्रिड द्वारा बनाए गए ÷पावरग्रिड विश्राम सदन का उद्घाटन केंद्रीय विद्युत सह आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजय सेठ, माननीय रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार, बन्ना गुप्ता, स्वास्थ्य मंत्री, झारखंड सरकार एवं समरी लाल, स्थानीय विधायक (कांके), श्री आरके त्यागी , अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (पावरग्रिड), प्रो. डॉ. राज कुमार, निदेशक, रिम्स, रांची उपस्थित थे। इस अवसर पर मनोहर लाल ने पावरग्रिड के इस सामाजिक कार्य की सराहना की एवं कहा कि इस परियोजना से रांची क्षेत्र के सुदूर क्षेत्रों से आए मरीज़ों के परिजनों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने देश की मज़बूत विद्युत परिपेक्ष के विषय में बात की और भारत सरकार की अफ़ॉर्डबल पावर फ़ोर ऑल पहल की तारीफ़ की।लगभग 5034 वर्ग मीटर में बने पावरग्रिड विश्राम सदन की क्षमता 310 बिस्तरों की है एवं इसे लगभग रु.18 करोड़ की लागत से तैयार किया गया। इसमें रीसेप्शन, डाइनिंग हाल, कैफेटेरिया, किचन, सामूहिक कक्ष, हरेक (5) तलों पर वॉटर प्युरिफायर, बाथरूम्स जैसी सुविधायें उपलब्ध हैं। पावरग्रिड विश्राम सदन के सभी कमरे बेड, मैट्रेस एवं फर्नीचर आदि से सुसज्जित हैं। इस पावरग्रिड विश्राम सदन का मरीजों के परिजन लाभ उठा पाएंगे।

## कोडरमा : तालाब में डूबने से 3 की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा** : कोडरमा के चंदवारा थाना क्षेत्र के पुरनाथाम में पानी में डूबे एक युवक और दो लड़कों के शवों को अंत्यपरीक्षण के बाद मंगलवार को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। तीनों गांव स्थित एक तालाब में नहाने गए थे। घटना सोमवार की है। देर रात दो शव निकाल लिए गए थे जबकि एक शव मंगलवार की सुबह निकाला गया। मृतकों की पहचान सोहेल अंसारी (19), शाहबाज अंसारी (12) और अरबाज अंसारी (12) के रूप में हुई है।



घटना के बाबत चंदवारा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि सभी लड़के अपने घर के पास स्थित एक तालाब में सोमवार को नहाने के लिए गये थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। जब देर शाम तक सभी घर नहीं लौटे तो परिवार के सदस्यों ने चिंता व्यक्त की। इसके बाद वह तालाब के आसपास के इलाकों में छानबीन की लेकिन तीनों का कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तालाब में उनकी तालाश शुरू की। घंटों खोजबीन के बाद रात में दो शवों की बरामदगी हो गयी जबकि रात हो जाने के कारण एक का शव बरामद नहीं हो सका। मंगलवार सुबह फिर से खोजबीन शुरू की गयी तो तीसरे का शव भी बरामद हो गया। तालाब के पास उन बच्चों का कपड़ा बरामद हुआ। पुलिस ने सभी शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है।

## दलित-आदिवासी वोट बैंक के लिए कांग्रेस ने बनाया एक्शन प्लान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों में पिछले चुनाव के मुकाबले अधिक सीटें मिलने से उत्साहित कांग्रेस ने दलित-आदिवासी वोट बैंक का आधार बढ़ाने की नई रणनीति बनाई है.पार्टी को ऐसा लगता है कि आम चुनाव में संविधान बचाओ और आरक्षण की रक्षा जैसे नारों से कांग्रेस को काफी फायदा मिला है. लिहाजा पार्टी आलाकमान ने इस मुहिम को और मजबूती से और आगे बढ़ाने का फैसला किया है. ताकि इन समुदायों में पार्टी का खोया जनाधार वापस मिल सके. जानकारी के मुताबिक नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से चर्चा करने के बाद पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोठिया ने एक एक्शन प्लान तैयार किया है.राजेश लिलोठिया के एक्शन प्लान के मुताबिक कांग्रेस इस मुहिम को देश के दूर-दराज के गांवों तक पहुंचाने की पुरजोर कोशिश करेगी, जानकारी के मुताबिक इस अभियान के तहत अभी तक गांवों में करीब 4 लाख संविधान रक्षक नियुक्त किए गए हैं.

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पीटल
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# सास दामाद को गोली मारकर घायल करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने मनातू में सास दामाद को गोली मारकर घायल करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि दिनांक 02.07.2024 को समय करीब 12.50 बजे स्थानीय लोगो से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मधेया स्थित डुबवाहारा के पास दो अज्ञात अपराधकर्मियो के द्वारा मोटरसाईकिल पर सवार तीन (03) व्यक्तियों के ऊपर गोली चलाया गया है उक्त सूचना के आलोक में पटनास्थल पर पहुँच कर घटना का सत्यापन किया गया जिसमें एक (01) व्यक्ति आशीष कुमार और उसकी सास संगीता देवी को गोली लगा है जिसके संबंध में दिनांक 03.07.2024 को दो अज्ञात अपराधकर्मियों के विरूद्ध मनातू थाना कांड संख्या 22/2024 दिनांक 03.07.2024 धारा-126(2)/109/3(5) क्र.ह.स. एवं 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया गया है। कांड का त्वरित उदभेदन करते हुए कांड में शामिल कुल 04 (चार) अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। जिन्हे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों में 1. प्रेम शंकर मेहता उम्र करीच 22 वर्ष पिता तुलसी मेहता सा- मधेया थाना मनातू जिला पलामू ,2. चंदन कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पिता राजेन्द्र महतो सा0- बरवाडीह थाना भदवर जिला गया, बिहार।3.इतखार अंसारी उम्र करीब 26 वर्ष पिता स्व0 मोदी मियाँ सा सोले, थाना पाटन, जिला- पलामू । 4. मंशु कुमारी उम्र करीब 19 वर्ष पिता विजय भुईयां (पति आशीष कुमार) साठ- पथरा कला, थाना- पांकी, जिला- पलामू का नाम शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने 7.65 द्व्द का 13 जिन्दा गोली जिसके पेंबे पर 7.65 mm K.F. लिखा हुआ। (2) VIVO कंपनी का Y7 मोबाईल फोन, एक काला रंग का अपाची मोटर साईकिल बरामद किया है। छापामारी अभियान में मनातू थाना प्रभारी निर्मल उराँव थाना प्रभारी, अनुसंधान कर्ता एसआई संतोष कुमार गुप्ता, राजेश कुमार सहित अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।

## बैजनाथ राम को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का मंत्री बनाए जाने पर जमकर हुई आतिशबाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर (पलामू) :** झारखंड में झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार में पहली बार अनुसूचित जाति के विधायक बैजनाथ राम को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का मंत्री बनाया गया है साथ ही उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग का मंत्री बनाए जाने पर कांग्रेसियो ने लेस्लीगंज गाँधी चौक और मंजार चौक पर सोमवार को जमकर आतिशबाजी की। साथ ही लोगो में मिठाई खिलाकर एक दूसरे को खुशीयां बांटी। कांग्रेस नेता तारकेश्वर पासवान ने कहा की झामुमो के मुखिया हेमंत सोरेन को भाजपा ने फंसाया और माननीय उच्च न्यायालय ने जमानत दी ईडी ने कोई आरोप को साबित नहीं कर सका पुनः इंडिया गठबंधन के सरकार में हेमंत सोरेन के साथ बैजनाथ राम ने भी मंत्री पद की शपथ लिया पहली बार मंत्री बनाए जाने पर खुशी मना रहे हैं। मौके पर तारकेश्वर पासवान, कोट खास मुखिया पति राजन सिंह तेरस पासवान, काजू पासवान, आकाश कुमार पासवान, इस्फाक, सुनील पासवान, राम कुमार, पप्पू कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## ब्रेन हेमरेज से सेवानिवृत शिक्षक का निधन



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सेवानिवृत शिक्षक सच्चितानंद पांडेय (70 वर्ष) का निधन ब्रेन हेमरेज से हो गया। उनका निधन इलाज के दौरान सदर अस्पताल में हुआ। वे पत्रकार आशीष पाण्डेय उर्फ राजा पांडेय के पिता थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने घर जाकर श्रद्धांजलि देते हुए शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दिया। शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय,जनसंघर्ष मंच के केंद्रीय अध्यक्ष डॉक्टर निशीथ नीरव, तारकेश्वर पांडेय, चैंबर ऑफ कॉमर्स उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, सूर्यदेव मेहता, पूर्व मुखिया मुस्ताक अहमद, पंकज सिंह सहित कई लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं मंगलवार को बांकी नदी तट स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया.पुत्र आशीष पांडेय ने मुखाग्नि दिया। वहीं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता दीपक प्रताप देव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास कुमार पांडे पत्रकार संघ के धीरेंद्र चौबे, आशीष अग्रवाल, रजनीश मंगलम, पप्पू पांडेय, गौरव पांडेय, विनोद ठाकुर, उज्वल विश्वकर्मा, उपेंद्र कुमार, शुभम जायसवाल, राशिद अनवर सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## 11 जुलाई से मनाया जायेगा परिवार नियोजन पखवाड़ा



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व जनसंख्या नियंत्रण। दिवस के अवसर पर विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आगामी 11 जुलाई से 31 जुलाई तक परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जायेगा। इसकी जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन का स्थाई और अस्थाई दोनो साधन उपलब्ध रहेगा। परिवार नियोजन हेतु कई प्रकार के अस्थाई साधन हैं, जो जरूरतमंदों को निःशुल्क दिया जायेगा। जिसमे माला एन, कंडोम, छाया की गोली और अंतरा सुई सहित अन्य अस्थाई साधन शामिल हैं। डॉ राजेंद्र कुमार ने यह भी बताया कि किस विधि से परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने से कितना प्रोत्साहन राशि दी जाती है, उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।

## शहीद अमित शुक्ला हमेशा अमर रहेंगे : अरुणा शंकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर सिंगरा निवासी शहिद अमित शुक्ला के परिजनों से मिलने उनके आवास पर गई और संवेदना प्रकट की।। श्रीमती शंकर ने कहा कि शहिद अमित शुक्ला का जाना ना सिर्फ उनके परिवार या पलामू का नुकसान है, बल्कि नेशनल लॉस है। श्रीमती शंकर ने उनके धर्मपत्नी, बच्चों एवं परिवार जनों से मिलकर इस दुख की घड़ी में हिम्मत से काम लेने की संवेदना प्रकट की और कहा कि शहीद कभी मरते नहीं अमर होते हैं। हम सबों के बीच शहीद अमित शुक्ला हमेशा अमर रहेंगे।

## हुसैनाबाद एसडीओ ने किया स्तरोन्नत उच्च विद्यालय दंगवार का औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा ने राजकीयकृत स्तरोन्नत उवि दंगवार का निरीक्षण किया।इस दौरान कई बिंदुओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय बाउंड्री से सटे कई गुमटियों के सामान को सीज किया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालय से निर्धारित दूरी के दायरे में गुटका, सिगरेट, पान आदि बेचना वर्जित है।इसका उलंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही विद्यालय में शिक्षक, छात्र उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया।सभी शिक्षक उपस्थित थे। सरकार द्वारा मुहैया कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मध्यान्ह भोजन के बारे में जानकारी ली।निरीक्षण के क्रम में मध्यान्ह भोजन करते बच्चे व्यवस्थित नही थे। इसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने विद्यालय की साफ-सफाई आदि स्थिति का अवलोकन किया। साथ ही कई कक्षाओं में बच्चों से कई विषयों से प्रश्न पूछा। पढ़ने व सीखने की टिप्स दिए। एसडीओ ने बताया की हुसैनाबाद सीओ को शीघ्र ही विद्यालय के समीप अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है।वही शिक्षकों को बेहतर व सरल शिक्षण व शैक्षणिक माहौल कायम व बेहतर प्रबंधन की दिशा में कई निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि कई विद्यालयों से शिक्षक-शिक्षण सम्बंधित लगातार शिकायतें मिल रही थी। एक-कर सभी विद्यालयों का निरीक्षण किया जायेगा। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## चौकड़ी मुखिया पर नकली एलईडी लगाकर राशि की बंदरबांट किये जाने का आरोप

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के चौकड़ी पंचायत की मुखिया शारदा देवी पर नकली एलईडी लगाकर सरकारी राशि की बंदरबांट किये जाने के आरोपों की जांच दो माह बाद भी नहीं किये जाने से उपमुखिया, वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण प्रशासन से खासे नाराज हैं। मुखिया और पंचायत सचिव की मिलीभगत से की गई उक्त घोर अनियमितता से संबंधित एक शिकायत पत्र उपमुखिया सतीश कुमार सिंह एवं पंचायत के आधे दर्जन से अधिक वार्ड सदस्यों ने अप्रैल माह में ही निबंधित डाक के माध्यम से हैदरनगर के बीडीओ को भेजा था। जब बीडीओ द्वारा जांच नहीं की गई तो पुनः उक्त लोगों ने जिले के उपविकास आयुक्त को आवेदन दिया। बताया जाता है कि उपविकास कार्यालय द्वारा पुनः बीडीओ को ही जांच कर रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया गया। किन्तु मामला अभी भी ठंढ़े बस्ते में है। जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्रामीण विद्युतीकरण के तहत 15 वीं वित्त आयोग की राशि से पंचायत के विभिन्न स्थानों पर एक सौ एलईडी लाइट लगाने हेतु लगभग एक लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृति दी गयी थी। पंचायत के उपमुखिया सतीश कुमार सिंह एवं कई वार्ड सदस्यों ने उप विकास आयुक्त पलामू को लिखे आवेदन में मुखिया शारदा देवी व पंचायत सचिव योगेश्वर यादव पर नकली एलईडी लाइट लगाने का आरोप लगाते हुए कहा कि ब्रांडेड कंपनी का लाइट नहीं खरीदे जाने की वजह से मुखिया द्वारा लगाई गई एलईडी लाइटें जल्द ही खराब हो गई। इससे ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नकली लाइटों के इस्तेमाल से सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है और पंचायत सचिव ने लाइटों की गुणवत्ता की जांच नहीं की। सूत्रों के अनुसार 50 वाट की फिलिप्स कंपनी की स्ट्रीट एलईडी लाइट की कीमत 800 रुपये से लेकर 1375 रुपये तक है जो वाटरप्रूफ टेक्नोलॉजी से युक्त है जिसकी वारंटी-गारंटी भी है। इस संबंध में मुखिया शारदा देवी ने कहा कि लगाए गए आरोप निराधार व बेबुनियाद हैं। यह आरोप राजनीति से प्रेरित है। उनका कहना है कि उपमुखिया व वार्ड सदस्य की देखरेख में ही एलईडी लाइट खरीदने का कार्य किया गया है। इस वर्ष आने वाले ओलावृष्टि व बारिश तूफान के कारण एलईडी खराब हुआ है। बहरहाल आरोप-प्रत्यारोप के दौर में निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा कि एलईडी नकली है या असली?

## चौकीदार बहाली में अनुसूचित जाति को आरक्षण नहीं देना दलितों के साथ अन्याय : कमलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** चौकीदार बहाली में आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किए जाने का हुसैनाबाद विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पलामू में चौकीदार बहाली की निकले विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है। विज्ञापन संख्या 01/2024 दिनांक 2 जुलाई 2024 के मुद्दे पर उन्होंने विज्ञापन संख्या 1/2024 को निरस्त कर अनुसूचित जाति के लोगों को आरक्षण का लाभ देने की मांग की है। विधायक श्री सिंह ने कहा कि चौकीदार का पद अनुसूचित जाति के लोगों को शुरू से दिया जाता रहा है। इस पद पर सेवानिवृत या अन्य कारण से सेवा में नहीं रहने वाले चौकीदार के ही रिश्तेदार या पुत्र पुत्री की न्युक्ति की जाती रही है। पलामू जिला में चौकीदारों की न्युक्ति के लिए निकाले गए विज्ञापन में झारखंड सरकार के आरक्षण रोस्टर का भी पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार दलितों की खुद को हिमायती कहती है। जबकि इसी सरकार के अधीनस्थ अधिकारी चौकीदारों की न्युक्ति के लिए निकाले गए विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लोगों को दरकिनार कर दिया है। उन्होंने कहा कि विज्ञापन को निरस्त कर दोबारा अनुसूचित जाति को आरक्षण के साथ विज्ञापन नहीं निकला गया तो राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को पत्र लिखा जायेगा। जरूरत पड़ी तो एनसीपी न्यायालय की शरण में जाने को भी बाध्य होगी। विधायक श्री सिंह ने कहा कि अधिकारियों के इस मनमाने रवैया के पीछे अनुसूचित जाति के लोगों को चौकीदार के पुस्तैनी पद से अलग करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश एनसीपी का अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ इस मामले को लेकर आंदोलन करेगा।

## जबरन संबंध बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** अवैध रूप से घर में घुसकर जबरन संबंध बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है, मामला धुरकी थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव का है जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया की थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव निवासी अवधेश यादव उम्र (21वर्ष) पिता राजेंद्र यादव पर गांव के ही एक विवाहित महिला ने घर में घुसकर जबरन अवैध संबंध बनाने का खिलाफ धुरकी थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी,आवेदन के आलोक में धुरकी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए कांड संख्या 97/24 दिनांक 7/7/24 धारा 64 (1) /351 (3) भारतीय न्याय संहिता के आधार पर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया है थाना प्रभारी ने कहा की क्षेत्र में वारंटी हो या अपराधी उन्हें किसी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा पुलिस निश्चित रूप से करवाई करेगी

## मनरेगा योजनाओं के ऑडिट घोटाले के एवज 20-20 रुपये का अर्थदंड, खानापूर्ति : ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड बरवाडीह के नौ पंचायतों में वित्तीय वर्ष के मनरेगा योजनाओं में लगभग 29 करोड़ खर्च का सामाजिक अंकेक्षण हो चुका है जिसका पंचायत स्तरीय जनसुनवाई सोमवार को पंचायत प्रतिनिधियों मनरेगा कर्मियों, प्रखंड स्तरीय सक्षम पदाधिकारी के साथ 20-30 ग्रामीणों की उपस्थिति में की गई। इस दौरान अंकेक्षण दल द्वारा एक एक पंचायत में सैंकड़ों अभिलेखों में दस- बीस अभिलेखों का भौतिक सत्यापन, अवलोकन कर गड़बड़ी उजागर करते ज्यूरी सदस्यों के समक्ष पेश किया जिसमें बताया गया कि 15 दीदी बाड़ी योजना में पूर्ण नहीं है 100 रुपए प्रति योजना अर्थदंड, 15 योजना के अभिलेख में मापी पुस्तिका संलग्न नहीं तो जेईई पर 20 रुपए प्रति योजना अर्थदंड,15 मास्टर रोल में संबंधित कर्मियों का हस्ताक्षर नहीं इसके लिए बीपीओ को प्रति एम आर 50 रुपए अर्थदंड ऐसे छोटे-छोटे दस -बीस मुद्दे पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में लाया गया जबकि मनरेगा अंतर्गत कई योजनाएं धरातल पर है ही नहीं, योजनाओं में एक ही परिवार के कई लाभुक, कई लाभुकों को उसके योजना का जानकारी नहीं, दर्जनों आम बागवानी जमीन पर मौजूद नहीं, कई कुप की गहराई 30 फ़ीट के निचे, कई प्रधानमंत्री आवास लाभार्थी को जानकारी नहीं कि आवास निर्माण कार्य में मजदूरों की मजदूरी का पैसा कहां गया समेत कई अन्य सवाल बाकी रह गए जो सोशल ऑडिट के नाम धब्बा है। जहां सरकार द्वारा मनरेगा योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण में बड़े घोटाले नजर आ रहे हैं जो पूरे सिस्टम को शर्मशार किया है और ग्रामीणों के आंखों में धूल झोंकने काम किया है। ऐसे में सिस्टम द्वारा सोशल ऑडिट एजेंसी, पंचायत प्रतिनिधियों, मनरेगा कर्मियों के साथ पदाधिकारियों से ग्रामपंचायत का विकास किया जाना पुरी तरह से बेमानी है और यह सोशल ऑडिट भ्रष्टाचार को जमींदोज करने का बड़ा हथियार माना जा रहा है। वहीं ऐसे गंभीर मामले पर वरीय अधिकारियों की खामोशी ने पंचायत वासियों के विश्वास को तोड़ा है।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के जहाना गांव के समीप से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त किया है। उक्त कार्रवाई पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के निर्देश पर पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने सोमवार को की है। हालांकि ट्रैक्टर चालक बालू लदा ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गये। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सेमरवार स्थित बटाने नदी से अवैध खनन कर ट्रैक्टर के ट्रेलर में बालू लोड कर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर बालू लदे दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है। जबकि पुलिस को देख चालक भागने में सफल रहे। मामले में खनन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं फरार ट्रैक्टर चालक तथा मालिक का पता लगाया जा रहा है। विदित हो कि एनजीटी के आदेश पर राज्य में 10 जून से ही बालू उठाव पर रोक है जो 15 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा।

# जमीन विवाद को लेकर श्मशान घाट जाने वाले रास्ता को घेरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रखंड के भरही पंचायत अन्तर्गत मरका गांव में जमीन विवाद को लेकर श्मशान घाट जाने वाले पीसीसी पथ को गांव के गोदावरी देवी, सहदेव यादव,कपिल यादव, बिनोद यादव, देवनन्दन यादव, कृष्णा यादव व अन्य के द्वारा बास व लकड़ी से घेरकर रास्ते को अवरूद्ध कर दिया गया है। रास्ता बंद होने के बाद गांव के लगभग 50 घरो के 200 लोगो का आवागम बाधित हो गया है। तथा गांव में ही कैद हो गये है। जिसके कारण ग्रामीणो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही जंगल में चरने वाले जानवरो को दूसरे रास्ते से जंगल मे पहुंचाया जा रहा है। इस संबंध में गांव के नन्ददेव ठाकुर,विनोद ठाकुर, सुरेन्द्र ठाकुर, इन्द्रदेव ठाकुर सहित अन्य ग्रामीणो ने बताया कि मरका से श्मशान घाट तक पीसीसी पथ बना हुआ है। लेकिन गांव के गोदावरी देवी,सहदेव यादव एवं उनके परिवार द्वारा जरबन पीसीसी पथ पर बास व लकड़ी से सडक को घेर कर बंद कर दिया है। सडक को घेरने से गांव के कई घर कैद हो गये हैं तथा घरो से निकलना काफी मुश्किल हो गया है। सड़क के आभाव में समान लाने, पानी लाने समेत आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। हमलोग सभी परिवार बगल के खेत से निकलकर कही भी जाते है। रास्ता खोलने के लिए कहते है तो उनलोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। हमलोग हारकर अंचल व थाना को सूचना दिये है ।वही दूसरे पक्ष के गोदावरी देवी, सहदेव यादव, बिनोद यादव, कपिल यादव, देवनन्दन यादव, कृष्णा यादव ने बताया कि चार से छ माह पूर्व में मेरे निजी जमीन में पीसीसी पथ बनाया गया था। जिसमे रोड़ में जमीन जाने के एवज में गांव में पंचायती कर मुझे जमीन के बदले जमीन मुआबजा देने की सहमति बनी थी। लेकिन चार से छ माह बीत जाने के बाद मुझे अपना जमीन को मुआबजा नही मिला है। हलांकि रास्ता को घेरने की सूचना अंचल को दिया गया था। इस संबंध में अंचल अधिकारी नित्यानंन्द दास ने बताया कि मरका गांव में पीसीसी पथ का रास्ता घेर दिया गया था। सूचना मिलते ही कर्मचारी को भेजकर रास्ता को खोला दिया गया है। वही दोनो पक्षो को जमीन मापी कराकर जल्द मामले को निपटारा किया जाएगा। जिन लोगो को रास्ता बंद होने से कठिनाई पहुंच रही है उनमें नन्ददेव ठाकुर, सुरेन्द्र ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, बिनोद ठाकुर, सुरेश ठाकुर, मुनेज ठाकुर, बीरेन्द्र ठाकुर, इन्द्रदेव ठाकुर, राजेश पासवान, अमरेश पासवान, लट्टू यादव, काली यादव, जमाहिर यादव गणु यादव, इन्द्रदेव यादव, योगेन्द्र यादव, रीना देवी, पिन्की देवी सहित करीब 150 ग्रामीण शामिल है। इस मौके पर रामजी यादव प्रयाग यादव, राजेन्द्र यादव, सुनिल यादव मोहन यादव, रामदेव यादव, महेश ठाकुर सहित कई अन्य लोगो ने दोनो पक्षो के बीच मामले बढने से रोकने का काम किया है। **क्या है मामला :** मरका गांव मे श्मशान घाट जाने वाली कच्ची एवं संकरी रास्ता था। गांव के ही कुछ लोग डीएमएफटी मद से कुल 14 लाख का पीसीसी पथ हेतू निर्माण के लिए टेन्डर से पथ का एग्रीमेन्ट किया ।जिसमे जमीन के स्वामित्व गोदावरी देवी ,कपिल यादव व अन्य के साथ बीते 27 दिसम्बर 2023 को बैठक कर एकरारनामा किया गया कि जमीन यदि स्वामित्व का निकलेगा या पीसीसी पथ मे जाएगा तो मुआबजे के तौर पर 30,000/ प्रति डीस्मिल देय होगा।जब पथ पूर्ण हो गया तो पथ निर्माण करने वाले उक्त मुआबजे देने से इंकार कर गये जिसके कारण विवाद कर पथ को घेर दिया गया।

## दीपिका पांडेय को मंत्री बनने पर कृषक मित्रो ने दी बधाई

**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कृषि,पशुपालन व सहकारिता एंव आपदा प्रबंधन दीपिका पांडेय सिंह को मंत्री बनने पर कृषक मित्रो में भारी खुशी है। मंगलवार को कृषक मित्रो ने जीत की बधाई दिया है। साथ ही कहा कि उनके मंत्री बनने से हेमंत कैबिनेट और मजबूत होगा। कृषक मित्र मनोज कुमार यादव, अनुज कुमार, एंव अन्य मित्रो ने बधाई देते हुए कहा कि इससे कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष है।कृषक मित्रो ने जीत की खुशी में मिठाई बांटी और पड़ाका फोड़े।

संक्षिप्त खबरें

## मॉब लिंचिंग की घटना में शामिल दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में मॉबलिंचिंग की घटना सामने आई है। रविवार को रांची के टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र में भीड़ के द्वारा एक 25 वर्षीय एक युवक अख्तर अंसारी को पीट-पीट कर मार डाला गया था, अख्तर कांके थाना क्षेत्र के कटकमकुली का रहने वाला है। जिसमें तत्काल कार्रवाई करते हुए टाटीसिलवे थाना प्रभारी मनोज कुमार ने मुख्य अभियुक्त समेत दो युवक को गिरफ्तार कर लिया है, गिरफ्तार युवक में मुख्य अभियुक्त वेद व्यास महतो और अजीत कुमार महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया गया कि बकरी चोरी करने के आरोप में अख्तर की पीटाई की गई थी। टाटीसिल्वे थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि अन्य लोगों को भी चिन्हित कर लिया गया है और जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन दस जुलाई से रहेगी रद्द

**रांची :** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। इसके मद्देनजर रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर हटिया एक्सप्रेस ट्रेन 10, 12 और 14 जुलाई को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल पुरुलिया कोटशिला मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल गुंडा बिहार मूरी होकर चलेगी। वहीं, दक्षिण रेलवे में ब्लॉक की वजह से ट्रेन संख्या 13352 अलपुझा धनबाद एक्सप्रेस 9, 10,13, 14, 15,16, 17, 18, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 27, 28 और 30 जुलाई को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पोत्तनूर इरुगूर सुरतकल होकर चलेगी।

# मंत्रियों ने संभाला पदभार, कहा कम समय में ज्यादा काम करना है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के 11 मंत्रियों ने सोमवार को शपथ ग्रहण कर लिया। सभी को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शपथ दिलाया। वहीं मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा , कांग्रेस,राजद के बड़े नेता, विधायक उपस्थित रहे। शपथग्रहण के ठीक इसके दूसरे दिन यानी मंगलवार को मंत्रियों ने अपने कार्यालय पहुंचकर पदभार लिया । मुख्य रूप से स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण सह खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता विभाग मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि पशुपालन एवं सहाकारिता विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग दीपिका सिंह पांडेय, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य और पंचायती राज विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी सहित उच्च शिक्षा एवं तकनीकी सह उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बैधनाथ राम, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश



ठाकुर , श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने भी पदभार ग्रहण किया।

**अबुआ स्वास्थ्य योजना का लाभ दिलाये :** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण सह खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता विभाग मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि जनता द्वारा चुनी गई बहुमत की सरकार को जिस तरह से भाजपा के लोगों ने अपने केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग कर सरकार को अस्थीर करने की कोशिश की है यह किसी से छिपा नहीं है। लेकिन सरकार को तो कुछ नहीं कर सकी, लेकिन परिस्थितियों ऐसी बनी की तीन बार पदभार लेना पड़ा, तीन बार मंत्री गठन किया गया। जनता हम सब के साथ है इसलिए आगे भी कुछ नहीं होगा । जनता सब देख और समझ रही है। जो जिम्मेदारियां पहले स्वास्थ्य विभाग में थी वह निरंतर चल रही है , विस चुनाव का समय करीब दो-तीन महीना बचा है, तो जो चीजें बची रह गई थी, उसे पूर्ण कर लेना है। अबुआ स्वास्थ्य योजना को घर-घर तक पहुंचाना है। आम जनों तक राशन समय पर पहुंचे हर जरूरत मंद का राशन कार्ड हो यह सुनिश्चित किया जायेगा।

**समय कम है काम में तेजी लाये अधिकारी :** वहीं कृषि पशुपालन एवं सहाकारिता विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग दीपिका सिंह पांडेय नेपाल हाउस पहुंचकर पदभार ग्रहण की। इस मौके पर कृषि सचिव अबू बकर सीद्दीक ने मंत्री को बूके देकर उनका स्वागत किया । काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। सभी का अभिवादन स्वीकार करने के बाद दीपिका पांडेय ने कृषि सचिव के साथ बैठक की, जिसमें सभी के कामकाज में तेजी लाने और बेहतर तरीके से काम करने का निर्देश दी, उन्होंने स्पष्ट कहा की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं आगे उन्होंने कहा की किसानों की जो कर्ज माफी है उसे पर भी समीक्षा कर अविलंब पूरी की जाएगी, किसानों के खेत पानी पहुंचे फसल अच्छा हो यह भी सुनिश्चित करें, क्योंकि हमारे राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा है कि किसानों, गरीबों के साथ हैं, हमें इनके लिए काम करना है।

# हरमू हाउसिंग कॉलोनी में कल्याण एवं विकास समिति की शोक सभा आयोजित

## समिति के संरक्षक स्व.अजीत कुमार साहू को दी गई श्रद्धांजली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हरमू हाउसिंग कॉलोनी में कल्याण एवं विकास समिति की ओर से सोमवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। कॉलोनी के निवासी व जाने-माने समाजसेवी अजीत कुमार साहु के असामयिक निधन पर समिति द्वारा शोक व्यक्त किया गया। शोक सभा में समिति के अध्यक्ष डॉ.हेमंत कुमार सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के प्रति स्व.साहू द्वारा किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। सामाजिक नवनिर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्वस्थ और समृद्ध समाज के लिए वह सतत प्रयासरत रहे। उनके अकस्मात निधन से कॉलोनीवासियों में शोक की लहर व्याप्त है। शोकसभा में शोक संवेदना व्यक्त करते हुए समिति के सचिव शैलेंद्र



लाल बख्शी ने कहा कि उनके असामायिक निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है।विदित हो कि हरमू हाउसिंग कॉलोनी के आवास संख्या एचआई-62 निवासी अजीत कुमार साहू का निधन छह जुलाई को हो गया। वह विगत कई दिनों से बीमार चल रहे थे और अस्पताल में इलाजरत थे। वे कल्याण एवं विकास समिति नामक संस्था के संस्थापकों में से एक थे। उन्होंने समिति के विभिन्न पदों को सुशोभित किया था। समिति की ओर से आयोजित शोक सभा में सबों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं उनके शोकाकुल परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। शोक सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन धारण किया गया एवं श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर काफी संख्या में मोहल्लेवासी मौजूद थे।

**श्राद्धकर्म आज:** सामाजिक कार्यकर्ता स्व. अजीत कुमार साहू की धर्मपत्नी रंजना साहू एवं भतीजे रोहित साहू के मुताबिक उनका श्राद्धकर्म 10 जुलाई (बुधवार) को हाउसिंग कॉलोनी स्थित आवास संख्या एचआई- 62 में आर्य समाज के विधि-विधान (वैदिक रीति) से संपन्न होगा।इस मौके पर शांति हवन व श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

# परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सम्पूरक परीक्षा-2024 , 09.07.2024 से प्रारम्भ होकर 16.07.2024 तक प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09:45 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली में 02:00 बजे अपराह्न से 05:15 बजे अपराह्न तक विभिन्न तीन परीक्षा केन्द्रों पर होना है। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, राँची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में संलग्न छात्र, उनके अभिभावक अथवा असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं।

इस आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, राँची द्वारा बी एन एस एस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गयी है।

# रांची पुलिस ने पतरातू पहुंचकर की छापेमारी नीरज भोक्ता समेत 6 अपराधी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रामगढ़ जिले के पतरातू स्थित एक रिसॉर्ट में गुप्त सूचना मिलने पर रांची एस एसपी चंदन सिन्हा, एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने छापेमारी की।

इस दौरान पुलिस ने जमानत पर जेल से बाहर आए और तड़ीपार चल रहे आधा दर्जन अपराधियों को हिरासत में ले लिया है। इस पार्टी से ही नीरज भोक्ता को भी हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि जमानत पर जेल से बाहर आए और रांची से तड़ीपार किए गए अपराधी बिट्टू मिश्रा सोमवार को पतरातू के एक रिसॉर्ट में पार्टी कर रहा था। बिट्टू मिश्रा की पार्टी में जेल से जमानत पर बाहर



आए अपराधी राजू गोप, राजेश सिंह, प्रकाश यादव और बिट्टू सिंह भी शामिल था। पुलिस को सूचना मिली की ये लोग बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं, जिसके बाद एक साथ लगभग 10 वाहनों में सवार होकर रांची पुलिस की टीम पतरातू पहुंची और पूरे रिसॉर्ट को घेर लिया और हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## हज यात्रा के लिए झारखंड राज्य हज समिति ने जारी की पासपोर्ट बनाने से सम्बंधित अधिसूचना

**एजेंसी**

**रांची।** हज-2025 के इच्छुक आजमिने हज से अनुरोध है कि अपना पासपोर्ट अवश्य रुप से शीघ्र बनवा लें। केन्द्रीय हज समिति मुम्बई के निर्देशानुसार पूर्व के भाँति हज फॉर्म भरने के समय सभी आजमिने हज का पासपोर्ट का होना अनिवार्य है।



पासपोर्ट के बिना हज आवेदन स्वीकृत नही किया जायेगा। ज्ञातव्य हो कि हज 2025 की घोषणा जुलाई 2024 के अन्तिम सप्ताह या अगस्त 2024 का प्रथम सप्ताह में होगी।

वैसे आजमिने हज जिनका पासपोर्ट हस्तलिखित है वह अपना पासपोर्ट कम्प्युट्रीकृत अवश्य रुप से करवा लें तथा पासपोर्ट की वैधता 15.01.2026 तक होनी चाहिये।पासपोर्ट बनाने से सम्बन्धित अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिये पासपोर्ट कार्यालय का website- www.passportindia.gov.in से किया जा सकता है। कृप्या इसे अति आवश्यक समझा जाय। उक्त जानकारी आफताब अहमद कार्यपालक पदाधिकारी झारखण्ड राज्य हज समिति, राँची ने जारी कुछ है।

# 15-18 आयुवर्ग के ड्रॉपआउट स्कूली बच्चों को पढ़ाई का अवसर मिल रहा है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तहत समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा आउट ऑफ स्कूल या ड्रॉपआउट हो चुके 15-18 आयुवर्ग के बच्चों को अपनी पढ़ाई राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के माध्यम से जारी रखने का अवसर मिल रहा है। झारखंड शिक्षा परियोजना की पहल पर ऐसे बच्चे जो 15 से 18 आयुवर्ग के हैं और किन्ही कारणों से विद्यालय नहीं जा



पाए हैं एवं ड्राप आउट हो चुके हैं, वे 27 जुलाई की शाम पांच बजे तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक पर पंजीकरण करा सकते हैं। वे अपनी इच्छानुसार वर्ग 3/5/8/10/12 कक्षाओं की पढ़ाई पूरी करने के लिए पंजीकरण करवा सकेंगे। इसके माध्यम से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा उक्त आयुवर्ग के बच्चो की संख्या ज्ञात की जा रही है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन ने ऐसे बच्चे और उनके अभिभावकों से अपील की है कि जो बच्चे विद्यालय से बाहर रह गए हैं या ड्रॉपआउट हैं वे पुनः अपनी पढ़ाई आरंभ करे और उसे उन्हें पूर्ण करे। निःशुल्क पंजीकरण कराने के लिए छात्रों को https://forms.gle/e3k8fyJGk5trYQ4L6 पर जाकर अपना विवरण जमा करना होगा।

# सीआईडी ने जमीन कारोबारी को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी ) ने बंगाल रजिस्ट्री कार्यालय से हुए फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर रांची में जमीन बेचने वाले जमीन दलाल अशोक सिंह को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि जमीन कारोबारी अशोक सिंह को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जमीन मामले में पूर्व में चंद्रशेखर, अभिषेक और समीर को गिरफ्तार कर चूकी है।

रांची के पिठोरिया इलाके के जमुआरी मौजा में स्थित जमीन को बंगाल के पावर को आधार बना




कर खरीद-बिक्री की गई है। इसका खाता नंबर 10,11,33,29 और प्लॉट नंबर138,139,140,142,160,161 और 162 है। जमीन पर खुद का मालिकाना हक बताने वाले सुशांत घोष ने इस सभी लोगों के खिलाफ पिठोरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पिठोरिया थाना में दर्ज प्राथमिकी को टेकओवर करते हुए सीआईडी ने जांच शुरू की है।

दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि विमल सिंघानिया ने साजिश के तहत प्रशांत घोष की जगह किसी फर्जी व्यक्ति का इस्तेमाल कर उनकी जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी ले ली। इसके आधार पर प्रशांत घोष की जमीन की खरीद-बिक्री की गयी। रांची में स्थित जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी चौबीस परगना, पश्चिम बंगाल की रजिस्ट्री कार्यालय में 19 अप्रैल 2023 को हुई है, जिसका नंबर 160400155 है।

# देश के बड़े आदिवासी नेता के रूप में स्थापित हुए हैं हेमंत सोरेन: हेमलाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय प्रवक्ता हेमलाल मुर्मू ने कहा कि झारखंड विधानसभा से विश्वासमत हासिल करने के बाद हेमंत सोरेन देश के बड़े आदिवासी नेता के रूप में स्थापित हुए हैं। यह विश्वास मत राज्य की जनता की जीत है। उन्होंने भाजपा पर भी जमकर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के गंदे विचारों के कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अगला पांच माह तक कारावास में समय गुजारना पड़ा। हाईकोर्ट के ईडी पर की गई कड़ी टिप्पणी के बाद वे जमानत पर बाहर आए। भाजपा को यह सोचना चाहिए कि हेमंत का अर्थ होता है सोना। सोना को जितना गलाया और तपाया जाएगा, वह उतना ही चमकेगा। हेमंत सोरेन उसी सोने की तरह चमक रहे हैं। अपने कार्यों से पहले और आगे भी राज्य को भी चमकाने का काम करेंगे।मुर्मू मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के एक बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके नसीब में केवल भाजपा की पालकी को ही ढोना लिखा है। मुख्यमंत्री का पद उनके नसीब में नहीं है। वे संताल या किसी भी आदिवासी क्षेत्र में जितना भी जोर लगा लें, उन्हें अब आदिवासी समाज अपनाने नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के विश्वास मत हासिल करने के दौरान चमरा लिंडा और लोबिन हेम्ब्रम का सरकार के पक्ष में किए वोट पर उन्होंने अपनी बातों को रखा। उनसे पूछा गया कि क्या पार्टी अब दोनों पर कार्रवाई नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि चमरा लिंडा को लेकर अभी जानकारी नहीं है, लेकिन लोबिन के खिलाफ सदस्यता समाप्त करने का केस गठन हो चुका है। माना जा रहा है कि निलंबित विधायक चमरा लिंडा को पार्टी उपहार दे सकती है।

## खेत में मिला एक व्यक्ति का शव

**रांची :** रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित पतराटोली में मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति का शव पुलिस ने खेत से बरामद किया है। मृतक की शिनाख्त कैलाश ठाकुर के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने मंगलवार की सुबह खेत में कैलाश ठाकुर का शव देखा। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। कैलाश ठाकुर के शरीर पर जख्म के निशान पाये गये हैं। जख्म देखकर स्थानीय लोगों ने आशंका जतायी है कि उसकी हत्या की गयी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

# रिम्स शासी परिषद की बैठक में 37 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) में रीजनल क्लिनिकल ट्रायल यूनिट खुलने का रास्ता साफ हो गया है। रांची में क्लिनिकल ट्रायल शुरू होने वाला है। रिम्स शासी परिषद की हुई बैठक में मंगलवार को ये फैसला लिया गया। इसमें आईसीएमआर इंटेंट को कमरा आवंटित करने समेत 37 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। बैठक में 55वीं, 56वीं और 57वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के संपुष्टि भी की गई।

रिम्स शासी परिषद ने बैठक में कहा कि प्रशासनिक भवन के पहले और दूसरे तल्ले पर बड़े-बड़े हॉल का एल्यूमिनियम पार्टीशन कर एक




केबिन आईसीएमआर इंटेंट (इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के इंडियन क्लिनिकल ट्रायल एंड एजुकेशन नेटवर्क) को आवंटित कर दिया जाये। रिम्स में इग्नू को भी जगह मिल सकेगी। इसके अलावा पीजीडीएचएचएम समेत कई कोर्स की पढ़ाई भी संस्थान में हो सकेगी। शासी परिषद की बैठक में इस पर भी मुहर लग गयी है। बैठक में 60 साल पुरानी बिल्डिंग का जीर्णोद्धार करने और परिसर का कायाकल्प करने पर निर्णय लिया गया। इसके अलावा एमआरआई मशीन की खरीदारी में सिंगल टेंडर के आड़े आने वाली समस्या को दूर कर रिपीट ऑर्डर पर मशीन खरीदने समेत कई प्रस्तावों पर मुहर लगी। रिम्स शासी परिषद की बैठक स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में परिषद के सदस्य रांची के सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, कांके के विधायक समरी लाल, रिम्स के निदेशक डॉ राज कुमार, रिनपास के डायरेक्टर, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, रांची विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर, स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए। एम्स के डायरेक्टर इस मीटिंग में ऑनलाइन जुड़े थे।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत से तीसरी बार बनी मोदी सरकार : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने धनबाद में कार्यकर्ता सम्मान एवम विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। मरांडी ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही जमीनी स्तर पर पार्टी की विचारधारा केलिए जूझता है ,संघर्ष कार्य है।जनता से संवाद करता है,रोज रोज होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाता है।कहा कि ऐसे कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी है।इनका मान सम्मान बढ़ाना नेतृत्व का कर्तव्य है।उन्होंने कहा कि आज तीसरी बार मोदी सरकार यह महान और ऐतिहासिक उपलब्धि कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का ही परिणाम है।मरांडी ने कहा कि अब कार्यकर्ताओं का एक ही लक्ष्य है।

राज्य की भ्रष्ट,निकम्मी ठगबंधन सरकार से मुक्ति दिलाना।उन्होंने कहा कि यह धोखेबाज सरकार है जिसने युवाओं को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता का वादा कर वोट तो प्राप्त किया लेकिन सत्ता में आते



ही भुला दिया। सदन में मुख्यमंत्री ने 5लाख नौकरी देने ,बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही लेकिन नौकरी देने के नाम पर नौकरियों की बोली लगाई गई। प्रश्न पत्र लाखों में बेचे गए। जेपीएससी जेएसएससी की सभी परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। आज युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया।उन्होंने कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त है।रोज रोज हत्याएं हो रही।राजधानी में सरेआम गोलियां चल रही। जेल से भी अपराधी धमकी दे रहे।व्यवसायियों से खुलेआम फिरौती मांगी जा रही।ऐसे में राज्य में कौन उद्योग धंधा लगाएगा। लगे हुए भी बंद हो रहे।उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी वसूली में लगे रहते हैं। अपराधी बेखौफ अपराध को अंजाम देते हैं। बहन बेटियां असुरक्षित हैं।सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं रोज घटित हो रही।उन्होंने कहा कि राज्य में खनिज संसाधनों,बालू पत्थर जमीन की लूट मची है। बिना पैसे का कोई काम नही होता। भ्रष्टाचार के कारण राज्य के पूर्व मंत्री जेल में हैं,मुख्यमंत्री बेल पर बाहर आए हैं।उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भ्रष्ट निकम्मी ठगबंधन से मुक्ति दिलाने का संकल्प लें।

# मानवाधिकार संरक्षण के लिए समाज में जागरूकता लाना जरूरी : डॉ मेघा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लेखिका डॉ मेघा रानी को विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग ने उनके समाजिक कार्यो और अपने लेखन द्वारा लोगों तक उत्कृष्ट योगदान को पहुंचते देखते हुए राष्ट्रीय सौर्य सम्मान से नवाजने के लिए चुना हैं और साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैसे सम्मानित पद पर नियुक्त किया है, जिसकी चिठ्ठी अधिकारिक रूप से आयोग द्वारा जारी कर दी गई है।नियुक्ति के बाद बिरसा चौक स्थित होटल पार्क इन में डॉक्टर मेघा द्वारा एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारा मानवाधिकार कि रक्षा हेतु हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया गया।पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी, नारी उत्पिड़न, भ्रूण हत्या पर रोक लगाने के साथ, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुलभुत सुविधाओं से कोई वंचित नहीं रहें, इस पर गंभीरता से काम किया जाएगा।डॉ रानी ने उम्मीद व्यक्त की कि मानवाधिकार सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शासन- प्रशासन का सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा की मानवाधिकार सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रशासन की भुमिका अति महत्वपूर्ण है, प्रशासन को सुनिश्चित करना होगा कि मानवाधिकार की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्यवाही हो। मौके पर डॉक्टर मेघा रानी के साथ उनके मां और पिता जी भी उपस्थित रहे जिन्होंने अपनी बेटी को इस उपलब्धी पर आशीर्वाद दिए।

## पिपरवार मे भक्तिभाव से हुई मां विपत्तारिणी की पूजा



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार के बंगला समाज के लोगो ने मंगलवार बचरा अशोक विहार स्थित सरस्वती पूजा मंडप में क्षेत्र के बंगला समुदाय के लोगों ने मां दुर्गा के विपदतारिणी स्वरूप की पुजा की।इस मौके पर पुजारी मलय चक्रवर्ती ने मां के विविध मंत्रोचार के साथ विधिवत मां विपदतारिणी की पुजा कराई।इस मौके पर क्षेत्र के दर्जनों श्रद्धालु पूजा में शामिल हुए और मां के समक्ष प्रार्थना कर परिवार समाज और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।मां विपदतारणी पूजा के महत्व को लेकर पुजारी मलय चक्रवर्ती ने बताया कि यह पूजा महाप्रभु जगन्नाथ के मौसी बाड़ी में प्रवास के प्रथम शनिवार अथव मंगलवार को किए जाने का प्रावधान है,जिसमें मां की पूजा में श्रद्धापूर्वक 13 प्रकार के पुष्प इतनी ही संख्या के फल मां के सोलह श्रृंगार की सामग्री और पकवानों सहित लाल रंग के 13 घागो से 13 गांठ के साथ 13 दुरबा ( दुब ) वाले रक्षा कवच अर्पित कर पूजा अर्चना की जाती है,जिसे हर पुरुष अपनी दाहिनी भुजा में और बंगाल के कई अलग पर प्रांत कई महिलाएं अपने दाए अथवा बाए बाहं में धारण करती हैं।मान्यता है कि इस व्रत को करने से एवं कवच को धारण करने से पूरे परिवार की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है और सारी विपदाएं आपदाएं और संकट मां विपदरिणी हर लेती है।मां विपदतारिणी की पूजा में क्षेत्र के सैकड़ो बंगला समाज के महिला एवं पुरुष शामिल थे।

## पिपरवार के बहेरा मे 18 को होगा मुहर्रम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा कर्बला मैदान मे बहेरा अंजुमन और नौजवान कमेटी की संयुक्त बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता मोहम्मद असलम और संचालन कासिम उर्फ मुन्ना ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहेरा गांव में मुहर्रम के मौके पर मुहर्रम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे सर्वसम्मति से 18 जुलाई को बहेरा मे मुहर्रम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।बैठक में इसकी तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं सभी को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गई।बैठक मे मोहम्मद असलम,कासिम उर्फ मुन्ना, अंजुमन कमेटी बहेरा के सचिव सलीम जावेद,फहीम राजा,मोहम्मद जुल्फान, मोहम्मद अनवर,मोहम्मद रसीद,मोहम्मद शेरू,जाहिद अली,मोहम्मद गुड्डे सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोलफील्ड मजदूर यूनियन ने नये जीएम संजीव कुमार का किया स्वागत



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):**कोलफील्ड मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी का प्रतिनिधिमंडल ने सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के नये जीएम संजीव कुमार से औपचारिक मुलाकात किया।इस दौरान युनियन द्वारा जीएम संजीव कुमार का फुलो का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।इस दौरान महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम संजीव कुमार ने यूनियन के साथ परिचय बैठक की।इस बैठक के दौरान यूनियन के लोगों ने अपना-अपना परिचय दिया।साथ ही पिपरवार क्षेत्र की ज्वलंत कई समस्याओं को जीएम से अवगत कराया। इस दौरान जीएम संजीव कुमार ने समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया,साथ ही उत्पादन और विकास कार्यों में यूनियन से सहयोग की अपील की।इस मौके पर यूनियन के क्षेत्रिय अध्यक्ष अनिल कुंवर,सचिव भीम सिंह यादव,रामू गोप, एसडी राम,हरिवंश महतो, अकलू यादव सहित यूनियन के कई लोग मौजूद थे।

## पिपरवार मे चुनाव पैकेज की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा ने प्रबधंन से की वार्ता



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र से लोकसभा चुनाव डयुटी मे गये सीसीएल कर्मियो को चुनाव पैकेज देने की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा सीएचपी/सीपीपी परियोजना के प्रतिनिधिमंडल ने पिपरवार एरिया प्रबधंन के साथ वार्ता की।संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन से मुलाकात किया।इस दौरान संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियो ने कहा कि पिपरवार क्षेत्र से जब भी सीसीएल कर्मचारी चुनाव डयुटी पर गया तो कर्मियो को चुनाव अग्रिम विशेष पैकेज दिया गया,लेकिन इस वर्ष लोकसभा चुनाव के ड्यूटी में जाने वाले पिपरवार क्षेत्र के सीसीएल कर्मचारियों को अभी तक पैकेज का भुगतान नहीं किया गया है,जिसके कारण कोयला कर्मचारियों में आक्रोश देखा जा रहा है। श्रमिक प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि जल्द कोयला मजदूरों के बीच चुनाव पैकेज का भुगतान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन किया जाएगा।वहीं प्रतिनिधियों की बात सुनने के बाद कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन ने इस समस्या को वरीय अधिकारियों से अवगत कराकर इसके समाधान करने का आश्वासन दिया।इस मौके पर मोहम्मद अब्दुल्ला,कयूम अंसारी,मनोज गुप्ता,डीएन महतो,सैयद अरमान,जुबेर आलम,रामनाथ महतो, मोहम्मद जैनुल सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# जिला अंतर्गत संचालित योजनाओं को लेकर उपायुक्त ने समीक्षा बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** समाहरणालय खूँटी स्थित सभागार में आज उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा जिला अंतर्गत संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने एक-एक कर अपने विभाग से संबंधित संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से एफआरए, आईएफआर, सीएफआर, प्री मैट्रिक/पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण, साइकिल वितरण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा आवास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा लाइब्रेरी निर्माण, आंगनबाड़ी निर्माण, पोषण ट्रैकर, नीति आयोग के तहत हेल्थ इंडिकेटर, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत योजनाएं, सेविका का चयन, कृषि एवं सहकारिता से जुड़े विषय, तालाब जीर्णोद्धार, मत्स्य एवं पशुपालन से जुड़े योजनाएं, विद्युत विभाग एवं पेयजल विभाग से जुड़े योजनाएं, सामाजिक सुरक्षा, 15वें वित्त, हस्त्रक्षक्क खनन, स्वास्थ्य, शिक्षा, भू अर्जन, पर्यटन, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना समेत अन्य योजनाओं एवं कार्यो की गहन समीक्षा किया। बैठक में उपायुक्त ने अब तक हुए स्त्रक्रकी जानकारी लिया। साथ हीं आगामी 30 जुलाई तक अधिक से अधिक आईएफआर एवं सीएफआर करने का निर्देश दिया। कल्याण विभाग के तहत प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में इसकी रैंडम जांच कराने का निर्देश दिया, जिससे यह सुनिश्चित कराई जा सके कि बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया है। साइकिल वितरण को लेकर उपायुक्त ने कहा कि आगामी 15 जुलाई से बच्चों के बीच साइकिल का वितरण सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिया, जिससे योजना की पूर्ण जानकारी लेकर अधिक से अधिक लाभुक सब्सिडी पर ऋष्टा का लाभ ले सके। बिरसा लाइब्रेरी निर्माण को लेकर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को क्षेत्र निरीक्षण करने का निर्देश दिया, जिससे लाइब्रेरी निर्माण कार्य प्रारंभ कराई जा सके। आंगनबाड़ी निर्माण को लेकर भी उपायुक्त ने प्रखंडों में भूमि चयन का रिपोर्ट जल्द भेजने को कहा, जिससे निर्माण कार्य प्रारंभ कराई जा सके। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा सेविका के चयन को लेकर भी उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिए, पूरी पारदर्शिता के साथ कार्यों को संपन्न करने का निर्देश दिया गया। नीति आयोग के तहत स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न इंडिकेटरों पर कार्य करने को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में उपायुक्त ने वैसे गांव जहां विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाई है, उनकी सूची साझा करने को कहा। जिससे उक्त क्षेत्र में सोलर हाई मास लाइट का अधिष्ठापन कराया जा सके। श्रम कार्ड बनाने को लेकर उपायुक्त ने लाभुकों के चयन का निर्देश दिया।

# ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने किया बेड़ो प्रखंड का भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सचिव शैलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को रांची जिला स्थित बेड़ो प्रखंड के इटा पंचायत का क्षेत्र भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान विभिन्न योजनाओं के निरीक्षण के साथ-साथ कई लोगों से बातचीत की गई। मौके पर इटा चिल्डरी गांव में लगे 39 एकड़ जमीन पर आम बागबानी का निरीक्षण किया गया साथ ही लाभुकों से बात कर सचिन भारत सरकार शैलेश कुमार सिंह के अतिरिक्त ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के सचिव के श्रीनिवासन, जेएसएलपीएस झारखंड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी संदीप सिंह और उप विकास आयुक्त रांची दिनेश कुमार यादव ने खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर लाभुकों के द्वारा बताया गया कि आम बागबानी से प्रत्येक वर्ष 50 से 60 हजार रुपए अर्जित हो जाते हैं। साथ ही विधिवत रूप से लगे पौधों के कारण उक्त भूमि पर खेती का कार्य भी हो जाता है। मनरेगा के तहत मिले



कूपों के कारण सिंचाई की पर्याप्त सुविधा मुहिया हो जाती है जिससे प्रत्येक वर्ष बागबानी के साथ-साथ 2 से 3 फसल की खेती का भी लाभ प्राप्त हो जाता है। प्रखंड और पंचायत से मिलने वाली सुविधाओं के कारण जीवन स्तर में भी हम किसानों का सुधार आ रहा है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान इटा चिल्डरी में बनाए गए मनरेगा पार्क का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि रांची जिला के बेड़ो प्रखंड की धरती पर ग्रामीण विकास की ऐसी तस्वीरें दिखाई पड़ती है जहां किसान आत्मनिर्भर होते नजर आते हैं। ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा ग्रामीणों को मिलने वाले लाभ से किसानों के जीवन स्तर पर सुधार आ रहा है। साथी दूर दराज के किसानों की जिंदगी में विकास की सौगातें मिल रही हैं। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर स्थानीय जेएसएलपीएस की महिलाओं द्वारा झारखंड की परंपरा के अनुसार शानदार स्वागत किया गया। मांदर की थाप पर नृत्य करती हुई स्थानीय महिलाओं की जुबान पर पारंपरिक स्वागत गीत फिजा में रस घोल रहे थे। साथी स्वागत के दौरान अतिथियों को जंगलों की फूलों से निर्मित माला और मुकुट भी भेंट की गई । मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ऋतुराज, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, पंचायत की मुखिया अनीता बड़ा, बुधराम बड़ा, पुरुषोत्तम भाई पटेल, दुर्गा ताना भगत सहित पंचायत पर प्रखंड के कर्मी एवं पदाधिकारी के अतिरिक्त बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# ईटकी के ग्रामीणों द्वारा एसटीएसी थाना का किया गया घेराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** झूठ की बुनियाद पर आदिवासी हरिजन थाना में केश करने के विरोध में मंगलवार को इटकी के ग्रामीणों ने केंद्रीय सरना समिति रांची के अध्यक्ष अजय तिर्की के अगुवाई में एसटीएससी थाना का घेराव किया। मौके पर अजय तिर्की ने कहा कि झारखंड में आदिवासी महिला से गैर आदिवासी के साथ शादी के बाद आदिवासी जमीन को हथियाने की जो प्रवृति चल रही वह आदिवासियों के अस्तित्व को समाप्त करने जैसा। इटकी की एक आदिवासी महिला इसी तरह से दोहरा लाभ ले रही है। शांति केरकेट्टा नामक करीब 80 वर्षीय महिला हैं जिन्होंने ने गैर अधिवासी समाज एक व्यक्ति के साथ 60 वर्ष पूर्व शादी की थी।



जिनका गैर आदिवासी से उत्पन्न संतान अब अपनी मां को आदिवासी रूपी ढाल बनाकर भूईहरी बकास्त जमीन को फर्जी कागजात बनाकर दावेदारी करती हैं और मूल आदिवासी रैयत को उसके जमीन से बेदखल करने की मंशा पाले हुए है। तिर्की ने एसटीएससी थाने में सरकार व जिला प्रशासन से इस गंभीर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को दंडित करने और दोहरे लाभ पर अंकुश लगाने की मांग की। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि उपरोक्त खा़तियांनधारी के दूसरे खाता की जमीन पर भी दावेदारी की गयी थी, जिसे इटकी अंचल द्वारा निरस्त किया जा चुका है। मौके पर खा़तियांनधारी यीशु बेलस टोप्पो ने बताया कि उक्त महिला के गैर आदिवासी से उतपन्न संतानों द्वारा हमे और इटकी के गैर आदिवासियों का भी जीना हराम कर रखा है। मां के नाम पर एसटी एससी केश में फंसाने की धमकी देकर राशि उगाही का धंधा बना लिया है। इधर इटकी के दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की । जिसके आलोक में एसटी एससी थाना प्रभारी महेश मुंडा व केश जांचकर्ता एसआई प्रेम हांसदा ने मामले की जांच पड़ताल कर आवेदनकर्ता पर नियम संगत कार्रवाई का आश्वासन दिया। घेराव कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सुधीर उरांव आजसू ज़िला सचिव मुरतेजा आलम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष वसीम एकबाल, कांग्रेस के राजेश तिर्की, रोमी महली, सरफराज आलम, सुशांति केरकेट्टा, मेरी केरकेट्टा, जुबेर अंसारी, रफ़ीक़ अंसारी, हीरा महतो, कुलदीप महतो, पुनई उरांव सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## अभाविप मांडर ने दर्जनों प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस राष्ट्रीय छात्र दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मांडर इकाई द्वारा कंदरी स्थित स्पाइसी रसोई में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें इस वर्ष मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा 75त्न से ऊपर लाने वाले दर्जनों विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को मेडल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया वहीं प्रखंड के टॉप फाइव विद्यार्थियों को शील्ड के रूप में मोमेंटो भी दिया गया। कार्यक्रम में विषय परिवेश रखते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदर्श प्रसाद ने बताया कि विद्यार्थी परिषद पिछले 75 वर्षों से छात्रों के अंदर राष्ट्रवाद की अलख जगाने का कार्य कर रही है एवं समाज की प्रत्येक कार्यों में बढ़ चढ़ कर अपना योगदान देती है छात्रों के अंदर व्यक्तित्व के निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेकर परिषद आगे बढ़ रही है। संचालन धीरज सिंह व धन्यवाद ज्ञापन राहुल ठाकुर ने किया। साथ ही साथ अपनी वार्षिक परंपरा को निभाते हुए मांडर नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया इसमें दायित्व इस प्रकार है नगर अध्यक्षट्टडा पवन कुमार दास उपाध्यक्ष निखिल सिंह रश्मि तिर्की नगर मंत्रीट्टधीरज सिंह सह मंत्रीट्टशिवम पाठक रोशन उरांव अंकिता उरांव दीपक सिंह ,नगर खेल प्रमुखट्टविनीत नगर मीडिया प्रभारी,निशांत सिंह नितेश पाठक नगर एसएफएस प्रमुखट्ट सतीश उरांव ओम तिवारी नगर एसएफडी प्रमुख ट्टप्रणव पाठक अंजली खलखो राष्ट्रीय कला मंच निशा सिंहकार्यकारिणी। जीतेश कुजूर, अमन कुमार शिव शक्ति , काजल कुमारी, सुरभी कुमारी। मौके पर आदर्श विवेक राहुल धीरज दीपक निशा सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी का भ्रष्टाचार के खिलाफ नामकुम प्रखंड मुख्यालय में हल्ला बोल



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी का नामकुम प्रखंड कार्यालय के समक्ष भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल धरना प्रदर्शन प्रखंड अध्यक्ष रतनलाल होंडा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । संचालन प्रखंड सचिव-धर्मेंद्र सिंह ने किया मौके पर आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा हेमंत सोरेन सरकार परिवार वाद से पीड़ित है प्रखंड मुख्यालय से ऊपर तक ऑफ़सर साही हाबी हो चुकी है बालू कोयला चोरी पर लूट मची है सरकार सिर्फ अपना जेब भरने में लगी है और जानता विकास के लिए पुरी तरह से त्रस्त हो चुकी है खिजरी विधायक पैसा कमाने में मस्त हो चुकी है 2024 विधानसभा चुनाव परिवार वाद और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर जानता इस बार सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी अतिथि के रूप में आए आजसू पार्टी राँची जिला अध्यक्ष-संजय महतो ने कहा प्रखंड स्तर पर भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर चुकी है किसी भी गरीब परिवार को समय पर अनाज,वृद्धा पेंशन,अबुवा आवास एवं जमीन खरीद बिक्री पर धांधली बढ़ चुकी है बिना वसूली गरीबों का काम नही होता है, बीडीओ और सीओ प्रखंड कार्यालय से गायब रहते हैं और ये सब आजसू पार्टी बर्दाश्त नही करेगी मौके पर केंद्रीय सदस्य राजू नायक,जिला सचिव कुदरत शेख,प्रदीप जायसवाल,राजू उराँव, सुरेंद्र महतो,विवेक गोप,विनोद मुंडा, मुकेश नायक,दिलीप महतो,विष्णु लोहरा,चमरा बिंहा,माथुर प्रसाद,छोटू नायक,राजा नायक, राजू टोप्पो,रूपा उराँव,मीणा नायक,पिंकी देवी,बसंती देवी,कौसर जहाँ,जितेश सिंह,संतोष नायक,हुसैन अंसारी,फैजान अंसारी,मोमद सामी आदि धरना प्रदर्शन में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

## मरीज़ से मिलने पहुंचे पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत



**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम बदरी निवासी कबीर अंसारी जो कई सालों से बिमार है। डॉ परमेश्वर भगत पीड़ित के घर जाकर हाल-चाल जाना एवं जल्द स्वस्थ होने की कामना किए। इस तरह विगत दिनों मांडर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करांजी निवासी मोबारक अंसारी एवं ग्राम दर्जी जाड़ी निवासी नबी अंसारी से मिलकर स्वास्थ्य की जानकारी ली।और सभी के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाते हुए अपनी ओर से हर संभवतः मदद देने का भरोसा दिलाया।

## केवल केमिकल के भरोसे पानी फिल्टर कर रहा खलारी का फिल्टर प्लांट

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड अंतर्गत बुकबुका महावीर नगर स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के फिल्टर प्लांट में केवल केमिकल के भरोसे ही सपही नदी का पानी फिल्टर हो रहा है. 5.5 मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता के इस फिल्टर प्लांट से खलारी प्रखंड के पांच पंचायतों की करीब 35 हजार आबादी को पानी आपूर्ति की जाती है.प्लांट में चुरी दक्षिणी पंचायत अंतर्गत करंजतोरा के निकट सपही नदी से पानी आपूर्ति की जाती है. प्लांट में पानी पहुंचने के बाद सफाई की यांत्रिक प्रक्रिया शुरू होती है.नदी के पानी को बारी बारी से दो बड़े गोलाकार टैंक में भेजा जाता है जहां मोटर से टैंक के अंदर लगे सिस्टम से घुमाया जाता है.परंतु विगत करीब चार महीने से अधिक समय से मोटर से जुड़ा गियर का दांता सिस्टम को नहीं घुमा पा रहा है. नतीजा यह है कि पानी उसी हाल में केमिकल मिलने वाली जगह पुहंच जा रहा है. जहां फिटकरी, ब्लीचिंग पाउडर व चूना के मदद से पानी को फिल्टर किया जाता है. वहीं फिल्टर पानी को जलमिनार में भेजने से पूर्व जिस आयताकार बड़े टैंक में स्टोर किया जाता है उसकी सुरक्षा को दुरूस्त करने की आवश्यकता है. टैंक में एक लोहे का ढक्कन लगा है वहां लोहे का सीढ़ी लगा दिया गया है जिससे ढक्कन पूरी तरह बंद नहीं हो पा रहा है. प्लांट के एक कर्मी ने बताया कि सीढ़ी काफी भारी है. सफाई के लिए टैंक के अंदर जाना पड़ता है. इसलिए सीढ़ी को उसी में छोड़ दिया गया है. इसके अलावा टैंक के उपर दो वेन्टीलेटर हैं. जिनमें एक में सुरक्षा के लिए लगाया गया जाली नहीं है. वहां प्लांट परिसर में उगी झाड़ियों की सफाई भी आवश्यक है. खलारी के पांच पंचायत की जनता इस फिल्टर प्लांट के पानी का भरोसे से इस्तेमाल करती है. इसके फिल्टर सिस्टम और सुरक्षा को लेकर लापरवाही नहीं बरता जा सकता है.

## खलारी में दो दिवसीय मां विपत्तारिणी पूजा का हुआ शुभारंभ

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी पहाड़ी मंदिर मार्ग स्थित कालीबाड़ी में मंगलवार को मां विपत्ततारिणी पूजा समिति के द्वारा पुरे विधि-विधान से दो दिवसीय मां विपत्ततारिणी पूजा का शुभारंभ किया गया. पूजा के पहले दिन कलश स्थापना एवं मां विपत्ततारिणी की प्रतिमा को स्थापित कर पूजा अचर्ना किया गया. पण्डित डॉ. एस के घोषाल एवं आचार्य विश्वजीत घोषाल के द्वार आचार्य शुभम झा आचार्य शिवम पांडेय के सहयोग से मां विपत्ततारिणी की पूजा कराया गया. पूजा के दौरान मां विपत्ततारिणी को तेरह प्रकार के फल एवं तेरह प्रकार के मिष्ठान का भोग लगाया गया. पूजा को लेकर जानकारी देते हुए पूजा समिति के सचिव समर कुमार सेन ने बताया कि पूजा का समापन 10 जुलाई बुधवार को मां का पूजन, हवन एवं खीर भोग के साथ होगा. वहीं मां का वरण एवं मां की प्रतिमा का विसजर्न स्थानीय तालाब में दोपहर 3 बजे किया जाएगा. पूजा में मंगलवार को क्षेत्र के बंगाली समुदाय के अलावा काफी संख्या में खलारी डकरा कोयलांचल क्षेत्र से मां के श्रद्धालु शामिल हुए.इस मौके पर मुख्य रूप से समिति के संरक्षक डॉक्टर चंद्रशेखर रत्न, अध्यक्ष नव कुमार बनर्जी, उपाध्यक्ष सुमित कुमार सिंह,अनुराग सिंह,सचिव समर कुमार सेन, सहसचिव रोहित कुमार, रामसूरत यादव, विष्णु मुंडा , कुलदीप लोहार सहित काफी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे.

## दो ट्रकों के आमने सामने भिड़ंत में ड्राइवर घायल

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग के सिल्लीडीह के कोचाजारा मोड़ समीप मंगलवार को दो ट्रकों का आमने सामने टक्कर हो ने से चालक जितेंद्र कुमार घायल हो गया। जानकारी के अनुसार छ्व॥- 01-ष्टश्व-4686 ट्रक घाघरा से धान लोड कर सिल्ली होते हुए पश्चिम बंगाल वर्धमान जा रहा था एवं विपरीत दिशा से ट्रक पश्चिम बंगाल दुर्गापुर से सिल्ली होते हुए बिलासपुर छत्तीसगढ़ जा रहा था। अचानक सिल्लीडीह के कोचाजारा समीप मोड़ पर दोनों ट्रकों का आमने सामने टक्कर हो गया। घटना की सूचना पाकर सिल्ली पुलिस की गश्ती दल पहुंचा तथा घायल को इलाज के लिए सिल्ली सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया।वही सिल्ली पुलिस द्वारा ट्रकों को जप्त कर सिल्ली थाना ना लाया गया।

## टाटी सरना स्थल में 100 वृक्ष लगाए गए

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):**मिशन बदलाव सामाजिक संगठन के द्वारा खिजरी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम टाटी के सरना स्थल पर शशि मुंडा की पहल पर 100 वृक्ष लगाए गयेड्ढ जिसमे सरना स्थल की



खाली जमीन पर वृक्षारोपण के साथ उसे संरक्षित करने के लिए पुरे सरना स्थल की घेराबंदी की गयी जिससे की सभी वृक्ष का संरक्षण हो सके7 इस महान कार्य मे टाटी ग्राम सभी युवाओं ने आपसी सहयोग राशि जमा कर एवम श्रम दान से इस कार्य को सफल बनाया 7 मिशन बदलाव के कोर कमेटी सदस्य सह अधिवक्ता भास्कर कुमार ने बताया की झारखंड राज्य को सुंदर एवम समृद्ध बनाने के की दिशा मे यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है 7 सभी ग्राम वासियों ने शशि मुंडा के इस पहल की सराहना की7 इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में मिथिलेश महतो, बंधन महतो, प्रकाश महतो,मनीष नायक, लखींद्र महतो, दीपक महतो, जय महतो, सुमित महतो, पवन महतो ,सत्येंद्र महतो, जय मेहता, नीरज महतो , सुरेंद्र महतो, साजन, महादेव महतो, मुकेश महतो, अशोक महतो, विजय महतो, विकास महतो, बरजू महतो, आकाश महतो, नीरज महतो, दिनेश महतो ,सुरेश महतो,विजय महतो,अरविंद महतो, अर्जुन महतो, सागर महतो ,राजेश महतो, विवेक महतो ,राजा महतो एवं समस्त ग्रामीण वासी का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## मां बिपदतारिणी पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी एवं आसपास क्षेत्रों में मंगलवार को मां विपदतारिणी पूजा धूमधाम से मनायी गयी। सुबह से ही मंदिरों में महिलाओं की भीड़ जुटी हुई थी। सिल्ली बजार स्थित काली मंदिर, पंडित दिनेश बनर्जी के आवास परिसर, लुपुंगटोला काली मंदिर, महावीर चौक दुर्गा मंदिर पर तथा



अन्य कई जगहों पर सामूहिक रूप से पूजा का आयोजन किया गया। जहां हिलाओं ने मां विपद तारिण का व्रत रख पूजा-अर्चना की। पूजा कर परिवार में आने वाले हर संकट को टालने के लिए मां से प्रार्थना की। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर विपदतारिणी पूजा की शुभकामनाएं भी दी। इस पूजा में 13 का विशेष महत्व है। इसलिए पूजा के दौरान 13 प्रकार के फल, 13 प्रकार के फूल, 13 प्रकार के मिष्ठान मां को अर्पित की जाती है। वहीं, पूजा के बाद लाल रंग का धागा परिवार के सभी सदस्य अपनी कलाई या बांह में बांधते हैं। जिसके साथ दूर्वा (दूब घास) बांधा हुआ रहता है। इस लाल रंग के धागे पर भी 13 गांठ लगाए जाते हैं। इस धागे के बारे में ऐसी मान्यता है कि इसे कलाई या बांह में बांधकर रखने से हर प्रकार की विपदा से हम बच सकते हैं। इसलिए इसे मा विपदतारिणी का रक्षा-सूत्र भी कहा जाता है। विपदतारिणी पूजा हर वर्ष आषाढ़ मास के शनि या मंगलवार को की जाती है। इस पूजा में मां दुर्गा के ही एक रूप की आराधना की जाती है। महिलाएं मां विपदतारिणी से अपने परिवार और समाज को हर विपदा और आपदाओं से बचाने की प्रार्थना करती हैं।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## डॉ. अजय कुमार ने किया जनकल्याण एक्सप्रेस को रवाना

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व सांसद सह कांग्रेस वर्किंग कमिटी सदस्य डॉ अजय कुमार ने मंगलवार को बारीडीह चौक से जनकल्याण रथ को रवाना किया। इससे पूर्व कांग्रेस के वरीय नेताओं की उपस्थिति में डॉ.अजय कुमार ने जनकल्याण रथ का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जमशेदपुर के लोगों की सभी प्रकार की जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं का एक मात्र समाधान यह जनकल्याण रथ है। यह जनकल्याण रथ प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक शहर के सभी क्षेत्रों में एक निश्चित स्थान पर खड़ा रहेगा। जहां लोग आधार कार्ड,वोटर कार्ड में ऑनलाइन सुधार करा सकते है। इसके साथ लोग वृद्ध पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड सहित अन्य सभी सरकारी योजनाओं से संबंधित ऑनलाइन आवेदन भर सकते है। योजनाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते है। इस वाहन की शुरुआत करने का उद्देश्य लोगों को उनके डोर स्टेप पर सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने विश्वास जताया यह जनकल्याण वाहन लोगोंको समस्याओंके समाधान के लिए कारगर साबित होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से रविंद्र झा उर्फ नट्टू झा, धर्मेंद्र सोनकर, राजा सिंह राजपूत,राकेश साहु,बबलू झा,मनीष, रईस छब्बन रिज्जी,अभिजीत,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## कई इलाकों में धूमधाम से मनाया गया मां विपत्तारिणी की पूजा

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को मां विपत्तरीनी की धूमधाम से पारंपरिक विधि विधान से पूजा की गई। इस अवसर पर महिलाओं ने व्रत रखकर क्षेत्र में स्थित विभिन्न मंदिरों में माता विपत्तारिणी की पूजा अर्चना कर सभी विपत्तियों और आने वाले हर संकटों से मुक्ति दिलाने की कामना की। इस पूजन को लेकर प्रातःकाल से विभिन्न मंदिरों में महिलाओं की भीड़ लगी रही। इस पूजा में 13 का विशेष महत्व है। इसीलिए पूजा के दौरान 13 प्रकार के फल, 13 प्रकार के फूल, 13 प्रकार के मिष्टान्न आदि लेकर मां विपत्तारिणी को अर्पित किया जाता है। आदिशक्ति मां दुर्गा की बीपद तारणी रूप की महिलाओं ने पूजा अर्चना कर अपने बच्चों की हर बीपदा से रक्षा व दीर्घायु का कामना किया। पंडितों द्वारा पूजा अर्चना कर व्रतीयों को पुष्पांजलि अर्पित कराया गया। डुमरा गांव में मां बीपद तारणी मंदिर में सुबह से ही महिलाओं का कतार देखा गया।



## नथिंग ने पेश किए सीएमएफ ब्रांड के तीन नए प्रोडक्ट

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लंदन की टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग के उप-ब्रांड सीएमएफ ने तीन नए प्रोडक्ट- सीएमएफ फोन 1, सीएमएफ वॉच प्रो 2 और सीएमएफ बड्स प्रो 2 को पेश किया है। ये प्रोडक्ट की ओपन सेल्स 12 जुलाई को दोपहर 12 बजे से ऑनलाइन और ऑफलाइन शुरू होगी। सीएमएफ फोन 1 भारत का पहला मीडियाटेक डाइमेंशन 7300 5जी प्रोसेसर के साथ पेश किया गया है। नथिंग के साथ मिलकर तैयार किया गया यह फोन तेज़, भरोसेमंद और कुशल पावर जैसी खूबियों से लैस है। सीएमएफ वॉच प्रो 2 एक वर्सटाइल और स्टाइलिश स्मार्टवॉच है, जिसमें एक इंटरचेंजेबल बेज़ल डिज़ाइन और 1.32 इंच का एमोलेड ऑलवेज-ऑन डिस्प्ले है, जो हाई रिज़ॉल्यूशन प्रदान करता है। इसमें 100 से अधिक कस्टमाइज़ेबल वॉच फेस विकल्प भी दिए गए हैं। सीएमएफ बड्स प्रो 2 को डुअल ड्राइवर्स, टेक्नोलॉजी, हाई-रेज़ ऑडियो वायरलेस सर्टिफिकेशन, 50 कठ स्मार्ट और कस्टमाइज़ेबल स्मार्ट डायल के साथ बेहतरीन ऑडियो अनुभव के लिए डिज़ाइन किया गया है।



## 5 साल बाद भी अधिग्रहित जमीन का मुआवजा नहीं, ग्रामीणों ने उपायुक्त से लगाई गुहार

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत बोंटा - माधवपुर सड़क निर्माण (चौड़ीकरण) के नाम पर वर्ष 2019 में रैयती जमीन का अधिग्रहण किए जाने के 5 साल बाद भी मुआवजा राशि नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने मंगलवार को उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर जल्द से जल्द मुआवजा राशि देने की मांग की है। इस संबंध में भाजपा नेता विमल बैठा ने बताया कि रैयती जमीन का अधिग्रहण कर राज्य सरकार ने सड़क का निर्माण तो कर दिया है, लेकिन इसका खामियाजा यहां के गरीब किसान परिवार भुगत रहे हैं।उन्होंने बताया कि मुआवजा राशि का भुगतान जल्द से जल्द नहीं करने पर ग्रामीण रैयत आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में अरुण गोप, मधुसूदन मोदक, जितुलाल महतो, भीम चंद्र मोदक, मृत्युंजय गोप, आनंद महतो, श्रावण महतो व नारायण चंद्र महतो आदि लोग शामिल थे।

## सब जूनियर वसु नेशनल चैम्पियनशिप में चयनित खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 23 जुलाई से 3 अगस्त तक कोयंबटूर में होने वाले सब जूनियर वशु नेशनल चैंपियनशिप में झारखंड टीम में चयनित होने वाले मानगो बालीगुमा निवासी दिव्या सोय और उलीडीह निवासी अविनाश किस्पोटा को सोमवार की देर शाम ओड़िसा से आये राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के करीबी सह समाजसेवी बाबलु पूर्ति एवं पर्वत कुमार किस्कू ने दोनों खिलाड़ियों को खेल सामग्री देकर सम्मानित किया। साथ ही दोनों खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान आजसू पार्टी अनुसूचित जनजाति महासभा के जिला अध्यक्ष मंगल टुडू, बॉक्सर विजय सोय, बाबलू पूर्ति, मंगल टुडू, पिथो हांसदा, साहिल कुमार टुडू, शिबू किस्कू, साहेब मार्डी, लोबिन माझी, सिकंदर सोय व अमित टोप्पो आदि मौजूद थे।

## परिवार की खुशहाली के लिए पटमदा-बोड़ाम में श्रद्धापूर्वक की गई मां विपत्तारिणी की पूजा

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों में मंगलवार को मां विपदतारिणी की पूजा अर्चना श्रद्धापूर्वक की गई। पटमदा के जोड़सा, चुड़दा, बांसगड़, लावा, बेलटांड़, पटमदा बाजार, माचा, काटिन, गोपालपुर, काशमार एवं बोड़ाम प्रखंड के सुसनी, रसिकनगर , बोड़ाम बाजार, लावजोड़ा, कुईयानी समेत अन्य कई गांवों में विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई। बेलटांड़ स्थित दुर्गा मंडप में आयोजित पूजा अर्चना में सुबह से दोपहर तक व्रती महिलाओं की भीड़ देखी गई।

## उपायुक्त ने डेंगू रोकथाम को लेकर की बैठक, कहा

# सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में डेंगू मरीजों के लिए 2 बेड सुरक्षित रखें

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में डेंगू रोकथाम को लेकर एहतियातन कदम उठाये जाने के संबंध में समाहरणालय सभागार में बैठक आहूत की गई । बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, एमजीएम उपाधीक्षक डॉ नकुल चौधरी, नगर निकाय पदाधिकारी, टीएमएच व अन्य निजी चिकित्सा संस्थानों तथा नर्सिंग होम के प्रतिनिधि, जुस्को सहित अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे । स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में डेंगू के दो मामले जिला में हैं और दोनों मरीज दूसरे स्थानों से आए हैं, स्थिति सामान्य है। जिला अंतर्गत सभी सरकारी व निजी अस्पताल प्रबंधन को डेंगू मरीजों के लिए दो बेड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया तथा सिविल सर्जन को डेंगू टेस्ट किट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं सभी चिकित्सा संस्थानों को निर्देशित किया गया कि डेंगू जांच का निर्धारित दर ही मरीजों से लें अन्यथा जांच में पकड़े जाने पर जिला प्रशासन द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डेंगू लार्वा पाए जाने वाले घरों में सम्बन्धितों से 500 रु. जुर्माना वसूला जाएगा, लगातार प्रशासन के दिशा निर्देशों की अवहेलना पर दोषियों को ज्यादा आर्थिक दण्ड लगाया जाएगा। साथ ही सभी सम्बन्धितों को युद्ध स्तर पर एन्टी लार्वा के छिड़काव का निर्देश दिया गया।

## उपायुक्त के निर्देश पर पटमदा इंटर कॉलेज में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार विभिन्न शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पटमदा डिग्री कॉलेज एवं इंटर कॉलेज, जाल्ला के छात्र - छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधी जानकारी देने के लिए इंटर कॉलेज, जाल्ला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान लगभग 500 विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान गुड समेरिटन एवं हिट एंड रन में मुआवजा भुगतान के प्रावधानों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। अंत में क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर सही उत्तर देने वाले छात्र एवं छात्राओं को हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जमशेदपुर के ट्रैफिक डीएसपी संजय कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा प्रबंधक प्रकाश कुमार गिरी, रोड इंजिनियरिंग ऐनलिस्ट नवीन कुमार, पटमदा डिग्री कॉलेज, जाल्ला के सचिव चन्द्रशेखर टुडू, प्रभारी प्राचार्य कृष्णपद महतो, इंटर कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार, व्याख्याता विश्वनाथ महतो, लायंस क्लब की अध्यक्ष नीतू सिंह, बुद्धिजीवी मंच पटमदा के सचिव कल्याण कुमार गोराई, कोषाध्यक्ष विजय कुमार मंडल आदि मौजूद थे।

## भुआ व पर्वतीपुर के जंगलों में छापेमारी कर अवैध शराब अड्डों को किया नष्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** जिले के उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के क्रम में मंगलवार को आबकारी टीम द्वारा आरआईटी थाना क्षेत्र के भुआ और पर्वतीपुर के जंगलों में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध सामग्री जब्त किया गया। इस दौरान आरआईटी थाना के सहयोग से भुआ जंगल और पार्वतीपुर जंगल मे नदी किनारे संचालित दो शराब अड्डों पर छापेमारी कर करीब 1000 किग्रा जावा महुआ नष्ट किया गया। साथ ही, शराब चुलाई करने में प्रयुक्त होने वाले कई सामानों को जब्त किया गया। छापेमारी की भनक लगते ही उन अड्डों से सभी फरार हो गए। उन अवैध शराब अड्डा संचालकों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।

## चौकीदार स्थापना समिति की बैठक, 306 रिक्त पदों पर होगी सीधी नियुक्ति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार चौकीदार स्थापना समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई। रूरल एसपी, स्थापना उप समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। जिलान्तर्गत चौकीदारों के कुल 306 रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु नये सिरे से विज्ञापन प्रकाशन के विषय पर विस्तृत चर्चा किया गया तथा सर्वसम्मति से विकाज्ञन प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया।

## रंकिणी मंदिर में शिवलिंग सहित शिव परिवार का प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कदमा के श्री श्री रंकिणी मंदिर में शिवलिंग सहित शिव परिवार का प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के पूजन हेतु बनारस से आये आचार्यों एवं मन्दिर के पंडितों के नेतृत्व में आज सम्पन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के दिन प्रातः 10 बजे से भगवान शिव की रूद्राभिषेक एवं पूजा अर्चना की गई। जिसके तहत रूद्राभिषेक के पश्चात् हवन, आरती सम्पन्न हुई। उक्त जानकारी रंकिणी मंदिर प्रबंधन ने कहा कि शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव हेतु जो शिव मंदिर का पूर्णनिर्माण पिछले आठ वर्ष पहले किया गया था। उक्त अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित होकर पूजा अर्चणा में भाग लिया।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री ने किया निर्माणाधीन एफसीआई गोदाम का निरीक्षण, गुणवत्ता जांच का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ईचागढ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड मुख्यालय के समीप बन रहे एफसीआई गोदाम का केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने निरीक्षण किया। उन्होंने सक्षम पदाधिकारी को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने काला इंटा लगाए जाने का जांच कर अच्छा सामग्री लगाने का निर्देश भी फोन पर डीसी को दिया। मालूम हो कि एक सप्ताह पूर्व झामुमो कार्यकर्ताओं ने भी गोदाम निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का विरोध किया था। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने भी निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री को देखकर जेई व कार्य कराने वाले को जमकर फटकार लगाया । गोदाम का निर्माण करीब 1 करोड़ 15 लाख की लागत से किया जा रहा है। वहीं राज्य मंत्री श्री सेठ ने कहा कि गोदाम निर्माण कार्य बहुत ही खराब है। उन्होंने कहा कि जांच होने तक कार्य बंद रहेगा और निश्चित रूप से जांच कराई जाएगी। मौके पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव, मधु गोराई, सारथी महतो आदि उपस्थित थे।

## कल्याण विभाग के योजनाओं की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने लंबित कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।बैठक में उपायुक्त ने प्री/पोस्ट मैट्रिक, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, पीवीटीजी ग्राम उत्थान योजना, धुमकड़िया भवन निर्माण योजना, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी, सरना, मसना, हड़गड़ी इत्यादि के कार्यप्रगति की क्रमवार समीक्षा की। छात्रवृत्ति योजना के लंबित मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने, योजनाओं के तहत शत प्रतिशत योग्य अभ्यर्थियों को लाभान्वित कराने हेतु प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी तथा संबंधित विद्यालय एवं महा विद्यालय के प्रधानाचार्य की जवाबदेही तय करते हुए शत प्रतिशत योग्य अभ्यर्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला स्तर पर एक भी आवेदन लंबित नहीं रखने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने शत प्रतिशत जरुरतमंद लोगों को योजना का लाभ प्रदान कराने, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा करते हुए ने 2021-22, 2022-2023 के चयनित लाभुकों के शेष बचे पशु वितरण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रुप उप विकास आयुक्त सह परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रभात कुमार बारतियार, प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## युवा धर्म की राजनीति से दूर रहे, करियर पर करें फोकस : डॉ. अजय कुमार

### - डॉ अजय ने किया 150 खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल किट का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शहर के विभिन्न क्षेत्र के 10 फुटबॉल टीम के लगभग 150 खिलाड़ियों के बीच मंगलवार को जमशेदपुर के पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वर्किंग कमिटी के सदस्य डॉ अजय कुमार ने फुटबॉल किट का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल किट वितरण करने का उद्देश्य बच्चों में खेल को बढ़ावा देना है। ताकि बच्चे मोबाइल से दूर रह कर मैदान में खेले जिससे उनका शारीरिक एवम् मानसिक विकास हो। वहीं उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म की राजनीति से दूर रह कर अपनी पढ़ाई, खेल करियर पर फोकस करना चाहिए। झारखंड में प्रतिभा की कमी नहीं, जरूरत है उसको सही अवसर प्रदान करने की। उन्होंने कहा खेलेगा तो जीतेगा इंडिया। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए मैं मुख्यमंत्री से बातचीत करूंगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजीव श्रीवास्तव, अमित राय,राजा सिंह राजपूत सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



## परमाणु ऊर्जा विभाग ने पूरा किए 70 साल, यूसील की ओर से सभी इकाइयों में कई कार्यक्रम आयोजित

### - इंजीनियरिंग छात्रों ने जाना राष्ट्र की तरक्की में डीएई का योगदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जादूगोड़ा :** परमाणु ऊर्जा विभाग का 70 साल पूरा होने पर वर्ष 2024 में यूसील प्लेटिनम जयंती समारोह मना रही है। डीएई की शुरुआत वर्ष 1954 में हुई थी और इसने राष्ट्र की प्रगति के लिए कई क्षेत्रों में 70 वर्षों से लगातार योगदान दिया है। इधर यूसील की ओर से मंगलवार को कंपनी की तुम्मापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट में अधिकारियों के बीचदोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन से इसकी शुरुआत होगी।जिसका उद्घाटन यूसील के सीएमडी संतोष कुमार सत्तपति करेंगे। इसके पूर्व तुम्मापल्ली माइंस में उड़ीसा समेत अन्य स्कूल और कॉलेज के छात्रों ने यूरेनियम प्रोजेक्ट का दौरा किया व यूरेनियम उत्पादन से देश की तरक्की में परमाणु ऊर्जा विभाग के योगदान से अवगत हुआ। इसके अतिरिक्त तकनीकी अतिथि व्याख्यान, नई सुविधाओं का उद्घाटन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी जादूगोड़ा यूसील की तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुमन सरकार (डीजीएम (मिल), किशोर भगत, डीजीएम (खान), विपिन कुमार शर्मा, अतिरिक्त अधीक्षक (मिल )समेत एनवीवीएस बाबू मैथीवनन के.नागराजू, एन.वी.राजेश, संजय चटर्जी, पी.के.नायक आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



## जमशेदपुर के इंजीनियर ने किया नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण में क्रांतिकारी आविष्कार का दावा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के एक इंजीनियर, सौम्य दीप, जिन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग और नवीकरणीय ऊर्जा में विशेषज्ञता हासिल की है, ने ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आविष्कार का दावा किया है। वर्तमान में विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के प्रशासक के रूप में कार्यरत सौम्य दीप को नवीकरणीय ऊर्जा अनुसंधान में गहरी रुचि है। वे 2004 में भारत के पूर्व राष्ट्रपति, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा %मौसम नियंत्रण प्रणाली% की अवधारणा के लिए सराहे गए थे।सौम्य दीप ने फ्लायव्हील ऊर्जा भंडारण प्रणाली (एफईएसएस) की दक्षता और ऊर्जा भंडारण क्षमता को



बढ़ाने की एक नई प्रक्रिया विकसित की है। इस प्रक्रिया का पेटेंट 19 जून 2024 को कोलकाता में बौद्धिक संपदा भवन में किया गया और 5 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय आधिकारिक पेटेंट कार्यालय पत्रिका में प्रकाशित किया गया। इस पेटेंट का शीर्षक %ओवर यूनिटी एफिशिएंसी फ्लायव्हील बनाने की प्रक्रिया है।फ्लायव्हील ऊर्जा भंडारण प्रणाली यांत्रिक बैटरी होती है जो घूर्णनात्मक गतिज ऊर्जा के रूप में ऊर्जा को संग्रहीत करती है। ये प्रणालियाँ नवीकरणीय ऊर्जा के पूर्ण लाभों को प्राप्त करने के लिए कुशल बड़े पैमाने पर ऊर्जा भंडारण समाधान के रूप में मानी जाती हैं। ये प्रणालियाँ नवीकरणीय स्रोतों से ऊर्जा संग्रहीत करती हैं और आवश्यकता पड़ने पर ऊर्जा की आपूर्ति करती हैं।सौम्य दीप का दावा है कि उनकी प्रक्रिया फ्लायव्हील की ऊर्जा भंडारण क्षमता और आउटपुट दक्षता को बहुत अधिक बढ़ा सकती है। उन्होंने गणितीय रूप से सिद्ध किया है कि उनकी प्रक्रिया से फ्लायव्हील ओवर यूनिटी एफिशिएंसी प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें आउटपुट ऊर्जा इनपुट ऊर्जा से अधिक होती है। सौम्य अब अपने गणितीय सिद्धांत को व्यावहारिक और व्यावसायिक रूप से उपलब्ध मशीनों में परिवर्तित करने पर काम कर रहे हैं और इसके लिए प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग की तलाश कर रहे हैं। हालांकि, बौद्धिक संपदा प्रोटोकॉल के कारण पेटेंट के विशिष्ट विवरणों को सार्वजनिक रूप से साझा नहीं किया जा सकता है। सौम्य दीप से +91 7667726209 पर या ईमेल द्वारा saumya_shakti@yahoo.ष्पद्ब पर संपर्क किया जा सकता है।सौम्य का आविष्कार ऊर्जा भंडारण में क्रांति ला सकता है और भविष्य के लिए एक स्थायी ऊर्जा समाधान प्रदान कर सकता है।

## नारायणा का स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट के 19वाँ संस्करण का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान ''नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट ( एनसेट ) के 19वाँ संस्करण का शुभारंभ हुआ। इस परीक्षा का आयोजन भारत के 27 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में 300 शहरों के 3000 से अधिक स्कूलों में 06 अक्टूबर एवं 20 अक्टूबर 2024 को ऑफलाईन और 07 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2024 एवं 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाईन मोड में आयोजित की जायेगी।इस प्रतियोगिता परीक्षा में छात्र हमारी वेबसाईट (nsat.narayanagroup.com) पर घर बैठे ऑनलाईन आदेवन कर सकते है या नजदीकी नारायणा केन्द्र पर जाकर परीक्षा से 5 दिन पहले तक आवेदन कर सकते है। नारायणा कोचिंग सेन्टर के नेशनल एकेडिक हेड सह जमशेदपुर केन्द्र के निदेशक श्याम भूषण ने बताया कि यह परीक्षा ऑबजेक्टीव टाईप का होगा एवं इसमें साइन्स, मैथ्स एवं मेन्टल एबिलिटी से प्रश्न पूछे जाएगें, परीक्षा की अवधि एक घंटे की रहेगी। यह परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी, ऑफलाईन परीक्षा का पहला सत्र प्रातः 10.30 बजे से 11.30 बजे तक होगी जिसमें कक्षा 5वीं से 8वीं तक के छात्र शामिल होंगे एवं द्वितीय सत्र संध्या 4.00 बजे से 5.00 बजे होगी जिसमें कक्षा 9वीं से 11वीं के छात्र शामिल होगें, वहीं ऑनलाईन परीक्षा का पहला सत्र प्रातः 11.00 बजे से 12.00 बजे तक होगी जिसमें कक्षा 5वीं से 11वीं तक के छात्र शामिल होंगे तथा द्वितीय सत्र संध्या 7.00 बजे से 8.00 बजे तक होगी, जिसमें कक्षा 5वीं से 11वीं तक के छात्र शामिल होंगे भूषण ने बताया कि जो विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उस छात्र को नारायण के किसी भी कोर्स में दाखिला लेने पर 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। भूषण ने बताया कि एन.एस.ए.टी.' 2024 का 19वां संस्करण पहले से कहीं ज्यादा बड़ा और बेहतर होगा।



संपादकीय

## अजेय विश्व विजेता

**वाह** शाबाश, कमाल और करिश्मा... ! क्रिकेट की टीम इंडिया के लिए और कितने शब्दों का इस्तेमाल करें। टीम इंडिया टी-20 की विश्व विजेता है। यह अप्रतिम खेल-उपलब्धि है। टीम इंडिया 2007 में भी, महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में, दनादन क्रिकेट की सर्वप्रथम विश्व विजेता बनी थी। 17 लंबे सालों की प्रतीक्षा और निरंतर संघर्ष के बाद टीम इंडिया दोबारा विश्व चैम्पियन बनी है। यह आत्मविश्वास, धैर्य, जीतने के जज्बे और एकसूत्र में बंधी टीम की शानदार जीत है। देश खुशी से झूम रहा है। आंखें नम हैं और मुस्कान से भीगी भी हैं। असंख्य देशवासियों ने अनगिनत दुआएं भी दी होंगी। पूजा-पाठ भी किए गए। यह जीत अकल्पनीय, अप्रत्याशित और आशातीत नहीं है, क्योंकि टीम इंडिया कई बार जीत की दहलीज तक पहुंच कर ठिठकती और पराजित होती रही है। विश्व विजेता बनने के लिए कमाल की बल्लेबाजी, सटीक और स्विंगर गेंदबाजी, चुस्त और असंभव-सा क्षेत्ररक्षण कर टीम इंडिया ने साल-दर-साल मेहनत की है। यह बात कप्तान रोहित शर्मा ने कही है। इस बार दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हरा कर विश्व विजयी तिरंगा लहराया है, तो टीम इंडिया पराजय के जबड़े से 'अतुलनीय जीत' छीन कर लाई है। बेशक यह संकरी और रोमांचक जीत रही है। सबसे अद्भुत उपलब्धि तो यह है कि भारत के क्रिकेटर पूरे विश्व कप में 'अजेय' रहकर विश्व विजेता बने हैं। यह रोहित शर्मा के 257 रनों, सूर्यकुमार यादव के 199 विस्फोटक रनों, फाइनल मैच में मास्टर विराट कोहली के 59 गेंदों पर 76 रन और अक्षर पटेल की 31 गेंदों पर 47 रनों की छक्केदार पारी के साथ-साथ बुमराह की 15, अर्शदीप सिंह की 17, हार्दिक पंड्या की 11 और कुलदीप यादव की 10 विकेटों की सामूहिक जीत है। बेशक ऋषभ पंत के योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता। टीम इंडिया का गठन ऐसा है कि बोर्ड और चयनकर्ताओं ने भी हस्तक्षेप नहीं किया। टीम को शिद्दत से खेलने दिया गया। 2023 में एकदिनी क्रिकेट के विश्व कप का फाइनल हारने के बावजूद रोहित शर्मा की कप्तानी पर भरोसा किया गया।

> टीम इंडिया टी-20 की विश्व विजेता है। यह अप्रतिम खेल-उपलब्धि है। टीम इंडिया 2007 में भी, महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में, दनादन क्रिकेट की सर्वप्रथम विश्व विजेता बनी थी। 17 लंबे सालों की प्रतीक्षा और निरंतर संघर्ष के बाद टीम इंडिया दोबारा विश्व चैम्पियन बनी है। यह आत्मविश्वास, धैर्य, जीतने के जज्बे और एकसूत्र में बंधी टीम की शानदार जीत है। देश खुशी से झूम रहा है। आंखें नम हैं और मुस्कान से भीगी भी हैं। असंख्य देशवासियों ने अनगिनत दुआएं भी दी होंगी। पूजा-पाठ भी किए गए। यह जीत अकल्पनीय, अप्रत्याशित और आशातीत नहीं है, क्योंकि टीम इंडिया कई बार जीत की दहलीज तक पहुंच कर ठिठकती और पराजित होती रही है। विश्व विजेता बनने के लिए कमाल की बल्लेबाजी, सटीक और स्विंगर गेंदबाजी, चुस्त और असंभव-सा क्षेत्ररक्षण कर टीम इंडिया ने साल-दर-साल मेहनत की है।

बहरहाल टीम इंडिया ऐसी इकलौती टीम है, जिसने एकदिनी विश्व कप, टी-20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी 2-2 बार जीते हैं। नतीजतन टीम इंडिया टी-20 की भी विश्व में 'नंबर वन' टीम है। एक दौर था, जब हम ऐसी 'सर्वोच्चता' की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। आज से 13 साल पहले 2011 में टीम इंडिया ने दूसरी बार एकदिनी क्रिकेट का विश्व खिताब जीता था। अब भारत में कपिलदेव, महेंद्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा सरीखे विश्व विजेता कप्तान हैं। अब नई, युवा पीढ़ी इस करिश्माई उपलब्धि का सिलसिला बरकरार रखेगी। चूंकि विश्व विजयी होने के तुरंत बाद विराट कोहली ने 'अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट' से संन्यास की घोषणा कर दी है और 2026 के अगले टी-20 विश्व कप तक रोहित शर्मा की उम्र भी 39 साल हो जाएगी, लिहाजा नए नेतृत्व को ढूंढने और तराशने की अहम दरकार है। भारत की बल्लेबाजी विख्यात रही है। विराट नहीं चले, तो रोहित के छक्कों ने धुएं उड़ा दिए। अब गेंदबाजी का खौफ भी फैलने लगा है। बुमराह की स्विंग का तोड़ विरोधी टीमें नहीं निकाल पा रही हैं। अर्शदीप ऐसा गेंदबाज उभरा है, जिसकी सटीक गति ने विरोधी पक्ष के पसीने छुड़ा रखे हैं। कुलदीप और अक्षर की घूमती गेंदें एक रहस्य लगती हैं। इसी विश्व कप के दौरान टीम इंडिया ने गत चैंपियन इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमों को पटखनी दी है, उसे समूचे विश्व के क्रिकेट प्रेमियों ने देखा होगा और सराहा भी होगा। विश्व चैंपियन बनने की 'गुरु दक्षिणा' मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दी गई है, क्योंकि इसी प्रतियोगिता के साथ उनका दौर भी समाप्त हो गया है। संभवतः गौतम गंभीर अब टीम इंडिया के नए कोच होंगे। कोहली को विदाई की सौगात भी मिली है और वह 'प्लेयर ऑफ दि मैच' भी चुने गए हैं। 'प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट' का सम्मान बुमराह को दिया गया है। अब भारत लौटने पर टीम का 'नायकीय स्वागत' किया जाएगा। देश की अपेक्षा और उम्मीद रहेगी कि टीम अंतिम दौर में तनाव और दबाव के कारण फिसलना कम करे। इसका भी प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। खिलाड़ी अपने खेल में निरंतरता कायम रखने की कोशिश करें। बहरहाल सभी को ढेरों बधाइयां।

आर्थिक मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों के द्वारा भेजी गई बड़ी धनराशि से भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था

## अर्थव्यवस्था को मजबूती देते प्रवासी भारतीय

डा. जयंतीलाल भंडारी J

> पिछले वर्ष 2022-23 में भारतीय प्रवासियों ने 111 अरब डॉलर का रेमिटेंस भारत भेजा था। ज्ञातव्य है कि भारत के बाद मैक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस सबसे ज्यादा रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देश हैं। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले एक दशक में भारत में लगातार अन्य देशों के मुकाबले रेमिटेंस सबसे अधिक रहा है। भारत में वर्ष 2010 में रेमिटेंस के तौर पर 53 .48 अरब डॉलर आए थे। वहीं ये वर्ष 2015 में बढक़र 68 .19 अरब डॉलर और वर्ष 2020 में 83 .15 अरब डॉलर हो गए हैं। प्रवासी भारतीयों की से भारत भेजा गया धन वर्ष 2021-22 में 83 .57 अरब डॉलर था।

**हाल** ही में 27 जून को यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय प्रवासियों के द्वारा वर्ष 2023-24 में भेजा गया रेमिटेंस (प्रवासियों के द्वारा अपने घर भेजा गया धन) दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है। पिछले वर्ष में यह रेमिटेंस 107 अरब डॉलर यानी 8.95 लाख करोड़ रुपए की ऊंचाई पर है। खास बात यह है कि पिछले वर्ष में भारतीयों द्वारा भेजी गई यह रकम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) से लगभग दो गुना है। यह लगातार दूसरा साल है, जब भारतीयों ने 100 अरब डॉलर से ज्यादा की धनराशि भारत भेजी है। पिछले वर्ष 2022-23 में भारतीय प्रवासियों ने 111 अरब डॉलर का रेमिटेंस भारत भेजा था। ज्ञातव्य है कि भारत के बाद मैक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस सबसे ज्यादा रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देश हैं। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले एक दशक में भारत में लगातार अन्य देशों के मुकाबले रेमिटेंस सबसे अधिक रहा है। भारत में वर्ष 2010 में रेमिटेंस के तौर पर 53.48 अरब डॉलर आए थे। वहीं ये वर्ष 2015 में बढक़र 68.19 अरब डॉलर और वर्ष 2020 में 83.15 अरब डॉलर हो गए हैं। प्रवासी भारतीयों की से भारत भेजा गया धन वर्ष 2021-22 में 83.57 अरब डॉलर था। प्रवासियों का यह धन जहां प्रवासियों के परिजनों को मुस्कुराहट दे रहा है, वहीं अर्थव्यवस्था के लिए भी लाभप्रद है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जब कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी और बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार बंद होने के कारण देश में आर्थिक-सामाजिक परेशानियां बढ़ गई थीं, उस समय आर्थिक मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों के द्वारा भेजी गई बड़ी धनराशि से भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। गौरतलब है कि दुनिया में प्रवासी भारतीयों की संख्या करीब एक करोड़ 80 लाख है। दुनियाभर में सबसे ज्यादा प्रवासी भारत के हैं। सबसे ज्यादा भारतीय प्रवासी संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब में रहते हैं। पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले खाड़ी देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में हाई स्किल्ड लोगों की संख्या ज्यादा है जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया और



न्यूजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं। ऐसे में वे अधिक कमाई करके अधिक धन भारत भेज रहे हैं। निःसंदेह प्रवासी भारतीय भारत की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी शक्ति बढ़ाने में भी अहम सहयोग कर रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई हैं। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो वराडकर, पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनिया कोस्टा, अमेरिका की पहली महिला और पहली अश्वेत उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ और राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपुन, सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी के साथ-साथ दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने-अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे हैं। इतना ही नहीं, दुनिया के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला, गूगल के सुंदर पिचाई, नोवार्टिस के वसंत नरसिम्हन, एडोब के शांतनु नारायण, आईबीएम के अरविंद कृष्णा, स्टारबक्स के लक्ष्मण नरसिम्हन, वर्टेक्स फार्मास्यूटिकल्स के रेशमा केवलरमानी, माइक्रोन टेक्नोलॉजी के संजय मेहरोत्रा, कैडेंस डिजाइन सिस्टम के अनिरुद्ध देवगन, पालो अल्टो नेटवर्क के निकेश अरोड़ा, वीएमवेयर के रंगराजन रघुराम, इमर्सन इलेक्ट्रिक कंपनी के सुरेंद्रलाल करसनभाई, माइक्रोचिप प्रौद्योगिकी के गणेश मूर्ति आदि अपनी प्रतिभाएं कौशल से कारोबार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया की अगुवाई कर रहे हैं और भारत के विकास के सहभागी भी बन रहे हैं। इस समय 18वीं लोकसभा के चुनाव के बाद भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की एनडीए गठबंधन सरकार बनने के बाद प्रवासियों का कहना है कि एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी की नई सरकार से प्रवासियों को भारत के विकास में सहयोग और सहभागिता करने के मद्देनजर नई ऊर्जा प्राप्त होगी। अमेरिका में कार्यरत भारतीय अमेरिकी डेमोक्रेटिक फंडराइजर तथा भारत हितैषी प्रवासियों के विभिन्न संगठनों का कहना है कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया के आर्थिक और राजनीतिक मंचों पर जिस तरह भारत की सफलताओं का परचम फहराया है, उससे प्रवासियों के द्वारा गर्व अनुभव किया जा रहा है। उनका मानना है कि पिछले 10 वर्षों में भारत की सुरक्षा में सुधार हुआ है। सरकार ने आतंकवादी खतरों या आतंकवादी घटनाओं को नियंत्रित कर दिया है। सरकार की नीतियां भारत को आगे बढ़ा रही हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में प्रवासी भारतीयों की भी अहम भूमिका रही है। प्रवासियों का यह भी कहना है कि नई गठबंधन सरकार से दुनिया के कोने-कोने से भारतीय प्रवासियों को और अधिक सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञातव्य है कि जहां वर्ष 2023 में इजराइल और हमास आतंकियों के बीच चल रहे संघर्ष के बीच इजरायल में फंसे भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत ने ऑपरेशन अजय चलाया है, साथ ही वर्ष 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में भारतीय समुदाय सीधे खतरे में आ गया था। तब ऑपरेशन गंगा के तहत बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित भारत वापस लाया गया था। इस वर्ष जून 2024 में कुवैत में अग्निकांड में 45 प्रवासी भारतीयों की मौत के बाद कुवैत में प्रवासी भारतीयों की सहायता के मद्देनजर नई गठबंधन सरकार ने अहम भूमिका निभाई है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि अभी भारत के द्वारा अपने प्रवासियों के दुख-दर्दों को कम करने में और अधिक सहयोग किया जाना होगा। भारत सरकार की और अधिक सक्रियता जरूरी है।

दृष्टि कोण

## चांदी के दाम ऑल टाइम हाई, फिर भी बढ़ रही है मांग, एक साल में जबरदस्त इजाफा

**बीते** कुछ महीनों में गर्मी की तरह ही चांदी ने भी सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह 92,873 हजार रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई और भारत में ऑलटाइम हाई का रिकॉर्ड बना दिया। माना जा रहा है कि अगले कुछ महीनों में बुलियन बाजार में चांदी की इसी तरह से चांदी चलती रहेगी। वैसे बीते चार दशकों के दौरान इसके दाम 26 गुना से भी ज्यादा बढ़ चुके हैं। गौरतलब है कि उद्योगों-खासकर, इलेक्ट्रिक कारों की बैटरियों, सोलर पावर के सोलर पैनल्स और 5-जी टेक्नोलॉजी में चांदी की खपत ज्यादा हो रही है। इससे चांदी की सालाना मांग में सात से आठ फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। इस तरह मांग बढ़ने से इसकी कीमतें भी बढ़ रही हैं। मांग की तुलना में चांदी की खनन गतिविधियां लगभग स्थिर हैं, बल्कि इसमें आंशिक गिरावट भी आई है। 2015 में जहां चांदी का वैश्विक खनन 89.7 करोड़ आउंस (एक आउंस यानी 28.34 ग्राम के बराबर) हुआ था। वहीं, 2023 में यह गिरकर 82.4 करोड़ आउंस रह गया। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अब कई लोग, खासकर माध्यम वर्ग आभूषणों के लिए चांदी की तरफ देख रहे हैं। वस्तुतः पिछले दो दशक में उद्योगों और प्रौद्योगिकी में चांदी की उपयोगिता बढ़ी है। 'इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी' की हालिया रिपोर्ट कहती है कि पिछले एक साल में सोलर पावर में इस्तेमाल होने वाले फोटोवोल्टेइक पैनल्स में निवेश एक साल पहले की तुलना में दोगुना होकर 80 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। फोटोवोल्टेइक पैनल्स में चांदी का काफी इस्तेमाल होता है। साल 2024 में ही चांदी की वैश्विक मांग में 1.2 अरब आउंस की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। लिहाजा, चांदी की कीमतों के भी लगातार ऊंचे होते चले जाने की संभावना है। दरअसल, चांदी दुनिया की सबसे बढ़िया सुचालक धातु है। इसलिए



सोलर पैनल्स पर चांदी का पेस्ट किया जाता है। जब सूरज का प्रकाश उसके पैनल्स पर गिरता (स्ट्राइक) है, तब सिलिकॉन के इलेक्ट्रॉन मुक्त होते हैं और चांदी विद्युत को तुरंत गतिशील कर देती है। आज भी सिनेमा को सिल्वर स्क्रीन कहकर संबोधित किया जाता है। दरअसल सिनेमा की शुरुआत में फिल्में प्रोजेक्टर के जरिये दिखाई जाती थीं। इसके लिए जिस परदे पर तस्वीर प्रोजेक्ट की जानी होती थी, उसका चमकदार होना जरूरी था, ताकि परावर्तन (रिफ्लेक्शन) बढ़ने से तस्वीरों की गुणवत्ता बढ़ सके। परदे को ज्यादा चमकदार बनाने के लिए तब स्क्रीन को 'मैटेलिक सिल्वर' से 'कोट' किया जाता था। उसी से यह शब्द उत्पन्न हुआ और आज भी अक्सर इसका इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल, चांदी सबसे ज्यादा सूर्य की किरणों को परावर्तित करने वाली धातु है। भारत में चांदी का 50.7 प्रतिशत इस्तेमाल उद्योगों में, 17.8 प्रतिशत आभूषणों में, 24.5 प्रतिशत कॉइन्स-बार्स निवेश में, 2.8 प्रतिशत फोटोग्राफी में और 4.2 प्रतिशत चांदी के बर्तनों में उपयोग किया जाता है। चार मई, 1989 को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने शुक्र ग्रह की सतह की 'मैपिंग' के लिए 'मैगलेन' स्पेस क्राफ्ट लॉन्च किया था। चूंकि चांदी में प्रकाश की किरणों को परावर्तित करने की क्षमता सबसे ज्यादा होती है। इसके मद्देनजर इसे घातक सौर विकिरण से बचाने के लिए इस पर 'सिल्वर कोटेड क्वाटर्स टाइल्स' लगाई गई थीं। इसके बाद से सभी स्पेस क्राफ्ट के ऊपर सिल्वर की कोटिंग की जाने लगी है। इससे स्पेस क्राफ्ट के तापमान को कम करने में मदद मिलती है। दुनिया में छोटी-बड़ी मिलाकर कुल 757 सक्रिय चांदी की खदानें हैं। इनमें से भारत में केवल छह हैं। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, चांदी के उत्पादन में सबसे ऊपर मेक्सिको है, जो कि 6,400 टन चांदी का उत्पादन करता है, जो कुल वैश्विक चांदी उत्पादन का 21 फीसदी है। इसके बाद क्रमशः चीन, पेरू, चिली और फिर पोलैंड का स्थान आता है। चीन चांदी का सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। यह कुल उत्पादित चांदी का 18 प्रतिशत हिस्सा इस्तेमाल करता है। तो वहीं 'इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस' की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सबसे ज्यादा 43 टन चांदी का उत्पादन राजस्थान करता है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## दुलमी के दो पंचायत मे किसान महासभा महिला मोर्चा कमिटी का हुआ गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**रजरप्पा :** दुलमी प्रखण्ड अन्तर्गत दो पंचायत दुलमी और पोदमदगा के पंचायत भवन में बैठक रखा गया जिसमें निकटवर्ती पंचायत के महिला किसान अगुवा किसानों का परिचर्चा हुआ । किसान महाजुटान को लेकर रणनीति बनायी गयी । जिसकी अध्यक्षता दुलमी प्रखण्ड प्रभारी रीता भारती ने की व संचालन दुलमी पंचायत में संजना देवी और पोदमदगा पंचायत मे ललीता देवी ने संयुक्त रूप से किया । बैठक में मुख्य वक्ता दुलमी प्रखण्ड प्रभारी रीता भारती और गोला प्रखण्ड प्रभारी कपिल देव महतो ने महासभा के आगामी योजनाओं का विस्तार से बताया और कहा कि झारखण्ड राज्य के किसान असंगठित है इनकी स्थिति दिहाडी मजदूरी से भी अधिक खराब है गई है मुख्य मुद्दो मे महासभा ने तय किया है कि इस वर्ष सरकार को किसानों से तय एमएसपी दर पर ससमय धान खरीद करना होगा किसानो के खाते में इसका भुगतान चौबीस घंटे के अन्दर देना । गैर मजुरुवा खास जमीन का रसीद किसानों के नाम निर्गत करना शुरू करना होगा और योजनाओं में भ्रष्टाचार जिस प्रकार चरम सीमा में उसे खत्म करने को लेकर मुख्य रूप आन्दोलन करने को लेकर प्रस्ताव पारित हुआ ।झारखण्ड किसान महासभा के दुलमी प्रखण्ड के दो पंचायत दुलमी और पोदमदगा के पंचायत प्रभारी नियुक्त किए गए ।झारखण्ड किसान महासभा के पंचायत कमिटी के अन्तर्गत दुलमी पंचायत प्रभारी संजना देवी, सह प्रभारी लगनी देवी , संयोजक सीता देवी , सहसंयोजक बिलखी देवी एवं पोटमदगा पंचायत प्रभारी ललीता देवी , सह प्रभारी ममता देवी, संयोजक काजो देवी , सहसंयोजक संजोती देवी को मनोनीत किया गया कमिटी के प्रखण्ड के अगुवा सदस्य रूप में कविता देवी रुवी देवी, हेमन्ती देवी, नमिता देवी सावित्री देवी पुनम कुमारी कांती देवी देवन्ती कुमारी उर्मिला कुमारी को चयन किया गया ।सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने आगामी महीने लक रामगढ़ जिला मे महिला मोर्चा संगठन को मजबूत बनाने और आन्दोलन को तेज करने की प्रण ली । किसान महाजुटान को लेकर आंदोलन और प्रदर्शन किया जायगा और इसके लिए लाखों की संख्या में किसान सड़कों पर उतरेंगे

## डीएवी बरकाकाना के रूद्रांश ने स्कूल का नाम किया रौशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से आयोजित सोलो बैडमिंटन मुकाबले में डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना के रूद्रांश रंजन ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा माजिद ने रूद्रांश को शील्ड देकर सम्मानित किया। प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा माजिद ने रूद्रांश की इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल रूद्रांश के मेहनत और समर्पण का परिणाम हैए बल्कि यह विद्यालय के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने रूद्रांश को भविष्य में और भी





सफलताएं प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं और अन्य छात्रों को भी इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने कहाए ष्रूद्रांश की यह सफलता पूरे विद्यालय के लिए प्रेरणादायक है और हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय में ऐसे होनहार छात्र हैं।रूद्रांश की इस सफलता से पूरे विद्यालय में हर्ष और गर्व का माहौल है। उनके सहपाठियों और शिक्षकों ने भी उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रूद्रांश ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोचए शिक्षक और माता.पिता को दिया और कहा कि उनके सहयोग और समर्थन के बिना यह संभव नहीं था।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक

**रामगढ़ :** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी निशा सिंह के द्वारा उपायुक्त एवं समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी देने के क्रम में बताया गया की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 25727 विद्यार्थियों का आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमें 6507 विद्यार्थियों को स्वीकृति दी जा चुकी हैं वहीं वर्तमान में 19220 विद्यार्थियों को स्वीकृति दिए जाने हेतु आवेदन प्राप्त है। जिनका सत्यापन उपरांत विद्यार्थियों को लाभ दिया जाएगा। बैठक के दौरान उपायुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ देने हेतु आवेदनों को स्वीकृति देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## दुर्घटना में घायल दुकानदार व्यवसायी के पुत्र भोला साव का निधन

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल जमुरीया बाजार स्थित मंगलवार को दुकानदार व्यवसायी सह सयाल निवासी अजय साव के 17 वर्षीय पुत्र भोला साव का इलाज के क्रम में निधन हो गया। बता दें कि बिते छह महीने पुर्व ही एक सड़क दुघर्टना में अजय साव के पुत्र भोला साव को गंभीर चोटे आई थी। जिसका इलाज रांची में चल रहा था। वहीं मंगलवार को भोला साव का निधन हो गया। वहीं शोक व्यक्त करने वालो में बिरेंद्र पासवान,पिंटू सिंह, कृष्णा साव, रामेश्वर मेहता, राजीव सिन्हा,दिपक अरोड़ा,बुचुन सेठ, मुकेश राणा, संजय सोनी,राजा सिन्हा, शंकर यादव, बिट्टू राणा, नरेश,कमरूल, पंकज, नरेश, रंजीत, देवाशीष, मुन्ना आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।



## रिटायर्ड सीसीएल कर्मी की ट्रेन से कटकर हुई मौत

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सेंट्रल सौंदा नलकारी स्थित आज दोपहर रामचंद्र सिंह नामक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। जिसके बाद इलाके सनसनी फ़ैल गई है, घटना के बाद सैंकड़ों स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई, और शव का काफी देर पहचान करने के प्रयास के बाद रामचंद्र सिंह सेंट्रल सौंदा निवासी के रूप में पहचान किया गया है जो पुर्व सीसीएल कर्मी थे, और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। बता दें कि इस रेल लाइन पर बरका सयाल अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं का कोयला सौंदा साइडिंग में स्टोक करने बाद कोयला सभी देश के कई राज्यों में कोयला भेजने का काम किया जाता है, ऐसे में आज रामचंद्र सिंह ने पोल संख्या 8और 9 के बीच दर्दनाक मौत हो गई, चर्चा है कि किसी बात को लेकर तनाव में आकर रामचंद्र सिंह ने आत्महत्या कर ली है जिसकी जांच पड़ताल पुलिस कर रही है।

## पूर्व विधायक 12 जूलाई से जन संवाद कार्यक्रम की शुरुआत करेगी

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र के आठों वार्ड से लगातार कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों द्वारा शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सूचारू रूप से नहीं होना, साफ सफाई नहीं होना ,नाली एवं सड़क की अनगिनत समस्याएं बताई जा रही हैं । यही नहीं वार्ड नंबर - 07 एवं 08 के कुछ हिस्से जो छावनी परिषद एवं आर्मी के द्वारा प्रतिबंधित किए गए है, उन क्षेत्रों में विकास के कार्य सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। ये भी एक गंभीर समस्या है। शहरी क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं होने की भी शिकायत मिल रही है , जिस कारण हमारे व्यापारी भाई एवं आम नागरिक काफी परेशान है! अंचल कार्यालय में दाखिल-खारिज एवं त्रुटी सुधार जैसे साधारण मामले में भी अधिकारियों की लापरवाही की शिकायत सुनने को मिल रही है! ऐसे कुछ अधिकारियों के कारण राज्य की लोकप्रिय सरकार की बदनामी हो रही है।ऐसे अधिकारी राज्य सरकार की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर रहे हैं ! इन सभी विषयों पर दिनांक 12 जूलाई से रामगढ़ शहर के विभिन्न टोला - मोहल्ला में स्वयं जाकर नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं से अवगत होने का निर्णय लिया है!खासकर महिलाओं के बीच जाकर उनकी समस्याओं से रूबरू होना ज्यादा जरूरी प्रतीत होता है!ममता देवी ने कहा कि जन - संवाद कार्यक्रम के माध्यम से रामगढ़ शहरी क्षेत्र के समस्याओं को एकत्रित कर उनके समाधन के लिए स्थानीय प्रशासन से वार्ता करने का भी निर्णय लिया है ! मेरे क्षेत्र में अगर समस्याओं का सामाधन नहीं हुआ तो बड़ा जन आंदोलन के लिए मैं तैयार हूं। मैं इस प्रेस वार्ता के माध्यम से रामगढ़ शहर के आम नागरिकों खासकर महिलाओं से विशेष आग्रह करुंगी की इस जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने क्षेत्र की समस्याओं पर जरुर चर्चा करें।



# रंगदारी मांगने वाले पांच युवकों को पुलिस ने देशी कट्टा व गोली के साथ किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सदर थाना पुलिस ने रंगदारी मांगने के मामले में पांच युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवकों के पास से एक देशी कट्टा, तीन जिंदा गोली और दो मोटरसाइकिल बरामद किया गया। यह जानकारी पुलिस उपाधीक्षक रोहित कुमार चतरा ने प्रेस वार्ता के माध्यम से दी।पुलिस उपाधीक्षक रोहित कुमार रजवार ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के गोडरा गांव में आरकेएस कंपनी का क्रशर प्रोजेक्ट चल रहा है। रंगदारी वसूलने के उद्देश्य से दो बार फायरिंग और धमकी दी गयी। इस संदर्भ में सदर थाना कांड संख्या-201/24 एवं 220/24 दर्ज किया गया था। घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक चतरा द्वारा इंस्पेक्टर विपीन कुमार के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान मुकेश राणा, उम्र-32 वर्ष, पिता-जागेश्वर राणा, 2. कौशल पासवान, उम्र 23 वर्ष, पिता-निरंजन पासवान, 3. दिनेश्वरी पासवान, उम्र 21 वर्ष, पिता-निरंजन पासवान, 4. कैलाश राणा, उम्र 24 वर्ष, पिता बिधान राणा, चारो पता सरहेटा, थाना इरतखोरी, जिला-चतरा 5. कृष्णा सिंह, उम्र-32 वर्ष, पिता-सौधन सिंह, पता बदवार, थाना-राजपुर, जिला-चतरा को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि एंटी क्राइम चेकिंग में पुलिस निरीक्षक प्रभारी विपीन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक महेश प्रसाद महतो, पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मनीष कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक कुमार गौतम , पुलिस अवर निरीक्षक रविरंजन कुमार एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान एवं चालक शामिल थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध सदर थाना कांड संख्या 231/24 दिनांक 08/07/2024 धारा-308 (5)/3(5) बीएनएस-2023 एवं 25(1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट. दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## शिक्षण संस्थान से 100 गज की दूरी वाले दुकानों में नशा उन्मूलन को लेकर हुई छापेमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** स्वास्थ्य विभाग, पुलिस एवं राज्य के संयुक्त अभियान में शिक्षण संस्थान के आसपास क्षेत्र में तंबाकू व तंबाकू जनित पदार्थ के दुष्परिणाम के रोकथाम हेतु छापेमारी अभियान चलाया गया।छापेमारी दल का नेतत्व सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद, राज्य नोडल पदाधिकारी तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉक्टर अश्विन, सलाहकार राजीव, राज्य कार्यक्रम सहायक धीरज कुमार, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजेश शर्मा, जिला सलाहकार तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम चतरा रश्मि दूबे के द्धारा किया गया। छापेमारी दल द्वारा जांच के क्रम में कुल 3 प्रतिष्ठानों से कुल 600 रुपया का अर्थदंड शुल्क वसूला गया। साथ ही साथ शिक्षण संस्थान में तंबाकू के प्रति बच्चों को जागरूक किया जा रहा है या नहीं और शिक्षण संस्थान को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है या नहीं का जायजा लिया गया।

## ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में दिया धरना




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत ब्रह्मपुर समेत अन्य गांव से काफी संख्या में महिला व पुरुष मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचे।जहां पंजी टू में फर्जी तरीके से अपने पूर्वजों का नाम अंकित करने के आरोप में मंझगंवा तरी घटेरी ब्रह्मपुर गांव के ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय मुख्य गेट पर धरना दिया। धरना मोहम्मद लतीफ के नेतृत्व में दिया गया।इस दौरान एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन बीडीओ सह सीओ राहुल देव को भी दिया। आवेदन में कहा गया है कि ब्रह्मपुर गांव के आस पास 1 सौ 70 एकड़, 66 डिसमिल जमीन गैरमजरुआ है। जो गिद्धौर आंचल कर्मियों के मिली भगत से मझगवां पंचायत के खीरू महतो व उसकी पत्नी गुंजरी देवी, सोमर मियां व पत्नी नसीरन खातून, चरण प्रसाद यादव, शईद मियां, सबीर मियां ने फर्जी तरीके से पंजी टू में नाम दर्ज करा लिया है। नाम दर्ज सभी अपने-अपने माता-पिता एवं दादा दादी के नाम से फर्जी पंजी टू तैयार करवरकर वास्तविक पंजी टू में कर्मियों के मिलीभगत से सम्मिलित करवा लिए हैं। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन में लगभग 80 वर्ष पूर्व से खेती करते आ रहे हैं। पंजी टू में फर्जी तरीके से नाम जोड़ने को लेकर एक आवेदन चतरा समाहरणालय सभा कक्ष में जनता दरबार में भी दी गई है।जिसे लेकर अक्रोषित ग्रामीणों ने फर्जी तरीके से पंजी टू से नाम हटाने व बंदोबस्ती किए कागजात को जाली घोषित करने की मांग किया है।धरना में काफी संख्या में महिला व पुरुष शामिल थे।

# प्रेस क्लब चतरा के दिशा निर्देश पर पत्रकार संघ ने थाना परिसर में किया पौधारोपण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रेस क्लब चतरा के अध्यक्ष सुनील कश्यप के दिशा निर्देश पर मंगलवार को पत्थलगड़ा थाना परिसर में पत्रकार संघ पत्थलगड़ा द्वारा किया गया पौधारोपण। पौधारोपण कार्यक्रम पत्रकार संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चतरा प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत राणा एंव पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी उपस्थित थे। श्रीकांत राणा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेस क्लब चतरा द्वारा 6 जुलाई से 20 जुलाई तक पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने कहा की प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में एक-दो वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। जिससे पृथ्वी की सुंदरता बढ़ती है और पर्यावरण प्रभावित नहीं होता है। साथ ही पत्रकार संघ द्वारा चलाई जा रही पौधारोपण अभियान को सम्मान किया। इस मौके पर संघ के उपाध्यक्ष सुनील दांगी, सचिव मोहम्मद सिराजुल, उपसचिव कैलाश दांगी, अभिषेक सिंह, मनीष सिंह, सुनील राम के अलावा कई आई बी आरबी के पुलिस जवान शामिल थे।

# डायरिया के संक्रमण रोकथाम करने को लेकर जन जागरूकता अभियान के तहत हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर सभागार में डायरिया के संक्रमण को रोकथाम करने को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाने के लिए प्रखंड के मुखिया व जल सहिया साथ मंगलवार को बैठक किया गया। बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के नेतृत्व में किया गया। जिला से आए स्वच्छता से जुड़े अधिकारी मंगल सिंह बांदा एवं जिला कोऑर्डिनेटर अरुण मिश्रा ने उपस्थित लोगों को बतलाए कि ग्रामीणों के द्वारा बरसात की पानी का बिना जांच किए हुए उपयोग नहीं करने देना है। यह चीज की जानकारी घर-घर तक जल सहिया को पहचान है। यदि बरसात की पानी को ग्रामीण जनता उपयोग करती है तो बीमार पड़ सकते हैं। और डारिया जैसे बीमारी बढ़ सकती हैं। इसलिए जल की जांच करवा कर ही जल की उपयोग करना है। तथा सभी मुखिया को निर्देश दिया गया कि जिस पंचायत में जहां भी चापानल जलमिनर खराब है। उसकी सूचना पीएचडी विभाग को करें। और उसे जल्द से जल्द बनवावे। आम ग्रामीण शुद्ध जल का उपयोग कर सके। उपस्थित मुखिया निर्मला देवी सुमीरा कुमारी डेगन गंझु मुख्य प्रतिनिधि मुकेश साहब पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय एवं प्रखंड से दर्जनों जलसहिया महिलाएं उपस्थित थी।

## प्रमुख ने एसडीओ को सौंपा बीपीओ के खिलाफ दर्जनों मामले



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड प्रमुख रोहन साव ने सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) के खिलाप दर्जनों शिकायत की को सूची सौंपा है। प्रमुख ने आवेदन में कहा है कि प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) राजेश पासवान बिना रिश्वत के कोई काम नही करते है। उन्होंने प्रखंड के जबड़ा, पुंडरा और सबानों पंचायत के प्रशासनिक सूची को अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपे हैं जिसमे बीपीओ द्वारा आज तक ऑनलाइन नही करने दिया गया है। जिससे सैंकड़ों लाभुको को योजना का लाभ नही मिल पाया है। उन्होंने आवेदन में आगे कहा है अदि योजना ऑनलाइन भी हो गया है तो बीपीओ जियो टैग नही होने दिया और अगर जियो टैग हो भी गया तो बीपीओ उसे अपने लॉगिन में रखे हुए है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि जांचों उपरांत करवाई करते हुए बीपीओ को सिमरिया से हटाने का मांग किया है।वहीं एसडीओ ने समुचित करवाई करने का आवाशन दिए है।

## सर्पदंश से युवती अचेत

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा पंचायत के तुरीसोत ग्राम में सर्पदंश से एक 22वर्षीय युवती अचेत हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिटी कुमारी 22 वर्ष पिता जगन गंझु ग्राम तुरीसोत, मुरपा थाना बालूमाथ निवासी अपने घर मे सोई हुई थी। जहां एक विषैले सांप से उसे काट लिया। जिससे युवती अचेत हो गयी। घटना के बाद परिजनों द्वारा युवती को अचेतावस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## जन वितरण प्रणाली दुकानदार के आकस्मिक निधन पर दुकानदार संघ ने शोक व्यक्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत फुलसू पंचायत निवासी पीडीएस दुकानदार गौरी सिंह (60) की आकस्मिक निधन पर जन प्रणाली दुकानदार संघ ने गणेश राणा के आवास में दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया। मौके पर जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद ने कहा कि मृतक सिंह 1983 से पीडीएस दुकान चलाकर ईमानदारी से लोगों का सेवा करते रहे। आगे कहा कि गौरी सिंह बिल्कुल स्वस्थ थे। 6 जुलाई को अचानक सीने में दर्द हुआ। उनके परिजन इलाज के लिए रांची ले जा रहे थे कि रास्ते मे ही उनकी मौत हो गई। गौरी सिंह हसमुख व मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। इनकी आकस्मिक निधन पर पीडीएस दुकानदार संघ गहरा शोक व्यक्त करती है। शोक व्यक्त करने वालो में मुख्य रूप से कुंवर प्रसाद, उमेश प्रसाद, उदय प्रसाद, नरसिंह सिंह, महेश पासवान, गणेश राणा, दिवाकर सिंह, अवध केशरी, मुकेश साव सहित अन्य पीडीएस दुकानदार शामिल थे।

# सीसीएल स्थानीय लोगो की मांगों को पूरा नहीं करेगा तो मैं गमछा बिछाकर धरने पर बैठ जाऊंगा : सांसद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में ट्रक मालिको का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। आयोजित धरना कार्यक्रम में चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह पहुंचे ।मौके पर बोलते हुए सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि 25 हजार टन तक के कोयला का उठाव ट्रक मोड़ से किया जाए ।क्योंकि विस्थापित प्रभावित ट्रक मालिको के रोजगार का साधन ट्रक है। उन्होंने मौके पर उपस्थित मगध महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ को निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय लोगो की बदौलत मैं आज सांसद बना हूँ। इसलिए मेरी पहली प्राथमिकता स्थानीय लोगो की हितों की रक्षा करना है। अगर सीसीएल स्थानीय लोगो की मांगों को पूरा नहीं करेगा तो मैं गमछा बिछाकर स्थानीय लोगों के साथ धरने पर बैठ जाऊंगा। ट्रक मालिक वर्ष 2018 का निर्धारित भाड़ा मांग रहे हैं तो इसमें गलत क्या है। वही आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कामेश्वर राम ने कहा कि हमलोग वर्ष 2018 का निर्धारित भाड़ा लागू करने की लड़ाई लड़ रहे है ।कुछ ट्रांसपोटर भाड़ा तोड़ने की नीयत से बिहार/उत्तर प्रदेश,उड़ीसा समेत अन्य राज्य की गाड़िया लाकर भाड़ा तोड़ने का काम रहे है ।हमलोगों की मांग है विस्थापित प्रभावित ट्रक मालिको द्वारा जो लिस्ट बनाया गया है। वैसे ही ट्रकों का सीसीएल द्वारा फॉर्मेट निर्गत किया जाए। विस्थापित सह भाजपा नेता चेतलाल राम ने कहा कि जीएम मगध द्वारा ग्रामीणों को लिखित आश्वासन दिया गया था ।कि 25 हजार टन कोयला का उठाव ट्रक मोड़ से होगा लेकिन इसके विपरीत इसका उठाव हाइवा से हो रहा है। और ट्रक मालिको के हक को छिना जा रहा है ।अगर हमलोगों की मांगों को माना नही गया तो हम अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे। मैं खुद ट्रक मालिक रहा हूं ।इनलोगो का दर्द मुझे मालूम है ।मौके पर परियोजना पदाधिकारी एस सत्यनारायण, बालूमाथ एशोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा, त्रिवेणी साव, सत्यनारायण साव, कुलदीप यादव, कमलेश सिंह, सुनील यादव, नरेश यादव, नामेश्वर गुप्ता, दिलीप कुमार, मिथुन साव, रंजीत यादव, राजेश राम, गगेश्वर यादव, शम्भू साव, अभिनव कुमार, अमन सिन्हा, मदन साव, मो.कल्लू, मुकेश राम, मो.शमद, रंजीत गुप्ता, मो.शामिल, हनी खान, दिलीप पासवान, गोविंद यादव, पंकज सिन्हा, विनय कुमार, सोनू कुमार, आशीष कुमार, राजेन्द्र राम, खुशियाल साव, गिरेन्द्र यादव,अरुण केशरी, पंकज केशरी, बबलू चौरसिया, मोनू कुमार, पाली उराँव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया गया आयोजन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 09 जुलाई 2024 दिन मंगलवार को जिला स्वास्थ्य विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन संयुक्त रूप से जनजाति अस्पताल मनन चोटाग लातेहार में एक दिवसीय जागरूकता उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लातेहार जिला के सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, स्कूल साधन सेवी, एवं शिक्षकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। सभी प्रखंड के एक से एक प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार के उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिला मलेरिया कैन्सल्टर सुनील कुमार सिंह ने फाईलेरिया रोग के बारे में बताया की मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटे जाने से फाईलेरिया रोग से ग्रसीत हो जाते हैं।इसका लक्षण एवं प्रभाव पाँच से सात वर्षों में दिखाई देता है। यह एक लाईलाज बीमारी है। जानकारी एवं जागरूकता से ही इस बीमारी से बचा जा सकता हैं। पीरामल फाउंडेशन सीडी टीम के कार्यक्रम प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से फाईलेरिया बीमारी के बारे में विस्तारपूर्वक उपस्थित प्रतिभागियों को जानकारी दी गई।

# नवागढ़ +2 विद्यालय में छात्र अभिनंदन सह छात्र सभा कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय नवागढ़ में छात्र अभिनंदन सह छात्र सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लातेहार नगर मंत्री मुकेश कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया कार्यक्रम में मुख्य रुप से विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने कहा कि स्थापना काल से लेकर आज 75 वर्ष हो जाने तक विद्यार्थी परिषद का यात्रा समाज परिवर्तन छात्र जीवन का परिवर्तन का बदलाव में अहम भूमिका रहा है। विद्यार्थी परिषद के द्वारा चलाए गए बहुत से अभियान जैसे परिषद की पाठशाला, ऋतुमति अभियान, परिसर चलो अभियान, कॉलेज कैंपस में स्थापित हो रहा है। इस विषय को लेकर आज समाज में व्यक्ति निर्माण को लेकर अपने जीवन में इस अभियान को चलाने का काम कर रहे हैं। आगे कहा कि विद्यार्थी परिषद के मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यक्रम 9 जुलाई राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस, 6 दिसंबर सामाजिक समरसता, दिवस 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस, 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा जयंती, व जनजाति गौरव दिवस, 19 नवंबर नारी शक्ति दिवस जैसे राष्ट्रीय त्योहार को लेकर देश में पॉजिटिविटी संदेश देने का काम कर रहा है वहीं मौके पर प्रधानाध्यापिका आरती कुमारी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्र हित को लेकर कॉलेज कैंपस में आंदोलन करते रहती है। हम सभी शिक्षक को विद्यार्थी परिषद के साथ मिलकर राष्ट्र का पुनर्निर्माण करने में अपना अहम भूमिका निभाने का काम करें।

# सदर अनुमंडल कार्यालय सभागार में स्वागत सह विदाई समारोह का हुआ आयोजन

### कई पदाधिकारी व कर्मी रहे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर अनुमंडल कार्यालय सभागार में सोमवार को स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में जहां निवर्तमान एसडीओ कौशल कुमार को विदाई दी गई। वहीं नए एसडीओ अजय रजक का स्वागत किया गया। वहीं निवर्तमान एसडीओ श्री कुमार ने कहा सरकारी नौकरी में तबादला होना एक सामान्य प्रक्रिया है। जिससे सभी गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मैं अपने कार्यकाल में लोगों को परेशानी ना हो कभी भी लोग हमसे सिधा संपर्क कर सकें इसके लिए सरकारी नंबर के बजाय पर्सनल नंबर दिया हुं। मैंने कम समय में ही कई लोगों के समस्याओं का समाधान करने का काम किया है। अल्प समय में मुझे यहां सभी का भरपूर सहयोग मिला है। जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। वहीं नए एसडीओ अजय रजक ने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि बिना विलंब किए सभी समस्याओं का समाधान करने का काम किया जाएगा ताकि लोगों को ऑफिस का चक्कर न लगाना पड़े। जनता के कार्यो का निष्पादन करना ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम के उपरांत कागजी प्रक्रिया की गई। और नए एसडीओ ने प्रभार ग्रहण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता रामा रवि दास, जिला खाद्य पदाधिकारी रेशमी लकड़ा, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, डीपीआरओ चंदन कुमार ने दोनों पदाधिकारियों को बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। मौके पर, अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## पंचायत स्तरीय विशेष राजस्व शिविर का आयोजन 9 जुलाई से शुरू



**लातेहार( प्रभात मंत्र संवाददाता):** खतियानी रैयत के उत्तराधिकारियों एवं आपसी बंटवारा के आधार पर दाखिल-ख़ारिज (नामांतरण) को लेकर लातेहार सदर अंचल क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के विभिन्न तिथियों में पंचायत स्तरीय विशेष राजस्व शिविर आयोजित की जाएगी।अंचलाधिकारी अरविन्द देवाशीष टोप्पो ने बताया कि उपायुक्त लातेहार के आदेश ज्ञापांक 1016/रा0, दिनांक 08.07.2024 के द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार लातेहार अंचल अंतर्गत दिनांक 09 जुलाई 2024 से 20 जुलाई 2024 तक खतियानी रैयत के उत्तराधिकारियों एवं आपसी बंटवारा के आधार पर दाखिल-ख़ारिज (नामांतरण) करने हेतु विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जो दिनांक 09.07.2024 पंचायत भवन हेठपोचरा, 10.07.2024 पंचायत भवन कैमा, 11.07.2024 पंचायत भवन डीही, तथा 12.07.2024 पंचायत भवन पाण्डेयपुरा, 13.07.2024 पंचायत भवन परसही, एवं 15.07.2024 पंचायत भवन तरवाडीह,16.07.2024 पंचायत भवन नावागढ़, 18.07.2024 पंचायत भवन डेमू,19.07.2024 पेसरार, 20.07.2024 पंचायत भवन जालिम कला में शिविर का आयोजन किया जाएगा। लातेहार अंचल अंतर्गत सभी सर्वसाधारण आम ग्रामीण जनता/रैयत को अंचलाधिकारी के द्वारा विशेष राजस्व शिविर में भाग लेने की अपील की गई।

# समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार, उपायुक्त के निर्देश पर हुआ समस्याओं का त्वरित समाधान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा निवेदिता रॉय ने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। मौके पर शहरी सहित विभिन्न प्रखंड से आये लगभग दो दर्जन आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। इस अवसर पर ने रोजगार सृजन योजना से जोड़ने, अबुआ आवास, ऑनलाईन खेसरा चढ़ाने, बिना अनुमति चहारदीवारी देने, जबरन कब्जा, अतिक्रमण, सहायता राशि, धोखाधड़ी, भूमि विवाद, राशनकार्ड, दाखिल खारिज, भू मुआवजा, सेविका चयन आदि से संबंधित आवेदन देकर समाधान की मांग की।



**स्वरोजगार हेतु मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से जोड़ने कर किया अनुरोध।**

ग्राम बरियट्ठ पोस्ट रानी चुआ निवासी गायत्री देवी ने स्वरोजगार हेतु डायरी फार्म खोलने का प्रस्ताव देते हुए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से जोड़ने का अनुरोध किया। इनके आवेदन को जांचोपरांत उचित निर्णय लेने हेतु संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया।

**भू-माफियाओं से रैयती जमीन बचाने की लगाई गुहार।**

वहीं सारले दीपगढ़ा निवासी जोन होरो ने रैयती जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा जबरन कब्जा करने व मकान बनाने तथा ग्राम डूमर सरौनी खुर्द की गंगा देवी ने निजी जमीन पर जबरन अतिक्रमण करने सहित की जानकारी देते हुए प्रशासन को इसमें दखल देने की अनुरोध किया। जिसपर श्रीमती राय ने जांचापरोत तत्कलान उचित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया।

**भू-मुआवजा की राशि नहीं मिलने की दी जानकारी।**

साथ ही चौपारण के ग्राम पाण्डेयबारा निवासी प्रेम सिंह ने एनएच-2 राष्ट्रीय राज्य मार्ग योजना में भू-अर्जन किये गये भूमि का मुआवजा अप्राप्त नहीं मिलने की जानकारी देते हुए भुगतान का अनुरोध किया। जिसपर इनके आवेदन को त्वरित कार्रवाई करने हेतु जिला भूर्जन कार्यालय भेजा गया। इसके साथ ही कई आवेदन प्राप्त हुए जिनमें अबुआ आवास, ऑन लाईन खेसरा चढ़ाने, सड़का हादसे में हाथ टूटने पर सहायता राशि, असाध्य रोग में आर्थिक सहायता, सार्वजनिक रास्त पर दीवार खड़ी करने, खरीदगी जमीन पर जबरन बाउण्ड्री खड़ी करने, वृद्धा पेंशन, राशनकार्ड निर्गतकरने, आंगनबाड़ी केन्द्र में सेविका के चयन, दाखिल खारिज करने आदि से संबंधित आवेदन देकर इसके समाधान का अनुरोध किया। मौके पर आये सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत त्वरित करने का निर्देश दिया गया।

# उप विकास आयुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जुलाई को उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक परियोजना पदाधिकारी सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक में लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन,प्रति गांव पांच योजना का क्रियान्वयन ,वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान योजना को लक्ष्य के अनुसार लेने का निर्देश,बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना,अबुआ आवास में मानव दिवस सृजन करने,बिरसा हरित ग्राम योजना वित्तीय वर्ष 2024/25 में चयनित भूमि में पिट कार्य करने,एरिया ऑफिसर एप्प,एनएमएमएस,डीबीटी इत्यादि कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। उक्त सभी बिंदुओ पर एक सप्ताह के अंदर प्रगति लाने का निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने मनरेगा के अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत अब तक जिले में कार्यान्वित की गई प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से प्रयासरत रहने के लिए निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक महत्वपूर्ण योजना है। प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाना है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि आमजनों के हित को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन हो, ताकि लोगों को उचित लाभ मिल सकें।



## पशुधन योजना के तहत 32 लाभुकों के बीच 128 बकरी एवं 32 बकरे का वितरण किया गया



**बड़कागांव :** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना प्रखंड कार्यालय परिसर में वित्तीय वर्ष 2021-22 के 12 लाभुक एवं 24 के 20 लाभुक कुल 32 लाभुकों के बीच 32 बकरा एवं 128 बकरी का वितरण किया गया। इस दौरान डा. लाई श्रम-गोसाई सिंह ने लाभुकों को बकरा एवं बकरी के रखरखाव उसके खान पान के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। मौके पर जिला पशुपालन हजारीबाग महेश कुमार, मो. अली रजा पूर्व पंचा समिति सदस्य, पशु विकास फर्म के प्रतिनिधि सहेन्दर एवं सुनिल, नरूक राम, विकास कुमार, सपना कुमारी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## मानसून के रूठने से किसान परेशान



बड़कागांव : झारखंड में सामान्य औसत से कम वर्षा होने तथा समय पर बारिश न होने के कारण धान की खेती में बीजारोपण में काफी देरी देखी जा रही है। बड़कागांव प्रखंड के आसपास के गांवों के किसानों को धान की रोपाई के लिए विहन ( बिचडा ) तैयार करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान बारिश का आस लगाए बैठे हुए हैं ,की कब जोरदार बारिश हो ताकि कुआ तालाब भर जाए और हम लोग कृषि कार्य का काम कर सकें। किसानों ने बताया कि ऐसे तो गर्मी के मौसम के कारण कुआ - तालाब सूखे पड़े हैं। वहीं समय से बारिश न होने के कारण विहन ( बिचड़ा) तैयार करने में परेशानी हो रही है। लोग दूर दराज के कुआं में मशीन लगाकर पंप के द्वारा खेतों तक पानी लाकर धान का बिहन तैयार कर रहे हैं ।

## ग्राम देवता की पूजा के साथ ओकनी में 1008 शतचंडी महायज्ञ शुरू



**हजारीबाग :** ग्राम देवता की पूजा के साथ ओकनी बड़ा शिव मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ शुरू हो गया। ओकनी बड़ा व छोटा शिव मंदिर, देवी मंडप, दक्षिणेश्वर काली, बाबा विश्वनाथ मंदिर, पंचमुखी हनुमान और काली मंदिर में ग्राम देवता का विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान महायज्ञ संचालन समिति समेत काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। वहीं संध्या ओकनी तालाब में पहली बार भव्य गंगा आरती की गई। घड़ीघंट, शंखध्वनि और मंत्रोच्चार से माहौल पावनमय हो गया। इस दौरान श्रद्धालु भक्तिभाव में डूबे रहे। श्रद्धालुओं के बीच महाभोग का भी वितरण हुआ। भारतीय संस्कृति के अनुसार पौराणिक परंपरा रही है कि जहां भी कोई गांव और शहर बसाया जाता या बसता है, तो सबसे पहले भूमि पूजन किया जाता है। सबसे पहले नगर पवित्र खेड़ा मंदिर (ग्राम देवता का मंदिर) बनाया जाता है। इस मंदिर में नगर पवित्र खेड़ा मंदिर को ग्राम देवता के रूप में प्रतिष्ठित किया जाता है। इस क्षेत्रपाल का नाम भी पौराणिक ग्रंथों शास्त्रों-पुराणों में भी वर्णित है। जब भी गांव या नगर में शुभ कार्य होता है, तो पहले नगर पवित्र खेड़ा (ग्राम देवता) की पूजा की जाती है ताकि गांव में सुख, समृद्धि और शांति बनी रहे। मान्यता है कि नगर पवित्र खेड़ा की इजाजत के बिना कोई दैवीय शक्ति या बाहरी शक्ति गांव में प्रवेश नहीं कर सकती। ग्राम देवता की पूजा के लिए बड़े ही धूमधाम से लोगो ने गाजे-बाजे के साथ पूजा करने के लिए गए। फिर ओकनी मोहल्ला स्थित सात मंदिरों में पूजा-अर्चना कर ध्वज खड़ा किया गया। इस कार्यक्रम में ओकनी के हर वर्ग के लोग झूमते-गाते रहे। बुधवार को यज्ञ मंडप से कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान नगर भ्रमण करते हुए श्रद्धालु बुढ़वा महादेव मीठा तालाब से जल उठा यज्ञ मंडप में प्रवेश करेंगे। महायज्ञ वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य अभिषेक शास्त्री और उप आचार्य रणधीर शास्त्री करा रहे हैं। वहीं प्रवचनकर्ता देवघर की ज्योति शास्त्री और कथावाचक पं.दिलीप पांडेय श्रद्धालुओं को अपने अमृत वचन का रसपान करता भावविभोर करेंगे। पूरे कार्यक्रम में समस्त ओकनीवासियों का सराहनीय सहयोग है।

## अन्नदा महाविद्यालय में स्थापना दिवस समारोह मनाया गया



**हजारीबाग :** अन्नदा महाविद्यालय के सामाजिक विस्तार एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ समिति की ओर से महाविद्यालय का 46 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक विस्तार एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ रत्ना चटर्जी के स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसमे साक्षी, दीक्षा एवं कोमल ने सहभागिता की । उसके बाद महाविद्यालय का कुलगीत गायन हुआ जिसमे शांभवी , ऋषिका , रिया, तनिष्का ने किया महाविद्यालय के पतंजलि मिश्रा ने संगत दी । इसी अवसर पर चंदन कुमार ने काव्य पाठ , तनिष्का सोनल ने रवींद्र संगीत, रिया नंदी ने शास्त्रीय संगीत, कुणाल एवं लोकेश ने फिल्मी संगीत प्रस्तुत किया। वही गिटार पर अनुज कुमार ने बंगला एवं हिंदी गाने को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया । महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ नीलमणि मुखर्जी ने महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास से हम सभी का परिचय कराया और प्रोफेसर इन चार्ज डॉ सुभाष कुमार ने भी अपने वक्तव्य में छात्रों को कॉलेज के प्रति समर्पित होने की सलाह दी । इस समारोह में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और मेडल प्रदान किया गया। मौके पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ अजय प्रसाद वर्मा, डॉ ललिता राणा , सुचोरिता घोष, बदल रक्षित, उर्मिला शर्मा , रंभा सिंह, छाया सिंह ,गणेश सा सन्याल, सोमू दीप उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की उद्घोषणा भार्गवी कनिष्का ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन अमित सिन्हा ने किया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया 76वां स्थापना दिवस

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय, लॉ कॉलेज एवं महाविद्यालयों में किया गया पौधारोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग इकाई द्वारा मंगलवार 9 जुलाई को 76वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिला कार्यालय में नगर मंत्री रुद्र राज ने झंडोत्तोलन किया।इस अवसर पर हजारीबाग के सभी इकाइयों में अलग अलग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय एवं यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में पौधारोपण किया गया तथा बाबू गांव में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना दिवस को राष्ट्रीय छात्र दिवस के रुप में मनाती है। कार्यक्रम की शुरुवात स्वामी विवेकानंद और माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया,कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य नवलेश सिंह ने कहा अखिल भारतीय भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई थी। विद्यार्थी परिषद एक अनुशासित कार्यकर्ताओं का संगठन है, जिसमें छात्र-छात्राएं, शिक्षक, पूर्णकालिक कार्यकर्ता शामिल रहते हैं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता हमेशा सामाजिक कार्यों में आगे रहते हैं, राष्ट्र के पुनर्निर्माण के उद्देश्य के साथ विद्यार्थी



परिषद के कार्यकर्ता कार्य करते आए हैं और फलस्वरूप आज भारत विश्वगुरु बनने के राह में है। प्रांत सह मंत्री रितेश यादव ने कहा कि परिषद हमेशा छात्र हित, समाज हित और राष्ट्र हित के लिए कार्य करता है, आज विद्यार्थी परिषद ना केवल भारत का बल्कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जिला संयोजक बाबूलाल मेहता ने बताया कि अभाविप स्थापना दिवस( राष्ट्रीय छात्र दिवस) जिले में धूमधाम से मनाया गया, विद्यार्थी परिषद दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करती है और छात्र हित के साथ ही समाज व राष्ट्र हित में भी सदैव कार्य करते आई है। नगर मंत्री रुद्र राज ने कहा आज हम सभी के लिए गौरव का दिन है आज विद्यार्थी परिषद 76वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, हम सब कार्यकर्ता परिषद के 75 वर्षो के स्वर्णिम इतिहास से सीख लेकर समाज में कार्य करेंगे। अंत में प्रभात कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य नवलेश सिंह,प्रांत सह मंत्री रितेश यादव, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य निशांत अग्रवाल,आशीष सिंह,जिला संयोजक बाबूलाल मेहता,नगर मंत्री रुद्र राज, प्रभात कुमार,सह मंत्री कारण मेहता, साक्षी सिन्हा,निवेदिता सिन्हा,यशवंत कुमार,साहिल सिंह, थिंक इंडिया प्रमुख राज कुमार मेहता, एस एफ एस प्रमुख अनुज पासवान,लॉ कॉलेज इकाई अध्यक्ष शुभम कुमार, मंत्री शुभ सिंह,सुभाष मेहता, सुशांत मेहता,संतोष,अनुभव सिन्हा, जेसी गुप्ता, अमरा,साक्षी, एमन मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

## बैंक ऑफ इंडिया का समझौता दिवस, एनपीए उधारकर्ताओं के लिए विशेष छूट का अवसर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बैंक ऑफ इंडिया देश भर में अपनी सभी शाखाओं व अंचल और एफजीएमओ में एकमुश्त समझौता (ओटीएस) के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों का निपटान करने के लिए 11 जुलाई 2024 (गुरुवार) को समझौता दिवस का आयोजन कर रहा है। इस बाबत बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक सूरज एक्का ने ग्राहकों से अपील करते हुए कहा कि समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया है, जो उधारकर्ता व्यवसाय चिकित्सा स्थिति में परेशानी या किसी अन्य वास्तविक कारण के कारण समय पर अपना ऋण नहीं चुका सके। हमारे बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों के निपटान



के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिसके माध्यम से एनपीए उधारकर्ताओं को विशेष और अच्छी छूट की सुविधा है। हम सभी एनपीए उधारकर्ताओं से अपील करते हैं कि वो 11 जुलाई 2024 को समझौता दिवस पर अपने एनपीए ऋण खातों का निपटान कर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

## जिला कौशल समिति की हुई बैठक, युवाओं के प्रशिक्षण और स्वरोजगार पर जोर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कौशल समिति की बैठक की गई। बैठक में जिला कौशल विकास योजना के तहत जिला के बेरोजगार युवक युवतियां को प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाने के लिए जिला कौशल विकास योजना के कार्य एवं अद्यतन स्थितियों पर चर्चा की गई। मौके पर जिले के युवाओं के हुनर और स्किल्स को देखते हुए कार्ययोजना बनाने तथा युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण देने की बात कही। जिला कौशल विकास प्लान 2024/ 25 को तैयार करने एवं इसके क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। जिला के स्थानीय जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण हेतु नए सेक्टर/जॉब रोल का चयन करने पर विचार विमर्श किया गया। जिला में संचालित कौशल केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक युवतियों के लिए स्थानीय नियोजन एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिला में संचालित कौशल केंद्रों में चल रहे सेक्टर हेल्थ केयर में ऑन जॉब ट्रेनिंग पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान हजारीबाग में कौशल विकास के सुझाव एवं चुनौतियों सहित कौशल विकास में शामिल विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर विस्तार से विमर्श किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला सड़क सुरक्षा टीम के तत्वावधान में मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता-सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रोजबड स्कूल में किया गया। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा टीम के रोड इंजिनियर एनालिस्ट शारिक इक़बाल तथा आईटी सहायक अरविन्द कुमार ने विद्यार्थियों और शिक्षको के बीच सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमो से सम्बंधित महत्वपूर्ण बारिकीयों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि, पूरे जिले में अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों में इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

**छात्र-छात्राओं व शिक्षकेत्तर कर्मियों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी।**

उक्त प्रशिक्षण में श्री अरविन्द के द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों उसमे उल्लंघन के फलस्वरूप लगने वाली जुर्माना राशि, सड़क दुर्घटनाओ के कारण उससे बचने के उपाय के बारे में बताया गया इसके अतिरिक्त उनके द्वारा सड़क दुर्घटनाओ में मिलने वाली मुआवजा राशि के बारे में बताया गया। साथ ही प्राप्त जानकारी को अधिक से



अधिक लोगो तक प्रसारित करने का अनुरोध किया गया ताकि अधिक से अधिक पीड़ित मुआवजे की राशी से लाभान्वित हो सके।

**हादसे में घायलों की मदद करने पर दी जाती है 2 हज़ार रूपए की पुरुस्कार राशी**

मौके पर श्री शारीक के द्वारा गुड सेमेरिटन से सम्बंधित जानकारी देते हुए बताया गया की सड़क हादसे में हुए घायलों लोगों की मदद करने वाले व्यक्ति को जिला प्रशासन द्वारा 2 हज़ार रूपए की पुरुस्कार राशी दी जाती है और मदद करने वाले लोगो को पुलिस के द्वारा परेशान नहीं किया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिना डरे घायलों की मदद कर एक अच्छे नागरिक होने का कर्तव्य निभाये।

**प्रश्नोत्तरी सेशन में पूछे गये कई सवाल, विद्यार्थी हुए पुरस्कृत।**

कार्यक्रम के अंत में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित विद्यार्थियों से प्रश्न भी किये गए और सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। पुरस्कृत प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा-7 की कविता कुमारी, कक्षा 9 की पिहू कुमारी, कक्षा 8 के अविनाश कुमार शामिल रहे। उक्त मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री अजय कुमार ने कार्यक्रम की काफी सराहना करते हुए बताया की सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा बच्चो को यातायात के प्रति जागरूक कर सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

**उपायुक्त के निर्देश पर शैक्षणिक संस्थानों में चल रहा है सड़क सुरक्ष जागरूकता कार्यक्रम।**

मौके पर बताया गया कि उपायुक्त नैन्सी सहाय के निदेश पर जिला परिवहन विभाग के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालय/महाविद्यालयों, बाज़ार आदि में सड़क सुरक्षा एवं यातायात सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वहीं डीएवी स्कूल, संत जेवियर स्कूल, संत थॉमस स्कूल, हॉली क्रॉस, संत कोलम्बा कॉलेज, केवी विमेंस कॉलेज तथा +2 बालिका विद्यालय में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम किया गया है। कहा कि साथ ही आगे भी कई विद्यालयों व चिन्हित स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे।

## श्री बालाजी रेडियोज दुकान में हुई चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** हज़ारीबाग-बगोदर पथ के किनारे विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज के समीप श्रीबालाजी रेडियोज दुकान में चोरों ने बीते सोमवार की अर्द्धरात्रि में करीब 7.5 लाख रूपये के नए डीजे सिस्टम के कई महंगे सामान और विभिन्न उपकरणों समेत कई सामानों की चोरी कर ली गई। दुकान संचालक अनुभव भारती ने चोरी की सूचना विष्णुगढ़ पुलिस को दी है। दुकान में आहूजा समेत विभिन्न कंपनियों के कई साउंड सिस्टम, माइक, मिक्सर, स्पीकर समेत कई महंगे उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर विष्णुगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान की छानबीन की।

## भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद की पहल से सुधरी पेलावल रोड की दशा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के प्रयासों से पेलावल रोड पागमिल की जर्जर सड़क का कायाकल्प हुआ है। हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 21, एनएच 100 पर स्थित इस सड़क की दुर्दशा से लंबे समय से क्षेत्रवासी परेशान थे।



इस संबंध मे भाजपा नेता सह समाजसेवी प्रदीप प्रसाद ने बताया की चार दिन पहले इस मार्ग से गुजरते समय उन्होंने सड़क की खस्ता हालत देखी और तुरंत इसे ठीक करवाने का निर्णय लिया। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे दो हाईवा अलकतरा चिप्स और गिट्टी लेकर मौके पर पहुंचे। प्रसाद ने स्वयं श्रमदान किया और स्थानीय लोगों ने भी उनका साथ दिया। बिना किसी मजदूर के पूरी सड़क का निर्माण किया गया। स्थानीय निवासी साजिद ने कहा, सोशल मीडिया पर कई बार शिकायत की गई, लेकिन सरकार ने ध्यान नहीं दिया। प्रदीप ने अपने खर्च से यह काम करवाया है। जिला परिषद सदस्य मंजू नंदिनी ने भी प्रसाद के प्रयासों की सराहना की।प्रसाद ने कहा, मेरा उद्देश्य सिर्फ सेवा करना है। मैं आगे भी ऐसे काम करता रहूंगा। इस पहल से क्षेत्र के यातायात में सुधार होने की उम्मीद है। स्कूली बच्चों, एम्बुलेंस और स्थानीय वाहनों को अब राहत मिलेगी।

# जीवन में उन्नति का पहिया के तहत अष्टम वर्ग के छात्रों के बीच साइकिल का वितरण

**प्रभात मंत्र @ रोहित गोस्वामी**

**केरेडारी :** प्रखण्ड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों के अष्टम वर्ग के छात्र-छात्राओं को 2023-24 सत्र के तहत झारखंड सरकार की योजना उन्नति का पहिया के तहत स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद की उपस्थिति में साइकिल वितरण किया गया. इस दौरान छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर एवं बुके देकर स्वागत किया.मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार कल्याण विभाग के पदाधिकारी प्रशांत कुमार, उप प्रमुख अमेरिका महतो, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, बेलतु मुखिया जितनी देवी, पंचायत समिती सद्स्य सुरेश भुईयां, बैजनाथ तिवारी, मनोहर तिवारी, पवन राम, सुनील पाण्डे, सभी स्कूल के प्रधानाध्यापक, एवं शिक्षक शिक्षिकाएं, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग की उपस्थिति में 260 छात्र-छात्राओं के बीच वितरण किया गया. जिसमें मध्य विद्यालय कण्डाबेर में 37,हाई स्कूल बेलतु 70, हाई स्कूल बसरिया 65, मध्य विद्यालय कोदवे 06, कन्या मध्य विद्यालय चट्टीबरियातू 16, मध्य विद्यालय जोको 10, मध्य विद्यालय सायल एवं मध्य विद्यालय कराली 40 बच्चों को दिया गया.साइकिल वितरण के दौरान विधायक



अंबा प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई को लेकर मूल मंत्र देते हुए कहा कि सबसे बड़ा संपत्ति है तो शिक्षा है.शिक्षा के बगैर जिंदगी अधूरा है इसलिए पढ़ाई मन लगाकर पढ़ें और अपने माता-पिता सहित विद्यालय का नाम रोशन करें.साइकिल मिलने से छात्र-छात्राओं में खुशी के माहौल देखा गया और बच्चों ने विधायक अंबा प्रसाद एवं झारखंड सरकार को धन्यवाद दिया. वही कल्याण विभाग पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने बताया कि केरेडारी प्रखंड में कुल 1156 साइकिल का आवंटन हुआ था! जिसका वितरण का शुभारंभ मध्य विद्यालय कराली से किया गया! वही 10 जुलाई 2024 को संकुल बुंडू एवं हेंदेगिर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में बांटे जाएंगे। बारी-बारी से सभी स्कूलों में वितरण किया जाएगा.

# राज्यस्तरीय ताईक्कांडो प्रतियोगिता में गिरिडीह टीम ने जीते 6 स्वर्ण, सहित हुए कुल 8 पदक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रांची के आईडियल इंटरनेशनल स्कूल में 5 जुलाई से 7 जुलाई को हुए 24 वी झारखंड राज्यस्तरीय सब जूनियर और जूनियर ताईक्कांडो प्रतियोगिता में भाग लेने गिरिडीह से 9 खिलाड़ी कोच आकाश स्वर्णकार और रोहित राय के साथ गए हुए थे जिसमे से 8 खिलाड़ी पदक जीतने में कामयाब हुए। गिरिडीह जिला ताईक्कांडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया की दिनांक 5 से 7 जुलाई तक रांची के आइडियल इंटरनेशन स्कूल में तीन दिवसीय 24वी झारखंड राज्यस्तरीय सब-जूनियर और जूनियर ताईक्कांडो प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमे 9 खिलाड़ियों में से 8 खिलाड़ी पदक अपने नाम करने में कामयाब रहे ।

बालिका सब-जूनियर वर्ग के क्योरोगी इवेंट में खेलते हुए नव्या सिंह और काव्या सिंह स्वर्ण पदक जितने में कामयाब रही वही तानसी तानी को ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा।

सब जूनियर बालक वर्ग में सुभम यादव ने स्वर्ण पदक और ओमकार वर्मा रजत पदक अपने नाम किया तथा जूनियर वर्ग के क्योरोगी और पूमसे दोनों इवेंट में नयन भटाचार्य ने अपने नाम दो स्वर्ण पदक करने में कामयाब रहे। उन्होंने बताया की इस प्रतियोगियता में स्वर्ण पदक जितने वाले सभी खिलाड़ी अपना स्थान झारखंड ताईक्कांडो में बनाने में कामयाब हो गए है अब ये आगामी माह में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड की ओर से खेलेंगे। महासचिव ने बताया की गिरिडीह के ताईक्कोंडो खिलाड़ी हर बार लगातार पदक जीत कर पूरे गिरिडीह ही नहीं पूरे झारखंड राज्य का नाम रौसन कर रहे है और गिरिडीह जिला का एक मात्र खेल संघ है जिनके खिलाड़ी लगातार राज्य से लेकर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत कर पूरे गिरिडीह जिला को गौरांवित कर रहे। खिलाड़ियों के फिर एक बार इस उपलब्धि के लिए गिरिडीह जिला ताईक्कांडो संघ के संरक्षक निर्भय साहबदी, अध्यक्ष सुमीर शर्मा, महासचिव अमित स्वर्णकार, एवं आकाश कुमार, प्रसून सिंह, शशिकांत विश्वकर्मा, ज्योति कुमार, मनोहर वर्मा, राजकुमार, पंकज कुमार इत्यादि अभी विजेता खिलाड़ियों और कोच आकाश स्वर्णकार ने शुभकामनाएं दिया।

# सड़क दुर्घटना : शादी की खुशी मातम में तब्दील, जीजा पिता समेत तीन की मौत, दो की हालत गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** सोमवार की देर रात जमुआ, भरकट्टा ओपी एवं मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बीच स्थित ग्राम द्वारपहरी में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति का निधन हो गया एवं तीन लोग गंभीर रूप से घायल है, मृतक की पहचान कोलकाता निवासी जितेंद्र साव के रूप में हुई है जो अपने साले की शादी में कोलकाता से द्वारपहरी आया हुआ था। वहीं धनबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दूल्हे के पिता घनश्याम मंडल ने भी दोपहर को दम तोड दिया।



इस बीच स्थानीय लोगों ने बताया कि विवाह कार्यक्रम के दौरान लोग सड़क पर नाच गा रहे थे, तभी एक अज्ञात चार पहिया वाहन आया, जिस पर सवार लोग दूल्हे का बड़ा भाई मुकेश कुमार मंडल से उलझ गया और उसे जबरन गाड़ी में बिठा कर चल दिया, जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो, उस अज्ञात वाहन का पीछा करने के लिए दूल्हे का जीजा जितेंद्र साव, अनिल मंडल, घनश्याम मंडल एवं जागो मंडल वाहन संख्या जेएच 15 एबी 6438 से निकला। जब उक्त लोग बैंक ऑफ इंडिया मोड़ के पास गए तो देखा मुकेश को छोड़ अज्ञात लोग फरार हो चुके थे। मुकेश को सकुशल देख उसे लेकर जब परिजन वापस घर लौट रहे थे तभी पुनः एक अज्ञात वाहन ने कार को पीछे से ठोकर मारते हुए फरार हो गया, जिसके कारण दुर्घटना ग्रस्त कार में सवार जितेंद्र साव की मौके पर हीं मौत हो गई एवं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची मुफस्सिल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। और घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। वहीं जब भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज से संपर्क साधा गया तो उन्होंने कहा कि चूंकि घटना मुफ्फसिल क्षेत्र में पड़ रहा है, जिसके कारण मामले को मुफ्फसिल पुलिस देख रही है।

## स्कूल से घर जा रही छात्रा को बाइक ने मारी ठोकर छात्रा समेत बाइक चालक गम्भीर, रेफर

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को प्रखण्ड क्षेत्र के बरहसिया चौक के पास विद्यालय से घर जा रही छात्रा को एक नाबालिग बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे छात्रा समेत चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायलों की पहचान अरारी पंचायत के डबरी निवासी 15 वर्षीय छात्रा निशु कुमारी तथा मोटर साइकिल चालक परसन ओपी क्षेत्र अंतर्गत बन्देटांड़ निवासी 16 वर्षीय सोनू पासवान पिता सिकन्दर पासवान के रूप में की गई। जैसा कि स्थानीय लोगों ने बताया घायल छात्रा प्लस टू उ0 वि0 पलौंजिया में कक्षा 10 वीं में पढ़ती है, जो छुट्टी के बाद वह अपनी सहेलियों के साथ पैदल अपने घर जा रही थी तभी तेज रफ्तार से जा रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे छात्रा का दायां पैर टूट गया तथा बाइक चालक भी घायल हो गया।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी ले गया जिसका उपचार डॉ पीके अग्रवाल ने किया तथा गम्भीर हालत देखते हुए दोनों को रेफर कर दिया। वहीं घटना कि सूचना मिलते हीं बिरनी पुलिस घटना स्थल पर पहुँच बाइक को जब्त कर थाना ले गई ।



## बाइक सवार दो युवक सड़क दुर्घटना में घायल, एक गंभीर

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर बगोदर थाना क्षेत्र के गोपालडीह मोड के आगे तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवकों सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो जबकि एक युवक मामुली रूप से घायल है गया घटना को लेकर बताया जाता है कि दो युवक एक बाइक सवार होकर परीक्षा देने जा डुमरी कि ओर जा रहा था । इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर डिवाडर से जा टकराई और दो युवक घायल हो गया जिस में जयदेव सिंह जो धरगुल्ली के रहने वाला था गंभीर रूप से घायल जबकि उनके साथी घायल हो गए दोनों को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से मीना जेनरल अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गंभीर रूप से घायल युवक को रेफर कर दिया गया इधर घटना की सूचना मिलते ही धरगुल्ली मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश यादव घटना स्थल पर पहुंचे और जानकारी लिए।

# गिरिडीह नया परिसदन भवन में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह नया परिसदन भवन में नगर विकास एवम आवास विभाग, हफीजुल हसन की अध्यक्षता में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक किया गया। इधर मंत्री ने नगर विकास व आवास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा उक्त योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त से बारी-बारी से सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श किया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने नगर निगम के उप नगर आयुक्त को निगम क्षेत्र अंतर्गत नियमित साफ-सफाई तथा ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के साथ नगर विकास व आवास विभाग के तहत संचालित योजनाओं का लाभ स-समय लाभुकों मिलें, यह करें सुनिश्चित। इसके अलावा उन्होंने पीएम आवास योजना, अंबेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना समेत अन्य विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को कई जरूरी दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान मौके पर उपस्थित राज्यसभा सांसद, सरफराज अहमद, विधायक गांडेय, कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक गिरिडीह, सुदिव्य कुमार सोनू, उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर निगम के अधिकारी समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

## समस्याओं के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया।



जनता दरबार में मुख्यत: जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, अबुआ आवास, पेंशन, स्वास्थ्य, बकाए वेतन, जाति/आवासीय प्रमाण पत्र, अनुकंपा पर नियुक्ति, आंगनबाड़ी सेविका के चयन, प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि, पानी की बिल, जमीन बंटवारा, जमीन मापी समेत अन्य संबंधित आवेदन आए।

इस दौरान उपायुक्त ने आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है। मौके पर प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग श्री नियाज अहमद मौजूद रहें।

# पूर्व मध्य रेल के महत्वपूर्ण रेल पुलों पर नदियों के जलस्तर की वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम से की जा रही निगरानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** सुरक्षित एवं संरक्षित रेल परिचालन पूर्व मध्य रेल की पहली प्राथमिकता है, इसे सुदृढ़ करने के लिए सतत् सुधार एवं आधुनिक तकनीकी का समावेश किया जाता है। बरसात के इस मौसम में महत्वपूर्ण पुलों पर नदियों का जलस्तर की निगरानी के लिए समस्तीपुर मंडल के गंगा, कोसी, बुढ़ी गंडक, बागमती, करेह, कमला, कुशहा आदि नदियों पर, सोनपुर मंडल के गंगा, गंडक, कोसी, बुढ़ी गंडक नदियों पर, दानापुर मंडल के गंगा, किउल, सोन, पुनपुन, कर्मनाशा, सकरी नदियों पर, पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल के सोन एवं कर्मनाशा नदियों तथा धनबाद मंडल के दामोदर, कोयल, रिहंद नदियों एवं तिलैया डैम पर बने रेल पुलों पर वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम लगाये गये हैं। इस सिस्टम से जलस्तर की जानकारी आटोमेटेड एस.एम.एस. के माध्यम से संबंधित अधिकारी को प्राप्त होती है। आधुनिक वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम के लग जाने से नदियों पर बने रेल पुलों पर वाटर लेवल की सूचना मिलना आसान हो गया है। इस सिस्टम में सोलर पैनल से जुड़ा एक सेंसर होता है, जिसमें एक चिप भी लगी होती है। यह सेंसर ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ा होता है। प्रतिदिन नियमित अंतराल पर नदियों के जलस्तर की जानकारी संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के मोबाइल नंबर पर एस.एम.एस. के माध्यम से मिल जाती है। फलस्वरूप समय पर नदी के जल स्तर की सूचना मिलने से त्वरित कार्यवाही कर रेलपथ को संरक्षित करना आसान हो जाता है। मानसून के दौरान नदियों के जलस्तर की निगरानी हेतु पूर्व मध्य रेल के विभिन्न खण्डों पर स्थित कुल 57 महत्वपूर्ण रेल पुलों पर वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम लगाये गये हैं जिनका मंडलवार विवरण निम्नानुसार है - 1. सोनपुर मंडल के हाजीपुर-सोनपुर के मध्य गंडक नदी पर बने पुल सं.-78 एवं शीतलपुर-दीघवारा के मध्य पुल सं.-19, बरौनी-कटिहार रेलखंड के मध्य कोसी नदी पर बने पुल सं.-10 एवं बुढ़ी गंडक नदी पर बने पुल सं.-16 तथा खगड़िया-मुंगेर रेलखंड के मध्य गंगा नदी पर बने पुल सं. 17 सहित कुल 05 रेल पुलों पर वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम लगाये गये हैं ।


## NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL, NETARHAT
(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

Letter No. - 1647 Date:09/07/2024

**WALK IN INTERVIEW FOR APPOINTMENT OF NON TEACHEING STAFF ON CONTRACTUAL BASIS**

A Walk-in Interview will be Conducted in the School Premises for Non-Teaching Staff as Contractual Basis. Interested Candidates having the requisite qualification and experience may appear for the interview as per the details below:

General Instructions: -

Applicants are directed to download the Bio Data form uploaded on the website of the Vidyalaya i.e., www.netarhatvidyalaya.com and submit at the time of interview along with original certificates/Documents of the required qualification.

1. Interview will be conducted for all the posts at the Netarhat Residential School,Dist-Latehar,Pin-835218, Jharkhand.
2. The post is purely on Temporary basis for the period of eleven months from the date of appointment or as per need of the school, whichever is applicable.
3. No TA/DA will be paid for the attending interview.
4. The school is boarding so, candidate must have competency to work in all situation.
5. All the original documents should be submitted for verification by the candidates at the time of interview along with one set of photo copies.
6. Candidates having working experience of three years in any government Organization/CBSE Affiliated Government School. Preference will be given to those working in Educational Institutions.
7. The contract can be extended based on the continuing need of the school and performance of the contractual appointee for the further period of one more year.
8. The school holds no responsibility for regularization/ absorption against any other regular post in the future.
9. The contract can be terminated at any time by giving one-month prior notice.
10. The accommodation facility i.e., residential house will be provided by the school depending upon the vacancy of the house.
11. The candidate should fulfil the requisite educational qualification prescribed for the post and other eligibility conditions.
12. The selected candidate will not have any claim or right for his/her continuity in service or automatic extension of the term of contract or regularization/absorption on any regular post in the future.
13. The contractual employee during the contract period will not be entitled for EPF/NPS or such other benefits/allowances availed by the regular employees of the Netarhat Vidyalaya Samiti.
14. In addition to the essential educational qualification, it will be mandatory for the candidates to have passed Matriculation and Intermediate class from a recognized educational institution located in the state of Jharkhand and it is mandatory for the candidate to have knowledge of local customs and languages, but in the case of candidates covered by the reservation policy of the state of Jharkhand, the provision regarding passing of 10th and 12th class from recognized educational institutions located in state of Jharkhand shall be relaxed.

SCHEDULE OF REGISTRATION FOR WALK IN INTERVIEW:

| Post | Date of Interview | Registration | Interview |
|---|---|---|---|
| Accounts Clerk – 01 Post | 20.07.2024 | 08:30 AM to 09:30 AM | 12:30 PM to 5:30 PM |
| Store Keeper – 01 Post | 20.07.2024 | 08:30 AM to 09:30 AM | 12:30 PM to 5:30 PM |
| Clerk – 01 Post | 20.07.2024 | 08:30 AM to 09:30 AM | 12:30 PM to 5:30 PM |

**16.Eligibility Criteria and Qualifications:**

**Venue: Netarhat Residential School, Netarhat.**

| Post | Qualification | Monthly Honorarium |
|---|---|---|
| Accounts Clerk | **Essential:** 1.B. Com from a recognized University with at least 45% marks in Graduation. 2. Must Possess a working knowledge of Tally, MS Office, MS Excel, office Software and Internet. **Desirable:** 1. Knowledge of computer applications. 2. Working Experience of three years in any Government Organisation/ CBSE Affiliated Government School. Preference will be given to those who are working in Educational Institutions. 3. Should have Experience of maintaining books of accounts in Educational Institutions. | 30,000.00 |
| Store Keeper | **Essential:** 1. I.A. or I.Sc. from a recognized council/ Board **Desirable:** 1.Knowledge of computer applications. 2.Working Experience of three years in any Government Organisation/ CBSE Affiliated Government School. Preference will be given to those who are working in Educational Institutions. 3. Should have Experience of maintaining store and other related work of store keeping of in Educational Institutions | 30,000.00 |
| Clerk | **Essential:** 1. A Graduate from a University recognised by the UGC with at least 45 % Marks 2. Must Possess a working knowledge of popular office software and Internet. **Desirable:** 1.Knowledge of computer applications. 2. Working Experience of three years in any Government Organisation/ CBSE Affiliated Government School. Preference will be given to those who are working in Educational Institutions. 3. Should have Experience of office related work in Educational Institutions | 30,000.00 |

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School , Netarhat.

PR 329045 Human Resource Developement(24-25)#D



## जिला भू–अर्जन कार्यालय, लातेहार

**आदेश**

लातेहार जिला अन्तर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं में अंचलवार अधिग्रहित रैयती भूमि के रैयतों को मुआवजा भुगतान हेतु वांछित कागजात यथा खतियान/केवाला की छायाप्रति, अद्यतन लगान रसीद, आधार कार्ड, वोटर आई0डी0, बैंक पास बुक, शपथ पत्र, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र निर्गत, वंशावली प्रमाण पत्र, रंगीन अद्यतन दो फोटो एवं नोटिस की मूल प्रति के साथ आयोजित शिविर में उपस्थित होकर राजस्व कागजात जामा करना सुनिश्चित करें, ताकि जाँचोपरान्त मुआवजा भुगतान की कारवाई किया जा सके।

**शिविर की विवरणी निम्नवत् है :–**

| क्र0सं0 | शिविर की तिथि | समय | शिविर का स्थल | परियोजना का नाम | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 10.07. 2024 (बुधवार) | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक | अंचल अधिकारी, बालूमाथ के सभागार में | परियोजना–टोरी–शिवपुर रेलवे लाईन परियोजना निमार्ण फेज–I,II,III,IV, V | 1. हेमपुर, 2. बसिया, 3.समरसोत, 4. जर्री, 5.जोगियाडीह, 6.चितरपुर, 7.बुकरू |
| 2. | 12.07. 2024 (षुक्रवार) | | | बालूमाथ (NH–99 पर) पथ भाया, बालू, लुटी, आरागुण्डी एवं मुरूप लिंक पथ (लम्बाई–36.97 कि0मी0) तक पथ का चौडीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य | 1. तुम्बागड़ा 2. दिरिदाग 3. चेताग 4. घुटाम 5. पकरी |
| 3. | 11.07. 2024 (गुरूवार) | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक | अंचल अधिकारी, लातेहार के सभागार में | तुबेद कोयला खान परियोजना के विस्थापितों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन कॉलोनी के निर्माण | 1. कोढास 2. नावाडीह |
| | | | | सिकनी से रिचुघुटा रेलवे स्टेषन कि0मी0–0.00 से 10.00 तक पथ चौडीकरण निर्माण | 1. भुसूर चादर–I&II 2. कुलगड़ा 3. उलगड़ा 4. पतरातु |
| 4. | 13.07. 2024 (षनिवार) | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक | अंचल अधिकारी, लातेहार के सभागार में | लातेहार से हेरहंज भया नवादा पथ का चौडीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य | 1. उपरलोटो 2. पतरातु 3. नेवाडी |
| | | | | बालूमाथ (NH–99 पर) पथ भाया, बालू, लुटी, आरागुण्डी एवं मुरूप लिंक पथ (लम्बाई–36.97 कि0मी0) तक पथ का चौडीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य | 1. उदयपुरा 2. हेटबेसरा 3. बम्हनहेरूआ 4.मुरूप |
| 5. | 15.07. 2024 (सोमवार) | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक | अंचल अधिकारी, चन्दवा के सभागार में | परियोजना–टोरी–शिवपुर रेलवे लाईन परियोजना निमार्ण फेज–I,II,III,IV, V | 1.चकला, 2.अनगडा, 3.चतरो, 4.भुसाढ, 5.नगर, 6. बाना, 7. अरधे 8. कामता |
| 6. | 16.07. 2024 (मंगलवार) | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक | अंचल अधिकारी, चन्दवा के सभागार में | परियोजना–सासंग (एन0एच0–75प) ब्रहमणी –सेरक मासियातु–ओल्हेपाट –पचफेडी (एस0एच0–10 पर) पथ निर्माण | 1. एटे 2. सेरक 3. मासियातु 4.बारी 5. रामपुर |
| | | | | परियोजना–चेटर रेलवे स्टेशन से बनहरदी कोल ब्लॉक तक रेलवे लाईन निर्माण | 1. सासंग 2. आन 3.चेटर 4. बरवाडीह 5.एटे 6.बारी |
| 7. | 18.07. 2024 (गुरूवार) | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक | अंचल अधिकारी, महुआडांड़ के सभागार में | परियोजना–महुआडांड़ (एस.एच.–पर) से लोध फॉल पथ कि0मी0 0.00 से 17.410 कि0मी0 (कुल लम्बाई–17.410 कि0मी0) का चौडीकरण | 1. अम्बवाटोली 2. रेंगाई–I,II 3. हामी खास– I,II 4. असनारी 5. तेवाही 6. काठो 7. लोध 8. मिरगी |
| 8. | 19.07. 2024 (षुक्रवार) | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक | अंचल अधिकारी, महुआडांड़ के सभागार में | महुआडांड़–प्रखण्ड में मेराम–अम्बआटोली–चम्पा–छतीसगढ़ सीमा तक 0.00 कि0मी0 से 7.18 कि0मी0 पथ निर्माण | 1.चम्पा चादर–I,II,III,IV 2.मेराम चादर– I,II, 3. ताहिर–I |
| 9. | 24.07. 2025 (बुधवार) | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक | अंचल अधिकारी, हेरहंज के सभागार में | लातेहार से हेरहंज भया नवादा पथ का चौडीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य | 1.नावादा 2. जानी 3.जवाड़ 4. हुण्डरा |
| 10. | 25.07. 2024 (गुरूवार) | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक | अंचल अधिकारी, बारियातु के सभागार में | परियोजना–टोरी–शिवपुर रेलवे लाईन परियोजना निमार्ण फेज–I,II,III,IV, V | 1.बनवार, 2.फुलबसिया उर्फ अमरवाडीह, 3.चडरा 4. मनातु |
| 11. | 20.07. 2024 (षनिवार) | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक | अंचल अधिकारी, लातेहार के सभागार में | राष्ट्रीय राजमार्ग क–75 मार्ग के (पैकेज–II) उदयपुरा से भोगू सेक्षन के अन्तर्गत Design Ch.-97+515 km ls Ch.-147+ 540 तक फोर लेन सड़क निर्माण | 1.उदयपुरा 2. कढिमा 3. पाण्डेपुरा 4. कुरा 5. नवाडीह 6. इचाक 7. होटवाग 8. मतनाग 9. पतकी 10. डुडंगीकला 11.डुडंगीखुर्द |
| 12. | 22.07. 2024 (सोमवार) | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक | अंचल अधिकारी, मनिका के सभागार में | | 1.नदवेलवा 2. माईल 3. दुन्दु 4. सिंजा 5. लाली 6. औराटांड 7. यमुना 8. नामुदाग 9 मनिका |
| 13. | 23.07. 2024 (मंगलवार) | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक | अंचल अधिकारी, लातेहार के सभागार में | राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 मार्ग के (पैकेज–I) कुडू से उदयपुरा सेक्षन के अन्तर्गत Design Ch.-59.00 km ls Ch.-97.600 तक चार लेन सड़क निर्माण कार्य | 1. उदयपुरा 2. जगलदागा |
| 14. | 26.07. 2024 (षुक्रवार) | 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक | अंचल अधिकारी, चन्दवा के सभागार में | राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 मार्ग के (पैकेज–I) कुडू से उदयपुरा सेक्षन के अन्तर्गत Design Ch.-59.00 km ls Ch.-97.600 तक चार लेन सड़क निर्माण कार्य | 1. सिकनी 2. सासंग 3. एटे 4. रूद 5. चिरो 6. लुकूईया 7. बोरसीदाग 8.हुटाप 9. अमझरिया 10. लाधुप 11. टूढामू 12. पिरदाग 13. तोरार 14. बेरगड़ा 15. सेन्हा 16. नवाडीह |

अंचल अधिकारी, लातेहार, बालूमाथ, चन्दवा, बारियातु, हेरहंज, महुआडांड, मनिका को निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त तिथि को आयोजित शिविर में अधिग्रहित भूमि के रैयतों को उपस्थित होने हेतु हल्का कर्मचारी/ जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रचार–प्रसार करवाना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 329031 (Land Reforms) 24-25 (D)

# ईश्वर पर अटूट विश्वास और प्रार्थना के बदौलत हम बड़ी से बड़ी लड़ाई जीत सकते हैं : नमन विक्शल कोनगाड़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा बिधानसभा छेत्र अंतर्गत कोलेबिरा प्रखंड के बरवाडीह मिसन के बाइस मंडली की बिशेष सामाजिक बैठक बरवाडीह में हुई। इस बैठक में कोलेबिरा विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी को मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। इस बैठक में आदिवासी मुद्दों पर बिशेष चर्चा की गई तथा बिभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार लोगों से साझा किया। विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने सभी बाइस मंडली के पदाधिकारियों और उपस्थित लोगों को बिभिन्न आदिवासी और मसीही समाज के मुद्दों पर जागरूक करते हुए लोगों को कई बातों को बताते हुए कहा कि हम सभी का ये फर्ज बनता है कि हम सभी को मिलकर आदिवासी समाज के उत्थान, हक और



अधिकार के प्रति कार्य करना है तथा भारत के संबिधान के द्वारा प्रदत्त अधिकारों को सभी को बताते हुए उन अधिकारों को हमारे समाज के लोगों को दिलवाना है। आगे बिधायक ने कहा कि चुंकि हमलोगों के खिलाफ कई तरह के कानुन को लागु करवाया जा रहा है तथा कई प्रकार की साजिश रची जा रही है जैसे डिलिस्टिंग का प्रयास, मणिपुर की घटना हो,झारखंड में ईसाई धर्म स्थल चर्च, गोरेटो को धसाने का आदेश हो। चूंकि मैं बता दूं कि मसीही समाज जनसंख्या मे भी कम है, सम्पनता में भी कमजोर हैं, हमारा मसीही समाज बहुत ही शांतिप्रिय है।लड़ाई झगड़ों से कोसों दूर है।इसीलिए हम अपनी लड़ाई संबैधानिक तरीके से ही लड़ सकते हैं जैसे मतदान में पुरी एकजुटता के साथ अपने विचारधारा के लोगों और पार्टी का साथ दें और दूसरा तरीका है कि हम सभी परमेश्वर पर अटुट आस्था रखते हुए परमेश्वर को अपना अगुआ, उद्धारकर्ता और सेनापति बनाते हुए हमलोगों को लड़ाई लड़ना चाहिए और प्रार्थना को अपना हथियार बनाना चाहिए, क्योंकि बिस्वास से किया हुआ प्रार्थना कभी व्यर्थ नही जाता है। जैसे कि हमारे धर्मग्रंथ बाइबल में बताया गया है कि दाऊद और गोलियथ की लड़ाई में दाऊद के पास कुछ भी नहीं था लेकिन एक प्रख्यात, प्रशिक्षित और बलसाली गोलियथ को हराया।दाऊद ने परमेश्वर की अगुवाई में ये लड़ाई लड़कर जितने का काम किया।उसी प्रकार मिस्त्र की बन्धुवाई में इस्त्राइल के लोग बिना लाठी डंडे के जीते।उसी प्रकार झारखंड में भी हमलोग बिना आंदोलन, बिना लड़ाई झगड़ों के जो आदेश चर्च और गोरेटो को ध्वस्त करने का नीति को खत्म करने का काम किये, ईसाई आदिवासी को आदिवासी सुची से बाहर करने के षड्यंत्र को बिफल करने का काम किये।जाती प्रमाण पत्र में धर्म का कॉलम लाया गया था, जिससे कि मसीही समाज के लोगों को नौकरी से वंचित किया जा सके। उस नीति को भी बिफल किया गया। अल्पसंख्यक बिद्यालयो में शिक्षकों का बहाली रोककर उन बिद्यालयो को बंद करने का षड्यंत्र रचा गया था, इस षड्यंत्र को भी बिफल किया गया।ये सभी सफलता बिना आंदोलन बिना लड़ाई के हुआ।ये सभी बातें प्रार्थना के बदौलत हुआ। इसीलिए हम सभी को इसी रास्ते से लड़ाई लड़नी चाहिए और लोगों को आध्यात्मिक रूप से मजबुत करने का काम करना है।सभी लोगों के ईस्वर के प्रति बिस्वास को मजबूत बना कर प्रार्थना को ही अपना मुख्य हथियार बनाकर सभी प्रकार के असवैंधानिक नीतियों को निरस्त करने का काम करना होगा। मौके पर कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष सुलभ डुंगडुंग, मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी, मीडिया प्रभारी अमृत डुंगडुंग, फादर ब्रिसयूस तिर्की, फादर फुलजेम्स बुढ़, फादर एडवर्ड, फादर सेबेस्टियन, बिधायक जी की धर्मपत्नी बिनीता कोनगाड़ी, अमृत आईन्द, सुम्मेलन मिंज, फ्रांसिस, दयामनी तिर्की, अर्पिता, प्रभा होरो, प्रतिमा, फुलजेम्स कंडुलना, शैलेश बा सहित सभी मंडली के पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## हाथियों का झुंड पुनः आगमन होने से ग्रामीणों में दहशत



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत भीठा पंचायत के मकुंदा व कचमची इलाके में एक बार फिर मंगलवार की अहले सुबह 17 जंगली हाथियों का झुंड पहुंच गया है। हाथियों की झुंड में चार हाथी के बच्चे भी है। गांव में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई। जब हाथियों के झुंड ने एक-दो शख्स को दौड़ा लिया। शख्स ने जैसे भागकर अपनी जान बचाई। गांव में जंगली हाथियों के झुंड की खबर मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। हाथियों के भंडरा रथ मेले व घनी बस्ती क्षेत्र में पहुंचने की आशंका को देखते हुए वन विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम व भंडरा थाना पुलिस गांव के आसपास लगातार नजर बनाए हुए है। दरअसल मंगलवार की सुबह करीब 17 की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड कैरो होते हुई बंडा गांव पहुंची। देर रात तक ग्रामीण रतजग्गा कर हाथियों को नंदनी डैम की ओर खड़ेड़ा। नंदनी डैम के रास्ते हाथी मकुंदा गांव पहुंची। जहां दर्जनों किसानो के धान बिचड़ा व अन्य फसलों को रौंदते हुए मंगलवार की सुबह तेतरपोका होते हुए कचमची मोहना टोली पतरा मे डेरा डाले हुए है। इलाके में जंगली हाथियों का झुंड और हाथियों की चिंघाड़ सुनकर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसी दौरान हाथी की झुंड में से एक बड़ी हाथी ने इलाके के कई लोगो को दौड़ाया तो लोग जैसे-तैसे भागकर अपनी जान बचाई। हाथियों की वजह से इलाके में आतंक का माहौल बन गया। हाथियों ने मकुंदा, तेतारपोका, कचमची के पास किसानों के फसलों को नुकसान भी पहुंचाया। वनकर्मी नवनीत कुमार ने बताया की हाथी फिलहाल मोहना टोली झाड़ी में है। जिसे देर रात आमलिया जंगल भेजने का प्रयास किया जाएगा। वन विभाग लोगों को हाथी के नजदीक जाने से रोक रही है, परंतु ग्रामीण समझने का नाम नहीं ले रहे है।

## एक बार पुनः कैरो पहूंचे गजराज, मचाया उत्पात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत इन दिनो जंगली हाथियों के झुंड एक बार फिर घूम फिर कर कैरो और आसपास के गाँव में पहुँचकर गरीब का उजाड़ा अशियाना, तो वही किसान का खाया धान का विचड़ा। दिनांक 07 जुलाई की रात्रि से ही हाथियो का झुंड कैरो पहूँचकर कैरो खन्डा निवासी मंगलदेव उराँव का धसाया घर, तो वही 08 जुलाई की रात्रि कैरो एडादोन मे किसान का खाया किसान का धान बिचड़ा, इसके बाद कैरो विद्युत पावर ग्रिड होते हुये हाथियो का झुंड पहुँचा महुवरी जंगल। 09 जुलाई मंगलवार को झुंड से बिछडे 01 हाथी को अपराह्न 2:30 बजे कैरो-चट्टी मार्ग पर नरौली पतरा के पास बीच सड़क मे ग्रामीणो के द्वारा एक हाथी को विचरण करते देखा गया। इस प्रकार पिछ्ले एक महीने से लगातार जंगली हाथियों के झुंड के



प्रखंड क्षेत्र मे मचाए जा रहे उत्पात से जहाँ गरीब का उजड़ रहा है अशियाना, वही किसानों के फसलों की भी हो रही है क्षति। इस प्रकार जंगली हाथियों के झुंड एक बार फिर से घुर फिर कर आने से टाटी, खरता, सढ़ाबे, एडादोन, वकसी, कैरो, गोपालगंज, चाल्हो, महुवरी, खन्डा, नरौली इत्यादि गाँवो के ग्रामीणों मे भय व दशहत का है माहौल, वही हाथियों के डर से इन गाँवो के ग्रामीण रात-रात मे कर रहे हैं रतजग्गा। हालाकि वन विभ्मग की टीम के द्वारा भी जंगली हाथियो को ग्रामीणो से नहीं छेड़ने की दी जा रही है बार बार हिदायत, वही टीम के द्वारा लोगो के वगैर नुकसान के झुंड को सुरक्षित वनक्षेत्र मे भेजने के लिए भी किया जा रहा है लगातार प्रयास।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सालो भर सक्रिय रहने वाला देशव्यापी संगठन है : मनोज्ञा पांडे

### अभाविप राजनीती से उठकर छात्र हीत के लिए है समर्पित : आदित्य साहू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को विश्व के सबसे बडे प्रगतिशील एवं अनुशासित छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा 76 वां स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर बड़े ही धूमधाम के साथ पूरे भारतवर्ष में मनाया गया। इस निमित्त लोहरदगा जिले में एक जागरूकता यात्रा निकाली गई। जिसमें विद्यार्थी परिषद से जुड़े कई छात्र एवं छात्रों ने भाग लिया। जिला प्रमुख मनोज्ञा पांडेय ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वर्ष भर सक्रिय रहने वाला देशव्यापी संगठन है। जिला संयोजक आदित्य साहू ने कहा अभाविप दलगत राजनीति से ऊपर उठकर छात्र हित के लिए समर्पित है। नगर उपाध्यक्ष प्रदीप महतो ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है। इस अवसर पर जय साहू, दिव्या कुमारी, विवेक मिश्रा, सूरज वर्मा, जान्हवी गोयल, छवि सिंह, अनिल कुमार ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक आज



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक आगामी 10 जुलाई दिन बुधवार को 11:00 बजे से समाहरणालय के सामने यूक्लिप्टस मैदान में होगी। उक्त आशय की जानकारी मंगलवार को झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो,सचिव विशेषण भगत, नगर अध्यक्ष रूस्तम खान ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। नेताओं ने कहा है कि जिला समिति की इस बैठक का मुख्य बिंदु केन्द्रीय समिति के वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, महिला संयोजिका समेत कई पदाधिकारी व सदस्यों की गंभीर रूप से बीमार, 2. आंदोलनकारियों की समस्याओं का निराकरण आदि शामिल हैं। इस बैठक में प्रधान महासचिव कयूम खान, सलाहकार समिति सदस्य प्रो. विनोद भगत सहित कई गण्यमान्य भाग लेंगे। नेताओं ने जिले के विभिन्न प्रखंडों व शहरी क्षेत्र के (चिन्हित अथवा अचिन्हित) सभी आंदोलनकारियों से अपील किया है कि निर्धारित स्थान पर ससमय पहुंच कर बैठक को सफल बनाएं। कार्यकारी अध्यक्ष श्री किन्डो ने कहा कि जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं मंत्री दीपक बिरूवा से झारखंड आंदोलनकारी महासभा के प्रतिनिधि मंडल मिल कर 11 सूत्री मांगों पर विमर्श करेंगे। आंदोलनकारी साथियों की जल्द से जल्द चिन्हितीकरण,नियोजन और पेंशन तथा बकाए पेंशन राशि का भुगतान आदि के बारे में विशेष चर्चा की जाएगी।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में इनकोड की जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज एनकोर्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में लोहरदगा जिला में मादक/नशीले पदार्थ का प्रयोग, क्रय-विक्रय एवं अवैध खेती पर रोक के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। इसमें नशे की गिरफ्त में आये युवाओं को चिन्हित कर उन्हें नशा उन्मूलन केंद्र भेजे जाने आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई और पदाधिकारियों को निदेश दिये गये। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा नशा उन्मूलन के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुजाता कुजूर, सामान्य शाखा प्रभारी पदाधिकारी अभिनीत सूरज समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## किस्को प्रखंड आंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू का धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी केंद्र द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के तहत आज किस्को एवं पेशरार प्रखंड में आजसू पार्टी के द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन किया गया धरना प्रखंड मुख्यालय में संपन्न हुआ। धरना को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की धर्मपत्नी श्रीमती नीरू शांति भगत ने कहा कि समस्त प्रखंडों में भ्रष्टाचार व्याप्त है गरीबों का सुनने वाला कोई नहीं है अगर अधिकारी अपनी कार्यशैली का बदलाव नहीं करते हैं तो आजसू पार्टी प्रखंड कार्यालय का घेराव करेगी और जोरदार आंदोलन करेगी। धरना को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव अंजू देवी ने कहा कि चाहे जमीन दाखिल खारिज का मामला हो मोटेशन का मामला हो एलपीसी का मामला हो पंजी टू में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या हो सभी समस्याओं से जनता त्रस्त है और बिना चढ़ावा चढ़ावे कोई कार्य नहीं होता।



जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक कंवलजीत सिंह ने कहा की चाँपानल है तो पानी नहीं है,मनरेगा की स्थिति यह है कि कूप निर्माण की राशि अभी तक लाभुको को नहीं दी जा रही जबकि बरसात शुरू हो गई है। केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा की छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति हेतु जाति आय आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है उसमें शीघ्रता लाई जाए और बैंकों को भी अपनी कार्यशैली में सुधार करना चाहिए। केंद्रीय सचिव अरविंद यादव ने कहा कि सभी किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर किया जाए ताकि खेती किसान ढंग से कर सके। केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव ने कहा कि प्रखंडों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है इसलिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिला प्रधान महासचिव विलियम कुजूर ने कहा कि प्रखंड अंचल कार्यालय में पदाधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति दिनभर सुनिश्चित की जाए। महिला मोर्चा की पदाधिकारी सरस्वती देवी ने कहा कि सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारी एवं उनके परिवार के आश्रितों को प्राथमिकता दी जाए। जिला उपाध्यक्ष महेंद्र महतो ने कहा कि सभी पेंशनधारियों का भुगतान नियमित एवं निर्बाध रूप से किया जाए। किस्को प्रखंड अध्यक्ष शनिचरवा किसान ने कहा कि राशन कार्ड धारी को राशन समय पर आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा राशन में कटौती बंद किया जाए। पेसरार प्रखंड धरना को संबोधित करते हुए प्रखंड के सचिव भरत साहू ने कहा की पीएचडी से कराए गए सभी जलमीनर की अनियमितताओं की जांच होनी चाहिए। केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता ने कहा कि ध्रुवा मोड़ से पाखर तक पथ निर्माण कराया जाए और 15वे वित्त आयोग से सभी पंचायत में योजनाओं का कार्य कराया जाए एवं बकाया राशि का भुगतान लाभुको को किया जाए और अबुआ आवास एवं पीएम आवास में बालू पर रोक हटाया जाए और अबुआ आवास में जो धांधली चल रही है उसको बंद किया जाए।

## शिक्षकों की वरीयता सूची तैयार होने के बावजूद शिक्षकों की प्रोन्नति नहीं होना दर्भाग्यपूर्ण : संघ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** निर्धारित समय पर जिले के शिक्षकों एवं प्रोन्नति हेतु समन्वय में शामिल संगठनों की बैठक रा कस्तुरबा बालिका मध्य विद्यालय लोहरदगा में हुई।बैठक में उपस्थित सभी शिक्षक एवं शिक्षक प्रतिनिधियों ने जिले के वर्षों से लम्बित प्रोन्नति कार्य को यथाशीघ्र निष्पादन हेतु विभाग से की गई मांग पर विभागीय पदाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति सह उपायुक्त महोदय से शीघ्र पहल करने की उम्मीद जताई गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अब जिले में वर्षों से प्रोन्नति की आस लगाए आम अहर्ताधारी शिक्षक अनावश्यक विलम्ब बर्दाश्त नहीं करेंगे। चूंकि शिक्षकों को प्रोन्नति प्रदान करने हेतु आवश्यक जिले की वरीयता सूची भी अनुमोदित होने के साथ ही 31 मार्च 2024 तक का रोस्टर भी क्लीयर हो चुका है। साथ ही इसी अनुमोदित सूची एवं रोस्टर के आधार पर हर बार की तरह इस बार भी विगत 03 जुलाई की स्थापना समिति में वैसे शिक्षकों को प्रोन्नति दे दी गई है जिनके प्रोन्नति देने संबंधित माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश का अनुपालन कर 05 जुलाई को उपस्थिति से बचना था। परन्तु यदि विभाग और जिले के आदरणीय उपायुक्त महोदय की आम शिक्षकों के प्रति यदि मंशा साफ होने के साथ ही इच्छा शक्ति होती तो फिर उक्त स्थापना समिति की बैठक में ही वर्षों से प्रोन्नति की आस जोह रहे आम अहर्ताधारी शिक्षकों को भी प्रोन्नति दी जा सकती थी। आखिर 05 जुलाई तक न्यायालय जाने वाले शिक्षकों के अवमानना वाद के मामले में कोर्ट ने प्रोन्नति देने संबंधित आदेश जब 26 अप्रैल 2024 को ही दिया था, तो फिर इतने दिनों तक विभाग या स्थापना समिति इस पर सजगता क्यों नहीं दिखलाई ! जबकि माननीय उच्च न्यायालय के किसी आदेश में ऐसा नहीं होता है कि आम अहर्ताधारी शिक्षकों को छोड़कर सिर्फ वादीगण को ही प्रोन्नति दी जाए। इसलिए आज की बैठक में पुनः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि 15 जुलाई तक शिक्षा स्थापना समिति की बैठक कर यदि आम शिक्षकों के ग्रेड 4 की प्रोन्नति का निष्पादन नहीं किया गया तो 20 जुलाई से जिले के शिक्षक आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे। पुनः बैठक के उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रोन्नति में अब और विलम्ब न हो इसके लिए लोहरदगा के माननीय सांसद सुखदेव भगत जी से तत्काल मिला जाए,जिसके उपरांत उनके आवास पर बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों ने मुलाकात की। माननीय सांसद महोदय ने जिले के आम शिक्षकों की प्रोन्नति संबंधित विभिन्न तकनीकी पहलुओं सहित शिक्षकों की बातों को ध्यान से सुना और इसपर तत्काल पहल करने का आश्वासन उनके ओर से दिया गया।

## जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद की हुई बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रीना कुमारी, अध्यक्ष, जिला परिषद की अध्यक्षता में आज मंगलवार को बैठक जिला परिषद कार्यालय,स्थित सभाकक्षा में आयोजित हुई। बैठक में फरवरी माह में हुई जिला परिषद की बैठक दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिये गये। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा निर्धारित मात्रा के कम तौल कर दिये जानेवाले जनवितरण प्रणाली दुकानदार और किस्को प्रखण्ड में लाभुक का अंगूठा लिये जाने का बावजूद राशन नहीं दिये जाने की समस्या से अवगत कराया। किस्को प्रखण्ड के बिरहोर टोली में मिनी आंगनवाड़ी केंद्र की मांग की गई और मर्ज किये गये विद्यालय के कारण बच्चों को हो हरी परेशानी से अवगत कराया। जिला परिषद सदस्यों द्वारा हर घर नल योजना की शिकायत पर सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को योजना की जांच



किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, शिकायत संबंधी योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। सदस्य, सेन्हा द्वारा चंदवा में महादेव मंदिर के पास बने रेलिंग में क्षति पहुंचने की समस्या से अवगत कराया गया। विधायक प्रतिनिधि द्वारा प्रखण्डों में अवस्थित पुस्तकालय में लाईब्रेरियन की आवश्यकता से अवगत कराया गया। इस बिंदु पर उप विकास आयुक्त द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को प्रखण्ड के एक कर्मी को इसके लिए प्रतिनियुक्त कर उसका नाम व मोबाईल नंबर सूचना पट्ट पर अंकित करने का निदेश दिया गया। प्रखण्ड प्रमुख कुडू और कैरो द्वारा अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुकों को लाभ दिये जाने की अपील की गई जिसमें उप विकास आयुक्त द्वारा अबुआ आवास योजना में पूरी पारदर्शिता बरते जाने और इस योजना में योग्य लोगों को ही प्राथमिकता दिये जाने की जानकारी दी गई। प्रमुख,कैरो द्वारा बैंक ऑफ इंडिया में लाभुकों का केवाईसी नहीं किये जाने की जानकारी दी। बड़ागाई में जर्जर आंगनवाड़ी केंद्र की जानकारी दी गई। बैठक में जिला परिषद कार्यालय लोहरदगा में कार्यरत कर्मियों के संविदा विस्तार व मानदेय वृद्धि पर भी चर्चा की गई और आवश्यक निर्णय लिये जाने पर सहमति बनी।

## आम उत्सव सह बागवानी मेला का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखण्ड परिसर में सोमवार को एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। आम उत्सव सह बागवानी मेला में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँवों के आम बागवानी लाभुकों ने अपने-अपने बागवानी से अलग अलग प्रकार का आम लेकर आये और प्रदर्शन किया। किसानों द्वारा आम्रपाली, दशहरी, लँगड़ा, बारहमासा, हिमसागर आदि किस्मो के आम का फल लाये थे। वही प्रमुख फुलझरी देवी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, बीपीओ रघुनाथ मुंडा तथा जेएसएलपीएस के जयन्त कंडुलना द्वारा स्टॉल का निरीक्षण किया गया। बीडीओ संग्राम मुर्मू ने कहा की सरकार द्वारा आम बागवानी को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण



किसान सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लें और अपना आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। वही बागवानी के लाभुकों ने जानकारी देते हुए बतलाया कि हम लोंगो ने मनरेगा के तहत एक एकड़ तथा दो एकड़ जमीन पर 100 से 120 आम पेड़ लगाये जिसे शुरू-शुरू में थोड़ा बहुत तो हिचकिचाहट हो रही थी लाभ होगा कि नही सोचकर लेकिन जैसे-जैसे फल आने लगा तो खुशी का एहसास होने लगा। आज प्रत्येक वर्ष 60 दे 80 हजार रुपये तक की आमदनी हो रही है। साथ ही किसानों ने कहा कि मनरेगा से आम बागवानी का कार्य हुआ है जिसे अच्छी आमदनी हो रही है। मौके पर सुजीत उराँव, नागमनी उराँव, ओमप्रकाश साहु, गुहा उराँव, रिझवान अख्तर के अलावे अन्य प्रखंड कर्मी व किसान उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### पतंजलि ने 14 उत्पादों के लाइसेंस रद्द होने के बाद बिक्री पर रोक लगाई

**नई दिल्ली :** पतंजलि आयुर्वेद ने कहा है कि उसने उन 14 उत्पादों की बिक्री रोक दी है जिनके लाइसेंस उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने रद्द कर दिए थे। पतंजलि ने ये जानकारी मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस हीमा कोहली की अध्यक्षता वाली बेंच को दी। सुप्रीम कोर्ट ने कथित भ्रामक विज्ञापन मामले में वकील शादान फरासत को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया है। मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी।कोर्ट को बताया गया कि आईएमए के अध्यक्ष अशोकन ने कोर्ट को लेकर दिए गए अपने बयान के लिए बिना शर्त माफी मांग ली है। कोर्ट को सूचित किया गया कि उत्तराखंड की आयुष विभाग द्वारा हलफनामा दाखिल कर दिया गया है। 30 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने दवाओं के भ्रामक विज्ञापन के मामले पर सुनवाई करते हुए बाबा रामदेव और बालकृष्ण की तरफ से प्रकाशित माफीनामा की भाषा पर संतोष जताया था लेकिन उनके वकीलों की तरफ से अखबार का पूरा पन्ना रिकॉर्ड पर न रखने पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने अखबार का पूरा पन्ना दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण को आगे की सुनवाई में व्यक्तिगत पेशी से छूट दे दी थी।सुनवाई के दौरान पतंजलि के वकील मुकुल रोहतगी ने बताया था कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष ने इंटरव्यू देकर पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट की तरफ से एलोपैथी डॉक्टरों के बारे में की गई टिप्पणी की आलोचना की थी। जजों ने इसे रिकॉर्ड पर रखने को कहा था।

### मुंबई के 7 रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने का प्रस्ताव विधान परिषद में मंजूर

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधान परिषद् में मंगलवार को मुंबई के सात रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने के प्रस्ताव को एकमत से मंजूरी दे दी गई। इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद इन सातों रेलवे स्टेशनों के नाम बदले जा सकेंगे। मंत्री दादा भूसे ने मंगलवार को विधान परिषद में मुंबई के सात रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इनमें सेंट्रल रेलवे के 2, वेस्टर्न रेलवे के 2 और हार्बर रेलवे के 3 स्टेशनों के नाम शामिल हैं। इस प्रस्ताव को विधान परिषद की उप सभापति नीलम गोरहे ने विधान परिषद सभागृह में मंजूरी के लिए रखा। सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति व्यक्त की। प्रस्ताव को विधान परिषद् में मंजूरी मिल जाने के बाद अब इसे मंजूरी के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा। इस प्रस्ताव में मध्य रेलवे पर करी रोड रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर लालबाग और सैंडहर्स्ट रोड रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर डोंगरी करना प्रस्तावित है। पश्चिम रेलवे पर मरीन लाइन्स रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर मुंबादेवी और चर्नी रोड रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर गिरगांव रेलवे स्टेशन किया जाना प्रस्तावित है। हार्बर रेलवे लाइन पर कॉटन ग्रीन रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर कालाचौकी, डॉकयार्ड रोड रेलवे स्टेशन का नाम मझगांव और किंग्स सर्कल रेलवे स्टेशन का नाम तीर्थंकर पार्श्वनाथ रेलवे स्टेशन किया जाना प्रस्तावित है।

# मॉब लांचिंग के दोषी बक्शे नहीं जाएंगे : हिदायतुल्लाह खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हाजी हिदायतुल्लाह खान की अध्यक्षता में टीम रांची जिला के पिठोरिया थाना अंतर्गत काटमकुली गांव पहुंची। आयोग की टीम में आयोग के अध्यक्ष के साथ आयोग के सदस्य बरकत अली भी शामिल थे। गांव के युवक अख्तर अंसारी की 6 जुलाई की रात नामकुम अथवा टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी।आयोग की टीम ने जांच के क्रम में मृतक के घर जाकर परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए भरोसा दिलाया कि झारखण्ड की हेमन्त सोरेन सरकार में किसी के साथ भी नाइंसाफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी,जो भी इस घटना में दोषी हैं, वे बख्शे नहीं जाएंगे।सबको जरूर से जरूर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि इस संबंध में प्रशासन से भी लगतार संपर्क में हूं और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के साथ-साथ मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहायता दिलाने हेतु प्रयासरत हूं। आगे कहा कि इस तरह की घटना समाज में अति निंदनीय है, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए वो कम है। किसी भी व्यक्ति या समूह को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार हमारा संविधान नहीं देता है।

## अग्नि तपस्या का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिद्वार :** रुढ़की के मोहनपुरा स्थित आश्रम में गत 41 दिनों से योगी मौनीनाथ महाराज विश्वकर्मा शंकराचार्य बाबा मौन व्रत कर अग्नि तपस्या में बैठे थे। अग्नि तपस्या का समापन होने पर भव्य यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जगद्गुरु शंकराचार्य, विभिन्न स्थानों से आए संतों एवं अतिथियों ने भाग लिया।

योगी बाबा ने कहा कि जनकल्याण के लिए वह प्रत्येक वर्ष तपस्या करते हैं, जिसमें 41 दिनों तक अग्नि की तपस के बीच बैठकर ईश्वर की प्रार्थना की जाती है। पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के पोते इंद्रजीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार के संतों के कारण आज धर्म को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कोई भी व्यक्ति जिस धर्म से भी जुड़ा है उसे अपने धर्म के प्रति समर्पित होना चाहिए। जगद्गुरु विश्वकर्मा शंकराचार्य दिलीप योगीराज इस प्रकार के योग तपस्या से जहां लोग धर्म की ओर अग्रसर होते हैं वहीं लोग नकारात्मकता से दूर होकर सकारात्मक ऊर्जा की ओर बढ़ते हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गौरव कौशिक, पार्षद मयंक पाल, सुशील चौहान, अश्वनी भारद्वाज, केडी धीमान, प्रदीप पाल, इंद्रपाल सिंह, राम, दीपक धीमान, सुमित धीमान, सतीश त्यागी, वंश धीमान, मानू, पवन, अमितनाथ, भूपेंद्र नाथ, योगेंद्र नाथ, हिमांशु, सोहनलाल भगत, शानू, भोला, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## नक्सलियों के आज के बंद के मद्देनजर पुलिस अलर्टः डीजीपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के कोल्हान में नक्सलियों के 10 जुलाई को बुलाये गए बंद के मद्देनजर झारखंड पुलिस अलर्ट पर है। बंद को लेकर झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि लगातार अपने प्रभाव क्षेत्र में हार की वजह से नक्सली बौखलाए हुए हैं। यही वजह है कि अब बंद का ऐलान कर रहे हैं। बंद को लेकर झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट पर है। पुलिस कोल्हान में लगातार अपने आप को और मजबूत कर रही है। भाकपा माओवादियों के दक्षिणी जोनल कमेटी के प्रवक्ता अशोक ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए बंद का ऐलान किया है। प्रेस रिलीज में यह कहा गया है कि झारखंड पुलिस और अर्धसैनिक बलों के द्वारा ऑपरेशन क्लीन चलाकर हमारे छह साथियों को बर्बर तरीके से मार डाला गया। पुलिस के इस नरसंहार के खिलाफ 10 जुलाई को कोल्हान बंद का ऐलान किया जाता है।बंद के दौरान प्रेस, चिकित्सा, एंबुलेंस, बच्चों और मरीजों के अलावा इमरजेंसी सेवाओं को नक्सलियों ने मुक्त रखा है। दूसरी ओर, पश्चिम सिहभूम (चाईबासा) जिले के चक्रधरपुर सोनुआ मुख्य मार्ग के रंगामाटी क्षेत्र में नक्सलियों ने माओवादी पोस्टर और बैनर लगाकर 10 जुलाई की बंद को सफल बनाने का आह्वान किया है।पोस्टर में लिखा है कि नक्सलियों ने कोल्हान सारंडा लिपुंगा के शहीद वीरांगनाओं को शत-शत लाल सलाम। मार का बदला मार है। खून का बदला खून। निवेदक में दक्षिण जोनल कमेटी भाकपा माओवादी लिखा है। इसी तरह पोस्टर में नक्सलियों ने नक्सल विरोधी अभियान का विरोध किया है।

## अगर मेरे विभाग का कोई अधिकारी डरते हैं या भाजपा के एजेंट है तो दूसरे विभाग में चलें जाए : इरफान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर सचिव विनय कुमार चौबे ने बूके देकर स्वागत किया। इस यादगार पल में डॉ इरफान के साथ कोलकाता कैसे कांड में फंसे दोनों साथी विधायक खिजरी विधायक राजेश कच्छप, कोलेबिरा विधायक नमन विल्सन कोंगाडी उपस्थित थे। पदभार के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं जो कुछ मीडिया का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग कार्य विभाग और पंचायती राज तीनों विभाग की जिम्मेदारी मिली है, समय कम है जिम्मेदारियां बड़ी है , और जिस तरह से इस विभाग पर ईडी , भाजपा के लोगों की नजर हैं, दूरबीन लेकर घूम रहे हैं, चादर ओढ़ कर अंचल कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं इन सबका पर्दाफाश होगा। मैं सभी जगहों पर घूम घूम कर समीक्षा करुंगा। साथ ही जो काम रुका पड़ा है उसे तुरंत चालू किया जायेगा। आगे कहा कि हमारे इस विभाग के कई पदाधिकारी डरे हुए हैं या फिर भाजपा के लिए काम करते हैं, तो ऐसे लोगों से मेरा अनुरोध होगा कि वह लिख कर दें कि वह काम करना नहीं चाहते हैं, वह दूसरे विभाग में जा सकते हैं। हमारे यहां निर्भीक और स्वतंत्र होकर राज्य विकास में, जनता हित में काम करना होगा। साथ उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के लोगों ने खासकर भाजपा नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक भानु प्रताप अगर मेरे विभाग में अगर काम लेने आयेंगे तो उन्हें लिख कर देना होगा कि गलत बयानी नहीं करेंगे । उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण विकास का कोई भी काम नहीं रुकेगा । सड़क , पुलिया सब का काम होगा। साथ ही यह भी देखना होगा कि किस तरह से एचईसी क्षेत्र में आदिवासियों की जमीन है, लेकिन आज वे कितने गरीब है, हड़िया, दारु बेचने पर मजबूर हैं, उन आदिवासियों की जमीन लूटकर उद्योगपति और करोड़पति बन बैठे ही बीजेपी वाले यह नहीं चलेगा।

# भाजपा का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के सभागार में भारतीय जनता पार्टी का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक नीरा यादव उपस्थित रही।सांसद विष्णुदयाल राम,पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी सहित कई नेता शामिल हुये। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दिप प्रज्ज्वलित कर किया उसके बाद कोडरमा विधायक नीरा यादव,सांसद विष्णुदयाल राम,पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी,भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो ने सभा को संबोधित भी किया एवं विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया मुख्य अतिथि नीरा यादव ने कहा जिस तरह से कार्यकर्ताओ ने लोकसभा चुनाव दिन रात मेहनत कर पार्टी को जीत दिलाई है इस सिलसिला को रुकने नही देना है और लोकतंत्र का दूसरा पर्व विधानसभा चुनाव अभी बाकी है पहले पर्वत हम बना चुके हैं लेकिन दूसरा भी बाकी है और इस पर्व में भी कार्यकर्ताओं को की जान से मेहनत कर विधानसभा में जीत दर्ज करनी है और झारखंड में भाजपा की सरकार बनानी है।

बीजेपी ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं के मान सम्मान को सर्वोपरि रखती है। पलामू लोकसभा चुनाव 2024 में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले बुथ कमेटी के सभी बूथ टॉपर्स को अंगवस्त्र व बैग देकर सम्मानित किया गया। मौके पर भोला चंद्रवंशी, रूपा सिंह संध्या सिंह,सुनील पासवान जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,डॉ बीपी शुक्ला अभिमन्यु तिवारी विश्रामपुर विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा के कई नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

### परीक्षा देने जा रहे झज्जर के तीन युवक कुरुक्षेत्र में जिंदा जले

**चंडीगढ :** कुरुक्षेत्र जिले के अंतर्गत आते नेशनल हाइवे 152डी पर सोमवार की रात हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवक जिंदा जल गए जबकि एक बुरी तरह से झुलस गया। हादसे के शिकार तीनों युवक झज्जर के रहने वाले हैं और मंगलवार को उनका हिमाचल प्रदेश में पेपर था। इसके लिए वह एक ही कार में सवार होकर शिमला के लिए निकले थे। हादसा सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में कार के टकराने से हुआ है। ट्रक चालक मौके से फरार है। पुलिस ने लाशों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। झज्जर के गांव मंजपुरा का आशीष और उसके 3 दोस्त स्विफ्ट कार में सवार होकर परीक्षा देने हिमाचल प्रदेश जा रहे थे। देर रात एनएच 152डी पर गांव मुर्तजापुर के पास उनकी कार एक ट्रक के पीछे जाकर टकरा गई, जिससे उनकी कार में आग लग गई।

## कुल्लू में कूड़ा संयंत्र केंद्र के लिए वन भूमि से ली जाएगी जमीन : कंगना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुल्लू :** कुल्लू शहर में लंबे समय से कूड़ा संयंत्र केंद्र स्थापित करने के लिए नगर परिषद को विरोध का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद द्वारा शहर के समीप मोहल में कूड़ा संयंत्र केंद्र स्थापित किया गया था जिसे ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों के बाद बंद कर दिया गया था। मंडी लोक सभा सांसद कंगना रनौत ने मंगलवार को डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश से मुलाकात की ओर इस समस्या के समाधान के लिए जरूरी विषयों पर चर्चा की।दरअसल, नगर परिषद द्वारा सरवरी स्थित नेहरू पार्क में कूड़ा संयंत्र लगाए जाने की एक योजना तैयार की गई जिसके विरोध के लिए स्थानीय लोग डीसी कुल्लू से मिले और उसके बाद सांसद कंगना ने उनसे मिलकर कहा कि कूड़ा संयंत्र स्थापित करने के लिए किसी से भूमि जबरन नहीं ली जा सकती। मनाली में भूमि की व्यवस्था हो जाएगी तो वहीं मणिकर्ण में भी भूमि मिल जाएगी। कुल्लू शहर में कूड़ा संयंत्र केंद्र के लिए वन विभाग से भूमि की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए जरूरी प्रयास किए जाएंगे। वह भूमि की व्यवस्था के लिए लोक सभा में भी पक्ष रखेंगी।सांसद ने कहा कि मनाली में कूड़ा संयंत्र केंद्र है ही कहां। कूड़ा फेंको और चले गए। हम व्यास नदी का पानी पीते हैं और कचरे से निकलने वाला जहरीला केमिकल नदी में मिल रहा है। उन्होंने कहा इंदौर की तर्ज पर कुल्लू में भी आधुनिक कूड़ा संयंत्र केंद्र स्थापित करने के प्रयास तेज किए जाएंगे।

# पहाड़ी एरिया में भी बने जलमीनार : अरुणा शंकर

### पंपूकल सप्लाई से पंपूकल एरिया को भी पानी मिले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मेरे कार्यकाल का फेस 2 शहरी जलापूर्ति योजना का कार्य लगभग शुरू हो चुका है। कुछ विवाद के चलते रुका पड़ा था। जिसका समाधान सांसद ने निकाल लिया। मुझे पूरा विश्वास है कि अगले वर्ष तक कई घरों में पानी मिलने लगेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि कल सांसद बीडी राम स्वयं साइट पर गए थे। जहां कुछ विवाद था। जिसका निष्पादन लगभग हो गया है। मैं भी सांसद से अनुरोध करूंगी कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जो शहर का अति महत्वाकांक्षी योजना फेज।टू शहरी जलापूर्ति योजना का भी काम बाधित न हो और बच्चों के लिए खेलकूद स्थान भी सुरक्षित रहे। साथ ही हम हिंदुओं का पूजा स्थान को भी डिस्टर्ब ना किया जाए। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं सांसद से यह भी अनुरोध करूंगी कि पहाड़ी एरिया जहां काफी संख्या में मुस्लिम और कुछ हिंदू भाई भी रहते हैं। साथ ही हिंदुओं का श्मशान घाट भी है, उस एरिया में भी एक जलमीनार बनवाइ जाए। ताकि नदी के तट पर बसे पहाड़ी के भाइयों को शुद्ध पानी मिल सके। प्रथम महापौर ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि पंपू कल जहां से पूरे शहर को पानी सप्लाई होता है, वहीं के स्थानीय लोगों को पप्पू कल के पाइप लाइन से पानी नहीं मिलता। जबकि पाइपलाइन बिछा हुआ है। पहले उस पाइप लाइन में पानी सप्लाई होता था। मैं नगर आयुक्त से भी अनुरोध करूंगी कि प्राथमिकता में पंपु कल एरिया में पानी सप्लाई शुरू कराई जाए।

# डीपी ज्वेलर्स का हुआ खुलासा 8 आरोपी गिरफ्तार हेलमेट गिरोह का पहली बार हुआ पर्दाफाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** करीब एक दो सालों से झारखंड बिहार में हेलमेट पहन कर कई अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया गया , जिसमें पुलिस को ऐसे अपराधियों की पहचान करने में काफी मुश्किलें आई, जिस कारण से संभवत हेलमेट पहन कर घटना को अंजाम देने वालों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। लेकिन रांची एसएसपी चंदन सिन्हा , सिटी एसपी राजकुमार मेहता और उनकी पूरी टीम ने इस ब्लाइंड घटना का खुलासा कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसमें रांची पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है । एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि बीते 28 जून 2024 को जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स में हेलमेट पहनकर लूटपाट की गई थी और संचालक को गोली मार कर घायल कर दिया था और जेवर, पैसे लूटकर फरार हो गया था। इस मामले को खुलासा को लेकर एसआईटी गठन किया गया था। जिसमें विकास और विक्की जो पलामू का रहने वाला है, उसने जेवर को सुभाष नगर बाजार में छुपा रखा था। वही शशि भूषण प्रसाद और पिंटू पलामू, विवेक कुमार पलामू, पंकज कुमार पलामू, अभिरंजन कुमार पलामू, मुकेश कुमार गढ़वा, सूरज विश्वकर्मा पलामू, रितेश वर्मा पलामू सभी को पुलिस ने एक-एक कर गिरफ्तार कर लिया है । इन लोगों ने दलादीली के पास मोटरसाइकिल और मोबाइल लूटा था उसे भी जब्त किया गया है। आगे बताया कि इन लोगों के पास से दो हेलमेट ,सफेद शर्ट, काला रंग का जूता , आसमानी रंग का जींस, सुभाष नगर बाजार से छिपा कर रखे घटना के समय लाल रंग का शर्ट, काला रंग का जूता , 66000 रुपए, एक लोडेड देशी कट्टा , कुल चार गोली, तो मोबाइल विभिन्न प्रकार के सोने जैसा जेवर कुल 420 ग्राम, चांदी 66 ग्राम , फर्जी आधार कार्ड , डायमंड अपार्टमेंट पुंदाग ओपी क्षेत्र में छिपा के रखा था, पिस्तौल दो गोली ,10 कांटा, दो गोली, दस चांदी का जेवर, विभिन्न प्रकार का 8 . 500 किलोग्राम चांदी का जेवर 25000 , 9 पीस मोबाइल, रामपुरी चाकू दो पीस, फर्जी आधार कार्ड बरामद किया। इस पूरे छापेमारी दल में सभी पुलिसकर्मियों ने काफी मेहनत की और सभी को सम्मानित किया जाएगा।

**छापामारी दल में शामिलः** मुख्य रूप से पुलिस अवर निरीक्षक अशोक प्रसाद जगन्नाथपुर थाना, विनोद कुमार शाह जगन्नाथपुर थाना, राजेंद्र राणा जगन्नाथपुर थाना, ऋषिकेश कुमार सिंह जगन्नाथपुर थाना, कृष्ण कुमार तिवारी प्रभारी पुंदाग ओपी, गौतम कश्यप एयरपोर्ट थाना प्रभारी , दुलाल कुमार महतो पुंदाग ओपी , संजीव कुमार प्रभारी खडगढ़ा ओपी , भीम सिंह पुंदाग ओपी, निशा कुमारी पंकज कुमार, धुर्वा थाना लव कुमार धुर्वा थाना, नागेश्वर कुमार कोतवाली थाना, सहायक अवर निरीक्षक तकनीकी प्रभारी शाह फैसल, सहायक अवर निरीक्षक बलिंदर कुमार तकनीकी शाखा, आ . आजमात अंसारी तकनीकी शाखा , आ प्रवेश कुमार तकनीकी साखा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के क्याआरटी टीम एवं सशस्त्र बल जगन्नाथपुर थाना शामिल थे।

**हेलमेट गैंग का पहली बार हुआ खुलासा :** हेलमेट गैंग का पता बड़ी मुश्किल से एसएसपी ने खोज निकाला है, जिसका नाम सुबोध सिंह है। और वे पटना के बेउर जेल में बंद है , उसी के इशारे पर कि हेलमेट पहनकर घटना को अंजाम दोगे तो चेहरा न सी सी टीवी फुटेज में आएगा और ना ही कोई पहचान पाएगा और इसी तरह डेली मार्केट थाना क्षेत्र में 2022 में पॉल ज्वेलर्स में भी हेलमेट पहन कर ही ज्वेलर्स के मालिक को गोली मारी गई थी , जिसका उद्भेदन आज तक नहीं हुआ।